▶▶ वर्ष 72 ▶▶ अंक 260 ▶▶ पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 18 जून, 2025
▶▶ आषाढ़ कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
▶▶ नगर ▶▶ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

शांति बल से नहीं, समझ से स्थापित होती है। शांति संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण तरीकों से संघर्ष को संभालने की क्षमता है।
- जे. कृष्णमूर्ति

# इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा, ईरान ने उड़ाया मोसाद का मुख्यालय

## अमेरिका ने पश्चिम एशिया में मौजूद अपने जंगी जहाजों को किया अलर्ट, जी-7 इजराइल के साथ

**तेहरान/तेल अवीव, जेएनएन।** इजराइली हवाई हमले में ईरान के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गई है। शादमानी ईरान की खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स यानी सैन्य आपात कमान के हेड थे। उन्होंने 4 दिन पहले ही यह पद संभाला था। उन्हें 13 जून को इजराइली हमले में मारे गए मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह यह जिम्मेदारी दी गई थी। अमेरिका ने भी पश्चिम एशिया में मौजूद अपने जंगी जहाजों को अलर्ट कर दिया है।

उधर, ईरान ने इजराइल पर जोरदार पलटवार किया। उसने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी एएमएएन की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया। दोनों इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है।

ईरान ने इजराइल के तेल अवीव, येरूशलम और डिमोना परमाणु रिएक्टर को भी निशाना बनाया। इन हमलों में घातक मिसाइलों का प्रयोग किया गया। इन मिसाइलों में फतह-1, फतह-2, खोरमशहर-4, इमाद और कद्र जैसी बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल थीं, जिनमें से कुछ हाइपरसोनिक थीं। इनकी गति 15000-18500 किमी/घंटा थी, जो इजराइल की रक्षा प्रणालियों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुईं। यह इजराइल सरकार ने स्वयं माना है कि ईरानी मिसाइलें 30 जगहों पर गिरीं।



### जी-7 का बयान, ईरान को किसी कीमत पर नहीं बनाने देंगे परमाणु हथियार

जी-7 देशों ने इजराइल और ईरान के संघर्ष पर महत्वपूर्ण संयुक्त बयान जारी किया। इस बयान में उन्होंने मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही कहा कि इजराइल को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है। जी-7 देश इजराइल की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध हैं। बयान में ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंकवाद का प्रमुख स्रोत बताया गया और कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाने दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि परमाणु हथियार रखने वाले देश को गंभीर होना चाहिए। ईरान एक धार्मिक कट्टरपंथी और गैर-जिम्मेदार देश है।

### ईरान से अर्मेनिया पहुंचे 110 भारतीय छात्र, आज विमान से आएंगे दिल्ली

मंगलवार को तेहरान से भारतीय छात्रों का पहला जत्था अरमेनिया पहुंच गया है। 110 भारतीय छात्र जमीनी रास्ते से अरमेनिया में दाखिल हुए। वे बुधवार को दिल्ली के लिए विमान से रवाना होंगे। ये छात्र तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज और इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे। तेहरान में करीब 1500 भारतीय छात्र हैं। इससे पहले तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों आपातकालीन हेल्पलाइन शुरू कर दी है। इसके नंबर प्लस 989010144557, 989128109115, 989128109109 हैं। दूतावास ने एडवायजरी जारी भारतीयों से तेहरान छोड़ने को भी कहा है।

### हमें सीजफायर नहीं, लड़ाई का असली अंत चाहिए: ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को जो बयान दिया, उससे जंग और भड़कने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कनाडा में हुए जी-7 सम्मेलन से जल्दी लौटने के बाद एयर फोर्स वन में पत्रकारों से चर्चा में कहा, हमें कोई सीजफायर नहीं चाहिए, बल्कि इस लड़ाई का असली और अंतिम अंत चाहिए। उन्होंने उन खबरों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि ट्रंप ने शांति के लिए ईरान से संपर्क साधा है। उन्होंने कहा- ये सब पूरी तरह से फर्जी खबरें हैं। ईरान ने पहले जो डील की थी, उसे मान लेना चाहिए था, इससे कई जिंदगियां बच सकती थीं। ट्रंप ने साफ किया कि ईरान की परमाणु हथियारों को हासिल करने की महत्वाकांक्षा को पूरी तरह रोका जाएगा। बता दें कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि ट्रंप सम्मेलन से इसलिए जल्दी जा रहे हैं, क्योंकि वे इजराइल-ईरान युद्ध विराम के लिए काम करना चाहते हैं। ट्रंप ने इस बयान के लिए मैंक्रों पर भी निशाना साधा।

# तेजी से आगे बढ़ रहे मेघ 19 जिलों में पहुंचा मानसून

## राजगढ़ में 4 इंच बारिश, 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट




**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मंगलवार को इसने प्रदेश के 19 जिलों में आमद दे दी। सोमवार को यह चार जिले बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा और खरगौन में था। मंगलवार को इसने इंदौर सहित अन्य 15 जिलों को भी तरबतर कर दिया। राजगढ़ के ब्यावरा में बीते 24 घंटे में करीब 4 इंच पानी बरस चुका है।

मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को मानसून अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, हरदा, उत्तरी खंडवा, बैतूल, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला और डिंडोरी पहुंच चुका है। अगले 24 घंटे में इसके भोपाल सहित आसपास के जिलों में पहुंचने की उम्मीद है। मानूसन की एंट्री के साथ ही प्रदेश के तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। दो दिन से प्रदेश के अधिकतर जिलों में पारा 40 डिग्री से ऊपर नहीं पहुंचा है। मंगलवार को सिर्फ शिवपुरी में पारा 40 डिग्री रहा। जबकि शेष जिलों में पारा 32 से 37 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। पारे में गिरावट के कारण दिन की गर्मी में कुछ कमी हुई है, जिससे लोगों को राहत मिली है।

**इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी:** झाबुआ, उज्जैन, मंदसौर, शहडोल, मंडला। इधर राजधानी भोपाल में मंगलवार को मौसम दोपहर बाद सुहाना हो गया।

### एनसीआर में झमाझम बारिश, 17 राज्यों में मानसून

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में मौसम बदल गया। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में बारिश से लोगों को चिलचिलाती गर्मी और लू से राहत मिली है। गुरुग्राम और रेवाड़ी में भी बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो पूरे हफ्ते मौसम सुहाना रह सकता है। हालांकि, उसने यह नहीं कहा कि दिल्ली-एनसीआर में मानसून आ गया है। देश के 17 राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। बिहार और झारखंड के ज्यादातर हिस्सों में मानसून की बारिश शुरू हो गई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को भी कवर कर लिया है, जबकि पहाड़ी राज्यों में भी बारिश का दौर प्रारंभ हो गया है। मुंबई में मानसून 20 जून के आसपास आएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सेबी ने बीएसई-एनएसई की वीकली एक्सपायरी बदली



**मुंबई, जेएनएन।** सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी ने बीएसई और एनएसई के सभी एफ एंड ओ कॉन्ट्रैक्ट्स की वीकली एक्सपायरी में बदलाव का ऐलान किया है। अब बीएसई पर एक्सपायरी गुरुवार और एनएसई पर एक्सपायरी मंगलवार को होगी। इसके अलावा सेबी ने सभी डेरिवेटिव्स एक्सपायरी के लिए भी एक ही दिन तय किया है। दरअसल, एनएसई ने सेबी से मंगलवार को वीकली एक्सपायरी करने की सिफारिश की थी। सेबी ने एनएसई की सिफारिश के बाद यह फैसला किया है। एक्सपायरी शेयर बाजार में उस तारीख को कहते हैं, जब किसी डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स (जैसे ऑप्शन या फ्यूचर्स-एफ एंड ओ) की वैधता खत्म हो जाती है। उस दिन तक ट्रेडर्स को या तो उस कॉन्ट्रैक्ट को बेचना होता है या उसका सेटलमेंट करना होता है। एक्सपायरी के दिन इन कॉन्ट्रैक्ट्स की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखा जाता है, क्योंकि कई निवेशक अपनी पोजिशन क्लोज करते हैं या रोलओवर करते हैं।

### राजा रघुवंशी मर्डर मिस्ट्री
### मेघालय पुलिस ने किया क्राइम सीन रीक्रिएट

**इंफाल, जेएनएन।** राजा रघुवंशी हत्या मामले में मेघालय पुलिस ने मंगलवार को क्राइम सीन को रीक्रिएट और मीडिया को इस मामले की जानकारी दी। सीन रीक्रिएशन के दौरान सभी आरोपियों को साथ रखा गया। इसके बाद एसपी विवेक सियेम ने कहा कि क्राइम सीन को दोबारा तैयार करना काफी सफल रहा, क्योंकि अब पुलिस को पूरी कहानी स्पष्ट रूप से समझ आ गई। अब राजा की हत्या में इस्तेमाल एक और धारदार हथियार बरामद किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा, अब साफ हो गया है कि तीन वार किए थे। राजा रघुवंशी पर पहला वार विशाल, दूसरा आनंद और आखिरी वार आकाश ने किया था। पुलिस ने यह भी पता कर लिया है कि राजा के मोबाइल के साथ क्या हुआ। उसे पहले सोनम और फिर विशाल ने तोड़ा था। अनुमान लगाया था कि आरोपी कैसे भागे। उन्होंने कहा कि पुलिस अपनी कहानी के हिसाब सबूत जुटाकर दिखाएगी और अदालत से आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जो लोग सोनम को मासूम बता रहे हैं, वे समझ नहीं पा रहे कि वह कितनी शातिर है।



# डीजीसीए की जांच: एयर इंडिया की 6 उड़ानें रद्द

## अहमदाबाद हादसे के बाद से 66 उड़ानें कीं कैंसिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एयर इंडिया को मंगलवार को अपनी सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करना पड़ा। छह उड़ानें इसलिए रद्द की गईं, क्योंकि डीजीसीए ने ड्रीमलाइनर बेड़े की अतिरिक्त जांच के आदेश दिए हैं। वहीं अहमदाबाद से लंदन गैटविक जाने वाली उड़ान विमान उपलब्ध न होने के कारण रद्द की गई।

एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से अब तक एअर इंडिया को 66 उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। मंगलवार को दिल्ली से दुबई, दिल्ली से विएना, दिल्ली से पेरिस, अहमदाबाद से लंदन, लंदन से अमृतसर, बैंगलुरू से लंदन और मुंबई से सैन फ्रांसिस्को उड़ान को रद्द किया गया।

कंपनी ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया और कहा कि उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं। होटल की व्यवस्था की गई है और यात्रियों को रिफंड या मुफ्त में फिर से बुकिंग का विकल्प भी दिया गया है। इधर, डीजीसीए ने देर से उड़ानों और कैंसिलेशन की स्थिति में यात्रियों को हो रही असुविधा को गंभीरता से लिया गया है।



### डीजीसीए ने की एयर इंडिया प्रबंधन संग बैठक

मंगलवार को एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के शीर्ष प्रबंधन के साथ डीजीसीए ने एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन से सीधे बात की गई और उनसे कंपनी की छवि सुधारने के अलावा यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए कहा गया। डीजीसीए के अधिकारियों ने कहा कि किसी भी तकनीकी खामी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और हर विमान को उड़ान से पहले कड़े सुरक्षा मानकों पर खरा उतरना ही चाहिए। निर्देश दिया गया कि उड़ानों के संचालन को और अधिक अनुशासित बनाया जाए।

### इंडिगो फ्लाइट की नागपुर में आपात लैंडिंग

मंगलवार को इंडिगो की उड़ान 6 ई- 2706 को नागपुर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। यह उड़ान मस्कट से दिल्ली जा रही थी। इसका कोचीन में स्टॉप था। वहां से उड़ान भरने के बाद विमान में बम की धमकी मिली, जिसके बाद नागपुर में विमान की आपात लैंडिंग की गई।

# प्रदेश के लोकसेवकों की पदोन्नति का रास्ता साफ

## कैबिनेट ने लगाई मुहर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों को 9 साल बाद पदोन्नति का लाभ मिलेगा। इसके लिए मंगलवार को कैबिनेट ने मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। इससे तकरीबन 4 लाख अधिकारी कर्मचारियों को फायदा होगा। इसमें अनुसूचित जनजाति के लिए 20 एवं अनुसूचित जाति के लिए 16 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

इस प्रस्ताव के जरिए आगामी वर्ष की रिक्तियों के लिए पदोन्नति समिति की बैठक कर चयन सूची बनाए जाने का भी प्रावधान किया गया है। यानी अग्रिम डीपीसी का प्रावधान किया गया है।



### ये निर्णय भी हुए

- 459 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना, संचालन तथा भवन निर्माण के लिए 143 करोड़ 46 लाख रुपए की स्वीकृति।
- मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 5 हजार 163 करोड़ रुपए का अनुमोदन।

कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बार में नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि पदोन्नति संबंधी नियम बनाते वक्त सरकार ने सभी तरह की बारीकियों का ध्यान रखा है। जहां वरिष्ठता का ध्यान रखा गया है, वहीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोकसेवकों को भी मेरिट के आधार पर पदोन्नति प्राप्त करने का अवसर दिया गया है। मेरिट के अनुसार न्यूनतम अंक लाने वाले लोक सेवक पदोन्नति के पात्र होंगे। प्रथम श्रेणी के लोक सेवकों के लिए मेरिट कम सीनियरिटी का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस फैसले से नई भर्ती के दरवाजे खुलेंगे। हमने इस ओर भी ध्यान दिया कि बंद लिफाफे वाले अधिकारी-कर्मचारी पदोन्नति से वंचित न रहें। एक रिव्यू डीपीसी की भी व्यवस्था की जाएगी। यदि किसी कर्मचारी-अधिकारी का कारण बताओ नोटिस की वजह से लिफाफा बंद किया जाता है, तो यह पता लगाया जाएगा कि क्या लोकसेवक अपात्र है। नवीन पदोन्नति नियमों में परिभ्रमण की व्यवस्था समाप्त की गई है। इससे पदोन्नति के लिए अधिक पद हो सकेंगे।

विजयवर्गीय ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी के लिए अंक व्यवस्था नहीं होगी, केवल पदोन्नति के लिए उपयुक्त होने पर ही पदोन्नति मिल जाएगी। अर्हकारी सेवा के लिए किसी वर्ष में की गई आंशिक सेवा को भी पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा। यदि किसी वर्ष में 6 माह का ही गोपनीय प्रतिवेदन उपलब्ध है तो उसे पूर्ण वर्ष के लिए मान्य किया जा सकेगा।

### आंधा: पति ने कर्ज नहीं चुकाया, पत्नी को पीटा

**चित्तूर, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के नारायणपुरम में कर्ज न चुकाने को लेकर हुए विवाद के बाद एक महिला को पेड़ से बांध दिया गया। उसे ग्रामीणों ने सार्वजनिक रूप से अपमानित भी किया। यह गांव सीएम चंद्रबाबू नायडू के विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है। पीड़ित महिला का नाम सिरीशा बताया गया है। वह सोमवार को अपने बच्चों के स्कूल से टीसी लेने के लिए बंगलूरू से गांव लौटी थी, तभी स्थानीय लोगों ने पति के उधार के बारे में पूछा। फिर पेड़ से बांधा और पैसे चुकाने के लिए अपने पति को बुलाने के लिए कहा।



# इंदौर में नगर निगम अफसर के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू का छापा

## वेतन मिला 15 लाख, संपत्ति बनाई 1 करोड़ 75 लाख की

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की इंदौर यूनिट ने मंगलवार को नगर निगम के उद्यान अधिकारी चेतन पाटिल के ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। ईओडब्ल्यू की टीमों ने पाटिल के भानगढ़ स्थित निवास और नगर निगम कार्यालय में एक साथ छापा मारा, जिसमें करोड़ों रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिली है। चेतन पाटिल पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचार के जरिए स्वयं और अपनी पत्नी, भाई के नाम पर करोड़ों रुपए की चल-अचल संपत्ति बनाई। इसमें पॉश कॉलोनी में दो मंजिला मकान, 3 प्लॉट, सोने के जेवर, बैंकों में जमा नकदी और लाखों के इन्वेस्टमेंट शामिल हैं। जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर चेतन पाटिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।



### वियाना के संथारा का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**जागरण, इंदौर।** जैन परिवार की साढ़े तीन वर्षीय बच्ची वियाना के संथारा का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। इसे लेकर जनहित याचिका दायर हुई है। हाईकोर्ट ने माता-पिता को पक्षकार बनाने के आदेश दिए हैं। याचिका में कहा गया है कि संथारा के लिए संथारा लेने वाले की सहमति जरूरी होती है, लेकिन वियाना खुद इस बारे में निर्णय नहीं ले सकती थी, उसे ब्रेन ट्यूमर था और वह अस्पताल में भर्ती थी। आखिर वह संथारा की सहमति कैसे दे सकती है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग करते हुए कहा कि मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों के संथारा पर रोक लगाई जाए।



### ईआईयू की वार्षिक रिपोर्ट | दुनिया के 173 देशों के हालात का आकलन

# दुनिया का सबसे रहने योग्य शहर कोपेनहेगन

**लंदन, जेएनएन।** डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन को 2025 के लिए दुनिया का सबसे रहने योग्य शहर घोषित किया गया है। यह खिताब उसे इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) की वार्षिक रिपोर्ट में मिला है, जिसने दुनिया के 173 शहरों का मूल्यांकन विभिन्न मानदंडों पर किया। पिछले तीन सालों से इस सूची में शीर्ष पर काबिज वियना (ऑस्ट्रिया) इस बार दूसरे स्थान पर खिसक गया है, और उसने ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड) के साथ संयुक्त रूप से यह स्थान साझा किया।

पिछले तीन साल से शीर्ष पर रहे वियना को स्थिरता के अंक में गिरावट का सामना करना पड़ा। इसका बड़ा कारण टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में बम की धमकी था। ईआईयू के उप निदेशक बारसाली भट्टाचार्य ने कहा, 'वैश्विक स्थिरता का स्तर 2024 की तुलना में और नीचे गया है।



### टॉप 10 शहरों की सूची

- कोपेनहेगन, डेनमार्क
- वियना, ऑस्ट्रिया (संयुक्त)
- ज्यूरिख, स्विट्ज़रलैंड (संयुक्त)
- मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया
- जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- सिडनी, ऑस्ट्रेलिया
- ओसाका, जापान (संयुक्त)
- ऑकलैंड, न्यूजीलैंड (संयुक्त)
- एडिलेड, ऑस्ट्रेलिया
- वैंकूवर, कनाडा

### कोपेनहेगन क्यों बना नंबर वन

रिपोर्ट के अनुसार, कोपेनहेगन को स्थिरता, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में पूर्ण अंक मिले, जो उसे अन्य शहरों से आगे ले गए। इन मापदंडों में शहर की सुरक्षा व्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन, स्कूलिंग की गुणवत्ता और नागरिक सेवाओं का विशेष मूल्यांकन किया गया था।

### सबसे नीचे की स्थिति

सिरिया की राजधानी दमिश्क, इस बार भी दुनिया का सबसे कम रहने योग्य शहर बना रहा, जहां अस्थिरता, युद्ध और मानवाधिकार उल्लंघनों की स्थितियां बनी हुई हैं। त्रिपोली (लीबिया), ढाका (बांग्लादेश), कराची (पाकिस्तान) और अल्जीयर्स (अल्जीरिया) भी निचले पांच स्थानों में शामिल रहे।

# माता-पिता के साथ घर जा रही छात्रा की गोली मारकर हत्या

## मुरैना में चार हमलावरों ने सिर में मारीं तीन गोलियां

**जागरण, मुरैना।** मुरैना जिले के जौरा में बदमाशों ने एक 19 साल की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। छात्रा के सिर में तीन गोलियां मारी गईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात जौरा के बदरपुरा चौराहे पर सोमवार देर रात हुई। 11वीं में पढ़ने वाली मलिश्का कडेरा माता-पिता के साथ बाइक से घर से जा रही थी। वह बालेरा गांव में रहने वाले मामा के घर से लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में चार हमलावरों ने रोक लिया और फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाशों के रुकते ही मलिश्का ने कहा- मैंने इसे पहचान लिया है, उसके ऐसा कहते ही एक हमलावर ने देशी कट्टे से उस पर फायर कर दिया। मलिश्का के सिर के पीछे और दोनों कानों के पास तीन गोलियां लगीं। इसके बाद आरोपी फरार हो गए।



मलिश्का के दादा सिरनाम सिंह ने बताया कि 8 साल पहले गांव के ही रहने वाले भीकम से 6 बीघा जमीन 6 लाख रुपए में खरीदी थी। इसके बाद से रजिस्ट्री करने को लेकर आरोपी और उसका परिवार विवाद कर रहा था। इसी विवाद में बदला लेने की नीयत से भीकम के बेटे ने बाइक रोककर पोती की हत्या कर दी। बागचीनी थाना टीआई डिंपल मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं परिजनों ने बताया कि मलिश्का चिंनोनी के करैरा स्कूल में कक्षा-11 में पढ़ती थी।

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को पर्यावरण उत्कृष्टता हेतु 24वां ग्लोबल ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार



**जागरण, सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन को पर्यावरण प्र बंधन एवं सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 24वां ग्लोबल ग्रीनटेक पर्यावरण उत्कृष्टता 2025 के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह सम्मान 12 जून 2025 को नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से इस सम्मान को सुश्री अंकिता सिंह परिहार पर्यावरण विभाग एवं सुश्री दिव्यांशी मिश्रा एमआरएम विभाग ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रियों हरदीप सिंह पुरी मनोहर लाल खट्टर भूपेंद्र यादव कीर्तिवर्धन सिंह सुरेश गोपी श्रीपद येसो नाइक एवं जीण् किशन रेड्डी को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सतत विकास और औद्योगिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन द्वारा पर्यावरण उत्कृष्टता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले इस पुरस्कार पर कंपनी के सीईओ राकेश जैन प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा ने प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार कश्यप सहायक महाप्रबंधक सुमिताभ द्विवेदी सहायक महाप्रबंधक बिहारी सिंह शेखावतए सहायक प्रबंधक रीमा तिवारी एवं अन्य अधिकारियों को इस उपलब्धि की बधाई दी। यह पुरस्कार प्रिज्म सीमेंट को जल संरक्षण ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा वृक्षारोपण कार्बन फुटप्रिंट में कमी प्लास्टिक एवं खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन और सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानकों के अनुपालन जैसे प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। प्रिज्म सीमेंट को अवार्ड पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत किये गए कार्यों जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन ग्रीन एनर्जी को अपनाने एवं बढ़ावा देने के लिए सघन वृक्षारोपण 10 लाख पौधारोपण कार्बन फुट प्रिंट रिडक्शन प्लास्टिक एवं हजारडस वेस्ट मैनेजमेंट सस्टैनिबिल्टी डेवलपमेंट में किये गए सराहनीय कार्यों एवं सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानको के अनुपालन के लिए प्रदान किया गया है। इस आशय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने प्रदान की।

## अध्यक्ष पद के लिए जताई दावेदारी



**सतना।** दिल्ली एवं भोपाल से कांग्रेस के आये पर्यवेक्षक के समक्ष कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए रामप्रताप कुशवाहा ने दावेदारी जताई है। उन्होने पर्यवेक्षक अनिल चौधरी , विनय सक्सेना व बबिता साकेत के समक्ष बायोडाटा प्रस्तुत कर दावेदारी की है।

## जेईई मेन्स क्रैक राजवीर को मिला आईआईटी खडगपुर



**सतना।** अमरपाटन निवासी समाजसेवी रुप नारायण पटेल के पुत्र राजवीर पटेल को खड़गपुर आईआईटी में प्रवेश मिला है। राजवीर ने अपनी मेहनत और लगन से जेईई मेन्स क्वीलिफाइ कर यह मुकाम हासिल किया है। छात्र ने पहले जेईई एडवांस और फिर जेईई मेन्स में अच्छी रैंक प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी में अपना स्थान बनाया है। उन्होंने आनलाइन तैयारी कर इस परीक्षा को क्रैक किया। राजवीर की माता राजेश्वरी पटेल और पिता दोनों सामाजिक राजनीतिक रूप से सक्रिय रहकर जनपद अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। राजवीर की बहन आनर्स दिल्ली यूनिवर्सिटी से गत वर्ष कंपलीट करके यूपीएससी की तैयारी कर रहीं हैं। इनके दादाजी शुभकरण पटेल कोऑपरेटिव बैंक सतना के चेयरमैन सहित विधानसभा 1985 में कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके हैं। राजवीर की इस उपलिब्ध पर समाज के लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## डॉ रश्मि सिंह के मुख्यातिथ्य में हुआ सदगुरु कबीर महोत्सव कवि सम्मेलन




**जागरण, सतना।** उचेहरा बिहटा में आयोजित सदगुरू कबीर महोत्सव कवि सम्मेलन की मुख्य अतिथि डॉ रश्मि सिंह का आयोजित समित का सदस्यों ने पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया तत्पश्चात सभी कवियो से परिचय कराया। मुख्यातिथि डॉक्टर रश्मि सिंह ने ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसमें एक एक कवियों की प्रस्तुति ने लोगों के तन मन को झकझोंर दिया है और साथ कहा कि ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए जिससे किसी भी तरह से हर दौर में इंसान को इंसान से जोड़ने में अहम भूमिका होती है। प्रमुख रूप से आयोजक रामसजीवन बुनकर, बलराम कोरी, ओंकार बुनकर, जय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह आदि सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जिले के अंदर 12 कर्मचारियों का स्थानांतरण

**जागरण, सतना।** राज्य एवं जिला स्तर पर जारी अधिकारियों-कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति 2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा 12 कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक/स्वैच्छिक रूप से जिले के अंदर किया गया है। इसमें तहसील नागौद में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 अर्चना लढिया को कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा तथा तहसील उचेहरा के सहायक ग्रेड-2 सतीश चक्रवर्ती को तहसील नागौद के लिए स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार तहसील रामपुर बघेलान में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 आदित्य त्रिवेदी को कलेक्टर कार्यालय सतना, वृत्त चित्रकूट तहसील मझगवां के मनीष पटेल को तहसील कोठी, तहसील मझगवां के दयाशंकर कोल को वृत्त चित्रकूट तहसील मझगवां, तहसील कोठी से दिनेश कुमार नामदेव को तहसील मझगवां, वृत्त जैतवारा तहसील बिरसिंहपुर के शैलेन्द्र वर्मा को कलेक्टर कार्यालय सतना न्यायिक शाखा, कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा से मंगल प्रसाद कोल को वृत्त जैतवारा तहसील बिरसिंहपुर और तहसील नागौद में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 रमेश कुमार वर्मा की नवीन पदस्थापना तहसील उचेहरा में की गई है। इसी प्रकार तहसील उचेहरा में पदस्थ सेक्शन राइटर अमरेन्द्र प्रताप सिंह को तहसील नागौद, तहसील रघुराजनगर के आशुतोष मिश्रा को तहसील उचेहरा तथा तहसील बिरसिंहपुर में पदस्थ भृत्य अवधेश त्रिपाठी को तहसील कोटर स्थानांतरित किया गया है।

## अच्छे काम में लगे व्यक्ति का कभी नही होता बुरा



**जागरण, सतना।** कथा के चतुर्थ दिवस पर महाराज श्री ने प्रभु के वामन अवतार के वृतांत का विस्तार पूर्वक वर्णन भक्तों को करवाया एवं कृष्ण जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया। कथा के चतुर्थ दिवस पर सभी भक्तों ने महाराज के श्रीमुख से कथा का श्रवण किया। पूज्य श्री स्वामी महाराज ने कथा की शुरूआत करते हुए कहा कि हमारे संत महात्मा ऋषिगण कहते है भाग्यशाली लोग वो होते है जो अपने भगवान के उत्सवों में सम्मिलित होते है उनके अमंगलो का नाश होता है ह्रदय से भाव से प्रेम से श्रद्धा से जो लोग भगवान का उत्सव अपना समझते है उन लोगो के जीवन में कभी अमंगल नहीं आ सकता कई लोगो को लगता है की हमारे जीवन में ये दुःख क्यों आते है। तुम्हारा मंगल किसमें है ये तमसे अच्छा वो जनता है तुम नहीं जानते हो लाखो गुना ज्यादा अच्छा उसे मालूम है की तुम्हारा भला तुम्हारा मंगल हम और तुम सांसारिक भावनाओं के तहत जिसे मंगल समझ रहे है वो हमारा अमंगल ही है मंगल नहीं है कितना भी बड़ा परिवार आपको मिल जाये कितना बड़ी धन दौलत आपको मिल जाये ये मंगल नहीं है मंगल तो है सत्संग मिलेए मंगल तो है बुद्धि कृष्ण में लगेए मंगल तो है कृष्ण के सिवा किसी की याद न आये ये सबसे बड़ा मंगल है। जो मनुष्य किसी अच्छे काम में लगा हुआ होता हैं आने वाले समय में उसका अंत कभी बूरा नहीं होता हैं।

## कालातीत ऋणी शस्त्र लायसेंसधारी किसानों को नोटिस जारी

**सतना।** शासन के निर्देशानुसार सहकारी समितियों के कालातीत ऋणी किसानों से बकाया वसूली के लिए सतना जिले के 26 शस्त्र लाइसेंस धारक किसानों को नोटिस जारी कर 7 दिवस में राशि जमा करने के निर्देश दिये गये हैं। समयावधि में संबंधित समिति में बकाया राशि नहीं जमा करने पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सतना के अनुसार 14 सेवा सहकारी समितियों के अंतर्गत कुल 26 शस्त्र लायसेंस धारी किसानों से कालातीत बकाया राशि 40 लाख रूपये की वसूली की जानी है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने संबंधित बकायादारों को नोटिस जारी कर 7 दिवस में बकाया राशि संबंधित समिति में जमा कर रसीद की छाया प्रति प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। समयावधि में राशि जमा नहीं होने पर शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सतना को अवगत कराते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

# एकल अभियान वर्ग का चित्रकूट में शुभारंभ



**जागरण,** सतना। वनवासी राम की तपोभूमि चित्रकूट स्थित केशवगढ़ में चल रहे एकल अभियान वर्ग में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन करने के उपरांत महंत दिव्या जीवन दास ने स्वागत करते हुए कहा कि यह तपस्थली है तप मे शक्ति होती है शक्ति के आगे अन्य दुष्ट शक्तियों शून्य होती है तथा श्रीराम नाम का संकीर्तन कराया बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कानपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक राम जी ने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि इस चित्रकूट की धरती पर आने से स्वाभाविक प्रेरणा मिलती है क्योंकि इस धरती पर भगवान श्री राम ने तपस्या की है। भारतीय संस्कृति चिर पुरातन एवं चिर सनातन है। उन्होंने कहां की प्रभु श्री राम जी का जीवन समाज के प्रति समर्पित रहा यदि भगवान राम वन नहीं जाते तो राम नहीं बन पाते भगवान राम ने शोषित एवंचितए उपेक्षितए वानर एभालू एआदि का संगठन करके रावण जैसे राक्षस पर विजय प्राप्त की इसी प्रकार हम सभी संगठन करता प्रत्येक बंधुओं को साथ लेकर के चलेंगे और साथ ही उनके उत्थान का कार्य करेंगे मुगलों ने जब आक्रमण किया था तब महाराणा प्रताप को घास की रोटियां खानी पड़ी थी भारत को स्वतंत्रता दिलाने वाले वीरों को यह चाह नहीं थी की मेरा नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाए बल्कि भारत माता को आजादी मिलनी चाहिए उनकी कामना थी कि भारत भक्ति व देवी शक्ति हमको मिले इस देश में रहने वाले सभी बंधुओं के लिए पूजा पाठ मठ मंदिर तालाब पोखर शमशान सभी के लिए समान है समरस भारत समर्थ भारत होगा लल्लन शर्मा केंद्रीय संगठन मंत्री एकल अभियान के कहां की देश के दूर सुरूर क्षेत्रो में संचालित होने वाले एकल विद्यालय जिनकी संख्या एक लाख अठारह हजार है के ग्रामीण क्षेत्र में सेवा के भाव के साथ सनातन परंपरा कैसे आगे बढ़े इसके लिए कार्यक्रम है। पंचमुखी शिक्षा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ता कार्यरत है जिसमें प्राथमिक शिक्षा आरोग्य शिक्षण जागरण शिक्षा ग्राम विकास शिक्षा और संस्कार शिक्षा इस पंचमुखी योजना के माध्यम से हम प्रत्येक ग्रामवासी को स्वस्थ व स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहे है ग्राम विकास शिक्षा के माध्यम से हम गांव गांव के लोगों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करते हैं ।

## जिले में ग्रीष्म कालीन मूंग का पंजीयन 19 जून से 5 जुलाई तक


**सतना।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत विपणन वर्ष 2025-26 में ग्रीष्म कालीन मूंग एवं उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए पंजीयन 19 जून से 5 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। प्रदेश के 33 जिलों में सतना जिला भी मूंग उत्पादक ज़िलों में शामिल हो गया है। जिले के किसान समर्थन मूल्य ग्रीष्मकालीन मूंग 8768 रूपये पर बेच सकेंगे। पंजीयन के अलावा पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण, पंजीयन केन्द्रों पर भौतिक एवं मानव संसाधनों की व्यवस्था, कृषकों के पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया, प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण तथा वित्तीय व्यवस्था तथा किसानों को फ़सल बेचने के लिए स्लाट चयन की प्रक्रिया ई-उपार्जन पोर्टल पर रहेगी। साथ ही मूंग उपार्जन के लिए कृषकों से पंजीयन के समय ही आधार नम्बर से लिंक बैंक खाता नम्बर लिया जायेगा।

## डॉ प्रलव का सुरक्षा हेलमेट डिजाइन पेटेंट



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के फैकल्टी प्रलव श्रीवास्तव ने अन्य इंजीनियर साथियों के साथ सुरक्षा हेलमेट डिजाइन पेटेंट करवाने में सफलता पाई है। इसका शीर्षक निर्माण श्रमिक के लिए सुरक्षा हेलमेट है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा इसे पंजीकृत और प्रकाशित किया गया है। इसका डिजाइन नंबर 453 086 0001 और प्रकाशन की तारीख 5 जून है । एकेएस के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ प्रलव श्रीवास्तव ने बताया कि हेलमेट में सामान्य इस्तेमाल हो रहे हेलमेट की तुलना में शॉक अब्जॉर्बिंग कैपेसिटी बढ़ाई गई है सेंसर लगाए गए हैं जो विशेष परिस्थितियों में उपयोगी होंगे इसी तरह बातचीत के लिए ब्लूटूथ और वेंटिलेशन के लिए भी अच्छे फीचर्स दिए गए हैं। उन्होंने अन्य इंजीनियर्स और स्टूडेंट्स हिमांशु श्रीवास्तव रेखा शिंदे लोकेश मालवीयएराकेश कुमारएकामिनी लहरिया शाहिद सिद्दीकीएराहुल शर्मा के साथ मिलकर सुरक्षा हेलमेट बनाया है। यह जानकारी महानियंत्रक पेटेंट डिजाइन और व्यापार चिन्ह द्वारा डिजाइन अधिनियम 2000 और डिजाइन नियम 2001 के अध्यधीन प्रावधानों के अनुसार मान्य की गई है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के समस्त फैकेल्टी ने उनके उन्नत कार्य को देखते हुए उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## कलेक्टर ने सुनी 156 आवेदकों की समस्यायें



**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 156 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम सुधीर बेक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 16 आवेदन

कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 16 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वर्णकार समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न



**रीवा।** स्वर्णकार समाज की बैठक स्वर्ण कला बोर्ड के सदस्य कमल सोनी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। मुख्य अतिथि स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक इंजी. योगेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में समाज के उत्थान और एकता के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश के संगठन प्रभारी के रूप में एकेएस यूनिवर्सिटी सतना के डायरेक्टर अमित सोनी का चुनाव किया गया। रीवा जिला के जिला अध्यक्ष के रूप मे इंजी.अमन सोनी की नियुक्ति सर्व सम्मति से की गई। राष्ट्रीय संयोजक ने समाज को एक सूत्र और एक धारा में समाहित होने और समाज को विस्तार करने का मार्गदर्शन दिया। बैठक में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन सराफ, डॉ शैलजा सोनी, डॉ विनी सर्राफ, सीमा सोनी, प्रीति सोनी, सरिता सोनी, सौम्या सोनी, जिला अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ सोनी, संयोजक दीपक सोनी, मीडिया प्रभारी प्रभात सोनी, कारीगर मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सोनी, आशीष सोनी, श्री सीताराम, अनिरुद्ध सोनी, अमरचंद सराफ, पत्रकार संदीप जाड़िया, सत्यम, अम्मू, राधे सोनी, विनोद सोनी द्वारा उत्साह और नई ऊर्जा के साथ काम करने का संकल्प लिया गया।

# इंसान को शैतान बना देता है मादक पदार्थ

### बुद्धि विवेक को नष्ट करता है नशा




**जागरण, सतना।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को ग्राम पंचायत सिजहटा अंतर्गत ग्राम सोनौरा में जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र भवन में संचालित नशा मुक्ति केंद्र में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधीश पार्थ शंकर मिश्रा एवं विशेष अतिथि जिला विधिक अधिकारी मोहम्मद जीलानी रहे। नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन के निर्देशन व उपसंचालक सामाजिक न्याय के मार्गदर्शन में जिले में प्रमुख कलाकार केके शुक्ला व डॉ अमर सिंह व अंकुर श्रीवास्तव द्वारा समाज में बढ़ती हुई नशा सेवन की प्रवृत्ति में रोकथाम का अभियान चलाया गया। जिसमें पोस्टर पंपलेट वितरण नुक्कड़ सभा उद्बोधन एवं गीत तथा नारा उद्घोष आदि माध्यमों से सामाजिक जनजागृति का आयोजन सम्पन्न किया गया है। कार्यक्रम में अतिथियों व विद्वान वक्ताओं ने उद्बोधन के माध्यम से बताया कि इंसान को शैतान बनाते हैं मादक पदार्थ उन्हें नशा का सेवन करना तो दूर है इसके बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। क्योंकि किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन व्यक्ति के तन-मन-धन बुद्धि व विवेक का नाश करता है तथा शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। परिणाम व्यक्ति के सामने आर्थिक व शारीरिक संकट पैदा हो जाते हैं तथा नशा के कारण तमाम प्रकार के लड़ाई-झगड़े, दंगा-फसाद, विवाद, मारपीट, एक्सीडेंट, चोरी, हत्या, दुष्कर्म, पुलिस थाना मामला मुकदमा, परिवारों का टूटना बिखरना, गरीबी, घातक बीमारी, कुपोषण इत्यादि तमाम प्रकार की समस्या आती है। जिसका मूल कारण नशा है। इस बुरी लत की बीमारी से छुटकारा पाने व भावी पीढ़ी को घातक नशे की लत में फसने से बचाने के लिए अभी से जन-जन को प्रयास करना होगा।

## 43 प्रकरणों में अत्याचार पीड़ितों को 50 लाख 81 हजार रूपये की सहायता स्वीकृत

### जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न



**जागरण, सतना।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मैहर जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 43 प्रकरणों में जनवरी 2025 तक 50 लाख 81 हजार 300 रूपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इस आशय की जानकारी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में दी गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, सीएसपी महेन्द्र सिंह, सदस्य फूल सिंह तेकाम, नारेन्द्र सिंह उइके, मोलई प्रसाद तथा रमाशंकर मिश्रा उपस्थित थे। जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 जनवरी 2025 तक जिले में अत्याचार पीड़ितों के 43 प्रकरणों में अब तक 50 लाख 81 हजार 300 रूपये की आर्थिक सहायता हितग्राहियों को स्वीकृत की गई है। जिसमें अनुसूचित जाति के 36 पीडितों को 44 लाख 56 हजार 300 रूपये और अनुसूचित जनजाति के 7 पीडितों को 6 लाख 25 हजार रूपये की राशि योजना के प्रावधान के तहत स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार जनवरी 2025 से मई तक 20 पीडितों को 23 लाख 75 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

**KALYAN SINGH SUPER SPECIALTY CANCER INSTITUTE**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002. Ph.:+91 522 2988044
Website: https://cancerinstitute.edu.in, Email: bmekssci@gmail.com

**Subject : Comment for objection about proprietary basis procurement -Reg.**

The Institute is in the process of procuringitem: **Continuous Cardiac Monitoring for Department of Anaesthesia, CBNAAT (GeneXpert), Multiplex protein analyte system, Fully automated TMA Based Molecular Testing System for Department of Microbiology, CUSA for Neuorsurgery, High End EV Surgical Station, Surgical Workstation for Department of Surgical Oncology and Automatic I.H.C. Stainer for Department of Pathology and Cancer Genetics**, KSSSCI, Lucknow-226002 through PAC GeM bid as on (Proprietary bases). The documents are being uploaded at KSSSCI website **https://cancerinstitute.edu.in** for open information and also to submit objections, comments if any, from relevant manufacturer regarding proprietary nature of the equipment/item within 15 days from the date of publication of this advertisement. The comments should reach KSSSCI purchase Section at OPD Block of KSSSCI, through offline or through Email **jdmm.sscih@gmail.com** on or before 02/07/2025 up to 04:00 pm failing which it will be presumed that any other vendor is having no objections, comments or offer and case will be decided on merits.

Advt No. KSSSCI/Tender-06/2025-26 **Director**

**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में**



**रीवा :** अहमदाबाद के प्रव्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे-केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक × विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेढ़े मेढ़े पाँव का उपचार, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। Advt.

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 18 जून 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.52 अस्त : आज
05.13 उदय : कल

शहर का तापमान
35.0 ⁰ अधिकतम
27.0 ⁰ न्यूनतम



# बाणसागर के पानी से सोन नदी का बढ़ेगा जल स्तर






## सोन नदी का बढ़ेगा तेजी से जल स्तर

### नदी के किनारे रहने वाले लोगों को किया गया सचेत

जागरण, सीधी

बाणसागर बांध से सोन नदी में पांच हजार एकड़ फिट (72 क्यूमेक्स) पानी आज से छोंड़ना शुरू किया गया है। बाणसागर जलाशय से पानी छोंड़े जाने के कारण सोन नदी के जल स्तर में तेजी से वृद्धि होगी। इसी वजह से सोन नदी सीधी एवं सिंगरौली जिले के किनारे रहने वाले लोगों को सजग किया गया है कि वह नदी के समीप न जाएं। तत्संबंध में बाणसागर पक्का बांध संभाग क्रमांक 3 के कार्यपालन यंत्री द्वारा सोन नदी प्रवाहित क्षेत्र के कलेक्टरों को सूचित करते हुए कहा गया है कि बिहार राज्य के मांग के अनुसार रबी फसल हेतु 5 हजार एकड़ फीट (72 क्यूमेक्स) बाणसागर जलाशय से पावरहाउस क्रमांक 3 देवलोंद के द्वारा 17 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से सोन नदी में जल छोंड़ना शुरू किया गया है। सोन नदी में पानी छोंड़े जाने से सोन नदी के किनारे निवासरत लोगों को सूचित किया जाए कि वह नदी के समीप न जाएं। बताया गया है कि सोन नदी में बाणसागर का पानी छोंड़े जाने के बाद से जल स्तर में वृद्धि होती है। जिसके कारण सोन नदी के जिन क्षेत्रों में अभी पत्थर नजर आ रहे हैं वहां अचानक पानी का तेज बहाव आना शुरू हो जाता है। इससे पूर्व सोन नदी में बाणसागर का पानी अचानक आने पर मवेशियों को चराने नदी के बीच में जाने वाले कई चरवाहे पिछले वर्ष सोन नदी के जोगदहा घाट में फंस गए थे। जिनको बाद में रेस्क्यू किया गया था। इसी तरह कई स्थानों में घांस चरने के लिए मवेशी भी सोन नदी के बीच में पत्थरों के टापू पर पहुंच जाते हैं। पिछले वर्ष सोन नदी के जोगदहा घाट में अचानक नदी में पानी बढ़ जाने के कारण उक्त मवेशियों को भी रेस्क्यू किया गया था। ऐसे में जिला प्रशासन की ओर से सोन नदी में पानी छोंड़े जाने पर जल स्तर की वृद्धि होने पर संबंधित ग्राम पंचायतों को अपने क्षेत्रों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए जाते हैं। यह दीगर बात है कि ग्राम पंचायतों की ओर से समय पर अपने क्षेत्र में सोन नदी के पानी में वृद्धि होने की सूचना मुनादी कराकर नहीं दी जाती। जिसके कारण कई बार ग्रामीण लापरवाही बरतते हैं और खतरे में फंस जाते हैं। इसी तरह लोगों को इस बात को लेकर भी सचेत रहना चाहिए कि मवेशी सोन नदी के तटों के किनारे एवं नदी के अंदर पत्थर के टापुओं में चरने के लिए न जाएं। सोन नदी में पानी छोंड़े जाने के कारण कई दिनों तक जल स्तर में वृद्धि परिलक्षित होगी। इसके अलावा वर्तमान में मानसून भी सक्रिय हो गया है। जिसके चलते बारिश की संभावना भी बनी हुई है। यदि बारिश का दौर भी शुरू हुआ तो सोन नदी में वैसे भी पानी का जल स्तर तेजी से बढ़ना शुरू हो जाएगा। इसी वजह से सोन नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सजग रहने की जरूरत है।

### सोन नदी के तटीय क्षेत्रों में सावधानी आवश्यक

बाणसागर बांध से सोन नदी में आज से पानी छोंडे जाने के बाद पानी का स्तर कुछ घंटे बाद सीधी जिले में भी बढ़ना शुरू हो जाएगा। इसी वजह से सोन नदी के आसपास जाना बड़े खतरे को आमंत्रण देना है। कई बार सोन नदी के समीपी क्षेत्रों में रहने वाले लोग नहाने के लिए भी नदी के अंदर जाते हैं। अभी तक सोन नदी में पानी का स्तर कम था। यहां तक कि जगह-जगह चट्टान के टापू नदी के अंदर नजर आ रहे थे। इस वजह से लोग नहाने के लिए भी टापू पर पहुंच जाते हैं। बाणसागर बांध का पानी छोड़े जाने के बाद किसी भी समय तेजी के साथ पानी सोन नदी में पहुंचना शुरू हो जाएगा। इस वजह से जिन क्षेत्रों में अभी तक पानी कम नजर आ रहा था अचानक वहां बाढ़ के समान पानी पहुंचना शुरू हो जाएगा। यदि लोग सोन नदी के अंदर नहाने एवं अन्य कारणों से जाते हैं तो वह बड़े खतरे में फंस सकते हैं। इसी वजह से बाणसागर की ओर से सोन नदी में पानी छोंडे जाने के पूर्व ही संबंधित क्षेत्रों के कलेक्टरों को सूचित कर दिया गया है। जिससे जिला प्रशासन के माध्यम से सोन नदी के तटीय क्षेत्रों में निवासरत लोगों को ग्राम पंचायतों के माध्यम से सोन नदी में अचानक पानी भरने की सूचना मुनादी कराकर दी जा सके।

# सरपंच पति पर रात में हुआ हमला



**जागरण, सीधी।** जिले के मड़वास थाना क्षेत्र के परासी गांव में सोमवार रात भाजपा युवा मंडल मड़वास अध्यक्ष एवं सरपंच पति लाला गर्ग पर हमला हुआ। गांव में सड़क निर्माण कार्य के दौरान हुए विवाद के बाद यह घटना हुई। लाला गर्ग की पत्नी गांव की सरपंच हैं। सोमवार शाम 4 बजे से परासी में सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। रात 9 बजे लाला गर्ग वहीं अपनी कार में बैठे थे। इसी दौरान गांव के चार लोग अंकुर, आलोक, दीपक और सुनील मिश्रा वहां पहुंचे। आरोपियों ने पहले मजदूरों को काम रोकने को कहा। मजदूरों के मना करने पर आरोपी लाला गर्ग से गाली-गलौच करने लगे। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पत्थरों से कार पर हमला कर दिया। कार के पीछे और साइड के शीशे टूट गए। मजदूरों के आने पर आरोपी भाग गए। रात 11 बजे लाला गर्ग मजदूरों और मिस्त्री के साथ मड़वास थाने पहुंचे।

> मामला दर्ज कर लिया गया है। रिपोर्ट में गाली-गलौच, धमकी और कार को नुकसान पहुंचाने का जिक्र है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
>
> **केदार परौहा, थाना प्रभारी मड़वास**

# कर्मठ कार्यकर्ताओं को मिलेंगी संगठन में जगहः रिपुन



**जागरण, सीधी।** संगठन सृजन अभियान के तहत चुरहट विधानसभा अंतर्गत रामपुर नैकिन ब्लॉक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर पूर्व मंत्री असम शासन रिपुन बोरा के मुख्य आतिथ्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संगठनात्मक पुनर्गठन पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रिपुन बोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान एक व्यापक संगठनात्मक कार्यक्रम है। नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और नए सिरे से संगठन निर्माण का कार्यक्रम चलेगा। सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और कार्यों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह दी जाएगी। अब युवा, ऊर्जावान और योग्य नेता और कांग्रेस के प्रति समर्पित कार्यकर्ता आगे आएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने निर्धारित दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में संगठन को नए सिरे से तैयार किया जाएगा। युवाओं को संगठन में ज्यादा से ज्यादा स्थान मिलेगा जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक का संगठन तय समय में गठित कर लिया जाएगा।

# एसपी ने सुनी 100 से अधिक लोगों की समस्या

**जागरण, सीधी।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला के अंतर्गत 17 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी के सभागार में पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा भापुसे की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रीता त्रिपाठी, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक रामलोटन साकेत एवं थाना जमोड़ी प्रभारी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण सभागार में उपस्थित रहे। जिले के अन्य समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारीजन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जोड़ा गया। जनसुनवाई में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से 100 से अधिक शिकायतकर्ता शामिल हुए।

# वरिष्ठ पत्रकार केपी श्रीवास्तव का निधन, शोक



**जागरण, सीधी।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं साप्ताहिक समाचार पत्र सीधी संदेश के संपादक केपी श्रीवास्तव का आज सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा में उपचार के दौरान निधन हो गया है। श्री श्रीवास्तव विगत कुछ माह से बीमार चल रहे थे। श्री श्रीवास्तव राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार थे। हंसमुख स्वभाव के केपी श्रीवास्तव समकालीन वरिष्ठ संपादकों के क्रम में आखिरी धरोहर थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में आपूर्तनीय क्षति हुई है। उनके निधन की खबर लगते ही शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकारों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और शोक संतप्त परिवारजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले पत्रकारों में आरबी सिंह, सचिन्द्र मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, आदित्य सिंह, मनोज पाण्डेय, हरीश मिश्रा, अमित सिंह, कृपाशंकर तिवारी, रजनीश वेदांती, जगन्नाथ द्विवेदी, नीलाम्बुज पाण्डेय, मुकेश चतुर्वेदी, उपेन्द्र सिंह सोलंकी, शिवपूजन मिश्रा, शरद गौतम, हरीश द्विवेदी, बृजेश पाण्डेय, अजय मिश्रा, विद्यारण्य शुक्ला, रजनीश तिवारी, आदर्श गौतम, वीरेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र सिंह, सुभाष तिवारी, अभिमन्यु पाण्डेय, प्रवेश शुक्ला, रवि पाण्डेय, कमलेश सिंह चौहान, संजय पाण्डेय चुरहट, अरविंद सिंह परिहार, अभिलाष तिवारी, संजय सिंह मझौली, अमित श्रीवास्तव, राजकुमार जायसवाल सहित जिले भर के पत्रकारों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति एवं परिजनों को शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

दूरभाष-(07822)-252204
ईमेल- Dmsidhi@nic.in

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला सीधी (म.प्र.)

क्रमांक 17/विवाह/2025 सीधी, दिनांक 06/06/2025

**इश्तहार म्यादी 30 दिवस**
**(अंतर्गत धारा-15 विशेष विवाह अधिनियम, 1954)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय सिंह पिता श्री जागेश्वर सिंह, पता- अमहा वार्ड क्रमांक 22, थाना कोतवाली सीधी, तहसील गोपद बनास, जिला सीधी (म.प्र.) एवं आवेदिका ज्योत्सना सिंह पिता श्री तेजभान सिंह, ग्राम झरेला, बडवारा कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा-15 अंतर्गत विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 07/07/2025 नियत की गई है।

अंतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त विवाह पंजीयन से संबंधित कोई आपत्ति हो तो उक्त नियत तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

विवाह अधिकारी
जिला सीधी (म.प्र.)









# पीजी कॉलेज में हिंदू साम्राज्य दिवस कार्यक्रम

# शौर्य, विरासत और राष्ट्र की सेवा का स्मरण



**टीकमगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाविद्यालयीन इकाई द्वारा स्थानीय पीजी कॉलेज में आज हिंदू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह पावन दिवस 17वीं शताब्दी के महान योद्धा और दूरदर्शी शासक, छत्रपति शिवाजी महाराज के 1674 में रायगढ़ किले में हुए ऐतिहासिक राज्याभिषेक का स्मरण कराता है। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को नीम वृक्ष भेंट उनका विशेष सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सहसेवा प्रमुख वीरेंद्र असाटी ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल छत्रपति शिवाजी महाराज के असाधारण नेतृत्व, साहस और दूरदर्शिता को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया है, बल्कि उनके द्वारा स्थापित सुशासन, न्याय और राष्ट्रवाद के सिद्धांतों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाने का भी एक प्रयास है। शिवाजी महाराज का %स्वराज्य% का स्वप्न आज भी हमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बुंदेली बौछार के संपादन सचिन चौधरी ने छात्रों को शिवाजी महाराज के जीवन और उनके योगदान पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। यह कार्यक्रम सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों, विशेषकर युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत होगा। यह हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने और एक मजबूत तथा समृद्ध भारत के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। हम सभी नागरिकों से इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम में शामिल होने का हार्दिक धन्यवाद करते हैं। इस कार्यक्रम में जिला कार्यवाह जानकी जी अहिरवार जिला सहकार्यवाह शैलेश मोदी, पीजी कॉलेज प्राचार्य के.सी जैन, विभाग महाविद्यालयीन प्रमुख ऋषि अवस्थी, नगर महाविद्यालयीन प्रमुख उत्कर्षजी उपाध्याय, प्रवाल शुक्ला, यश मिश्रा, शुभम जैन, नीलेश पड़ेले, यथार्थ जैन, अर्पित सिंघई, अजय सिंह परमार, सुमित यादव, अभिषेक दीक्षित, मनीष सिहारिया,मोहित नामदेव, सर्वज्ञ अवस्थी, अर्पित तिवारी एवं महाविद्यालयीन इकाई मौजूद रही ।

# सोन नदी पुल : टूटा एक ढांचा नहीं, बल्कि जनता का भरोसा

**बाणसागर-देवलौद।** साल था 1980 जब बाणसागर क्षेत्र के लोगों के बीच पहली बार यह खबर आई कि सोन नदी पर पुल बनने जा रहा है। बिजली नहीं थी, सड़कें टूटी थीं, लेकिन उम्मीदों ने रफ्तार पकड़ ली थी। चार साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद, 1984-85 में 77 लाख रुपये की लागत से इस पुल का निर्माण पूरा हुआ।

जब यह पुल आम जनता के लिए खोला गया —यह केवल दो छोरों को जोड़ने वाली संरचना नहीं था, बल्कि विकास और भरोसे का प्रतीक था। पर क्या किसी ने सोचा था कि 40 साल बाद यह पुल फिर खबरों में आएगा — मगर वजह बनेगी असुविधा, अनदेखी और अनिश्चितता?

**वर्तमान स्थिति :** टूटे पुल से टूटी व्यवस्था हाल ही में सोन नदी पुल का *लगभग 2.5 से 3 मीटर का हिस्सा* ढह गया है। भारी वाहनों की ओवरलोडिंग नियमित रखरखाव का अभाव, और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता इन तीनों ने मिलकर एक शांत संकट को जन्म दे दिया। संयोग से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन पुल पर अब संपूर्ण यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**जनता का सफर** — अब डर, अंधेरे और असुरक्षा के साथ अब यात्रियों को बाणसागर देवलौद पहुँचने से 5 किलोमीटर पहले एक सुनसान, जंगल के किनारे का स्थान समधिन (जगमल) पर बसों से उतार दिया जाता है।

## इस जगह की भयावह सच्चाई ये है

न कोई स्थायी पुलिस चौकी न कोई स्ट्रीट लाइट न कोई शौचालय या प्रतीक्षालय न कोई महिला सुरक्षा इंतजाम महिलाओं की अस्मिता, बुजुर्गों की शांति और बीमार यात्रियों की जान — सब कुछ खतरे में है। हर रात, हर यात्री खुद से पूछता है हमने वोट देकर यही सुविधा माँगी थी क्या कोई समाधान है? — बिल्कुल है! अगर प्रशासन यह निर्णय ले कि बसें *सीधे देवलौद बस स्टैंड तक जाकर यात्रियों को छोड़ें और फिर वापस लौटें तो सिर्फ 10 किलोमीटर अतिरिक्त यात्रा करनी होगी।

## यह दूरी न के बराबर है

अगर तुलना जनता की सुरक्षा और सम्मान से की जाए। तो फिर सवाल उठता है — प्रशासन निर्णय क्यों नहीं ले रहा? क्या हमें किसी दुर्घटना का इंतज़ार है? मरम्मत की चाल — धीमी, ढीली और दिशा विहीन अब तक पुल का सिर्फ टूटा हिस्सा हटाया गया है। मूल समस्या की मरम्मत, योजना, संसाधन और ठेकेदारी प्रक्रिया *'कागज़ों' की फ़ाइलों में उलझी पड़ी है।

## स्थानीय निवासी बार-बार कह रहे हैं

यहाँ पुल आज टूटा है, पर व्यवस्था तो सालों से चरमराई हुई थी। मजबूरी का फायदा — नया करदाता बना गरीब यात्री समधिन से गुजरने वाले यात्री अब बिना बीमा और बिना लाइसेंस वाले निजी वाहनों की दया पर निर्भर हो चुके हैं। कोई 50 ले रहा, कोई 100 — जो जैसा माँगे, वैसा ले रहा। न कोई नियम, न कोई दर निर्धारण — सिर्फ मनमानी और जनता की लाचारी। सवाल अब सिर्फ पुल का नहीं ह अब सवाल ये नहीं कि पुल कब बनकर तैयार होगा,

**सवाल ये है कि** — जनता कब तक यूँ ही असुरक्षा में सफर करती रहेगी? कब तक बेटियाँ जंगलों में उतारी जाती रहेंगी? कब तक बुजुर्ग लाठी के सहारे गड्ढों से गुजरेंगे? अब वक़्त है — इंतज़ार का नहीं, आवाज़ उठाने का! बाणसागर क्षेत्र की जनता सरकार और प्रशासन से ये सवाल पूछना चाहती है : क्या हमारा जीवन 10 किलोमीटर पेट्रोल से सस्ता है? क्या हम किसी हादसे के बाद ही समाचार बनेंगे? क्यों बसें देवलौद स्टैंड तक नहीं जा सकतीं? बाणसागर का पुल फिर बन जाएगा, मगर टूटी उम्मीदें, टूटी हिम्मत — उन्हें कौन जोड़ने आएगा?

# नाबालिग लड़की से विवाह किया, 20वें दिन कुआं में मृत तैरती मिली

**बाणसागर।** सीधी जिले के जमोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौगवाधीरसिंह की साढ़े सोलह वर्षीय नाबालिग नौवीं कक्षा तक पढ़ाई कर अपने नानी के साथ मजदूरी करने शहडोल जिले के अमलाई में रहती थी, का शहडोल जिले के थाना देवलौद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सथनी के राजकुमार कोल से मोबाइल पर मित्रता पश्चात, पिता रंगनाथ कोल, माता रामबाई कोल एवं मित्रों के साथ सीधी के बढ़ौरा शिव मंदिर में जयमाला डालकर विवाह कर लिया था ,जिसकी जानकारी नाबालिग के मां को नहीं थी। यह जानकारी राजकुमार कोल ने दिया। परन्तु थाना देवलौद को गांव के लोगों द्वारा ग्राम सथनी के कुआं में महिला की लाश तैरती हुई है की सूचना पर लाश को बाणसागर चीर घर में रखवाया गया, पश्चात मृतका की पहचान की गई। जिसकी पुष्टि राजकुमार कोल एवं मां द्वारा किया गया है। मृतका का पी एम पश्चात अन्तिम संस्कार के लिये दिया गया। मृतका की मां एवं अन्य परिजनों द्वारा आरोपित किया गया कि नाबालिग बिटिया को बरगला कर, चोरी-चोरी विवाह कर लिया, आगे दुर्गा पनिका की कुआं में डूबना में संदेह व्यक्त किया। पुलिस विभाग बहुत ही गंभीरतापूर्वक हर पहलुओं पर फोकस कर जांच शुरू कर दिया है।

## शुल्क जमा करने के बाद भी नहीं दी जा रही जानकारी

**जागरण, सीधी।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सूचनाधिकार कार्यकर्ता वीरेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि उनके द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से ग्राम पंचायत बधवार तहसील रामपुर नैकिन के सम्बन्ध में जल जीवन मिशन में कार्य को लेकर जानकारी मांगी गई और अपीलीय अधिकारी कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के आदेशानुसार शुल्क भी जमा कर दिया गया। जिस पर अपीलीय अधिकारी द्वारा सहायक यंत्री चुरहट को दिनांक 2 अप्रैल 2025 को 7 दिवस के अन्दर जानकारी देने का आदेश दिया। लेकिन कई बार स्मरण कराये जाने के बावजूद सहायक यंत्री चुरहट द्वारा जानकारी नहीं दी जा रही है।

# तमिलनाडु में मान्या पाण्डेय का हुआ सम्मान

**कला एवं संस्कृति डायरेक्टर ने कराया तमिलनाडु का भ्रमण**

**तमिल कला एवं लोक संस्कृति से अवगत हुई राष्ट्रीय लोक गायिका**

जागरण, सीधी

विंध्य की बेटी राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को तमिलनाडु कला एवं संस्कृति मंत्रालय ने सम्मानित किया। तमिलनाडु सरकार की मिज्यियम कला एवं संस्कृति डायरेक्टर आईएएस कविथा रामू, डिप्टी डायरेक्टर कला एवं संस्कृति बी हेमनाथन ने राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय को तमिल लोक संस्कृति से विस्तार से अवगत कराया और मध्य प्रदेश की कला एवं लोक संस्कृति के संबंध में चर्चा की। कला एवं संस्कृति विभाग तमिलनाडु के द्वारा मान्या पाण्डेय को संगीत महाविद्यालय एवं संगीत स्कूलों का भ्रमण कराया। जहां मान्या पाण्डेय ने संगीत शिक्षकों व छात्र-छात्राओं से चर्चा कर तमिल लोक संस्कृति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रीय लोक गायिका अपने बघेली लोकगीतों का परचम पूरे देश में लहरा रही है। मीडिया से चर्चा करते हुए राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने बताया कि तमिलनाडु खास कर चेन्नई में टूटी फूटी हिंदी अधिकांश लोग बोल व समझ लेते हैं और ज्यादातर पढ़ें लिखा तबका अंग्रेजी में बात करता है। मैं अंग्रेजी में बातचीत कर लेती हूं, इस कारण मुझे बातचीत करने में ज्यादा दिक्कतें नहीं हुई। मान्या पाण्डेय ने बताया कि तमिलनाडु का सबसे चर्चित लोकगीत नाट्टूपुरापाट्टू है जो शादी-विवाह और धार्मिक आयोजनों में गाया जाता है। तमिलनाडु सरकार अपने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष ध्यान देती है। तमिलनाडु के उरुमी, नादस्वरम और विल्लुपाट्टू, धनुषाकार आदि वाद्य यंत्र वर्षों से पारम्परिक तरीके से बजाए जाते हैं। इसके साथ तमिल का प्रसिद्ध लोकगीत विल्लुपाहु है जो एक कहानी कहने की शैली है, जिसमें धनुष के आकार के वाद्य यंत्र का उपयोग किया जाता है। तो वहीं उरुमी मेलमः लोकप्रिय लोक संगीत है, जो ग्रामीण तमिलनाडु में अक्सर उरुमी और नादस्वरम के साथ बजाया जाता है। तमिलनाडु के लोकगीत न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि ये सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहलुओं को भी दर्शाते हैं। मान्या पाण्डेय ने बताया कि तमिलनाडु का लोक संगीत की एक लंबी परंपरा रही है और यहां लोक संगीत का इतिहास हजारों साल पुराना है। तमिल में लोग विवाह और मंदिर उत्सव में लोक संगीत गाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के भ्रमण से मुझे वहां की लोक संगीत और लोक संस्कृति से अवगत होने का अवसर मिला जो मेरे लिए बहुत अनमोल है।



## तहसीलदार और नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला तथा नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ तहसील हुजूर मनोज शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचित सेवाओं के निराकरण में कोई रुचि न लेने पर जारी किया गया है। अधिकारियों का यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 में निहित प्रावधानों के विपरीत है तथा कदाचार की श्रेणी में आता है। नोटिस का तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत न करने पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जारी नोटिस के अनुसार सेवा क्रमांक 4.10 (ए) तहसील स्तरीय रिकॉर्ड रूम के नकल के आवेदन लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से निर्धारित समयावधि में आनलाइन दर्ज कर तहसील कार्यालय में प्रेषित किये जाते हैं। लेकिन जांच में पाया गया कि निर्धारित समयावधि में रिकॉर्ड की नकल लोक सेवा केन्द्रों को प्राप्त नहीं हो रही है। इसके कारण लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित सेवाओं का लाभ आमजनता को नहीं मिल पा रहा है। तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार द्वारा बिना किसी स्पष्ट कारण के आवेदन पत्रों को खारिज कर दिया जाता है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं वीरेन्द्र कुमार तिवारी पिता प्रेमशंकर तिवारी निवासी 121 गंगा नगर कालोनी देविगंज आबू नगर फतेहपुर (उ.प्र.) का निवासी हूं। मेरी पत्नी ज्योति तिवारी के पासपोर्ट क्र. C7672548 में मेरा नाम भूलवस वीरेन्द्र तिवारी लिख गया है। जबकि मेरा सही नाम वीरेन्द्र कुमार तिवारी है। अत: आज से मेरा नाम वीरेन्द्र तिवारी के स्थान पर वीरेन्द्र कुमार तिवारी दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

वीरेन्द्र कुमार तिवारी
121 गंगा नगर कालोनी देविगंज
आबू नगर फतेहपुर (उ.प्र.)

RN- 82639

**नाम सुधार सूचना**

मैं सुरेन्द्र कुमार तिवारी पिता स्व. जागेश्वर प्रसाद तिवारी उम्र 51 वर्ष – पेशा– खेती एवं दुकानदारी निवासी ग्राम 112खा, कोष्टा, हैण्ड पम्प कोष्टा, कोष्टा, रतहरा तहसील व थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा (म.प्र.) का मूल निवासी हूँ, व शपथ पूर्वक करता हूँ कि– मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार तिवारी तनय जागेश्वर प्रसाद तिवारी दर्ज किया गया था, और उसी के हिसाब से मेरे द्वारा जब हाई स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा वर्ष 1992 माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल से पास की गई, उसमे भी मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार तिवारी तनय जागेश्वर प्रसाद तिवारी दर्ज है, तथा मेरे द्वारा आयकर विभाग से पेनकार्ड बनवाया गया था, जिसका पेनकार्ड क्रमाक APHPT8964L उसमे मे भी सुरेन्द्र कुमार तिवारी पिता जागेश्वर प्रसाद तिवारी दर्ज अभिलेख है। इसी तरह से मेरे द्वारा परिवार आईडी बनवाई गई है, जो ग्राम पंचायत कोष्टा द्वारा बनाई गई है, जिसमे मेरी परिवार आईडी क्रमाक–42072690डी परिवार मुखिया का नाम सुरेन्द्र कुमार तिवारी दर्ज है। मेरे द्वारा बनवाये गये आधार कार्ड में (आधार कार्ड नं. 778590034735 है) सुरेन्द्र कुमार तिवारी पिता जागेश्वर प्रसाद तिवारी निवासी 112 खा, कोष्टा, हैण्ड पम्प कोष्टा, कोष्टा, रतहरा तहसील व थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा म.प्र. बताया गया था। किन्तु जब मुझे आधार कार्ड भारत सरकार द्वारा बनाकर दिया गया तो मेरा नाम सुरेन्द्र तिवारी आधार कार्ड में दर्ज कर दिया गया है, जो गलत है, जबकि मेरा सही नाम सुरेन्द्र कुमार तिवारी है। मेरे नाम में सुरेन्द्र के आगे कुमार न दर्ज होने के कारण मुझे एवं मेरे बच्चों को अनेक परेशानियो का सामना करना पड रहा है, तथा मेरा व बच्चो का कार्य अनावश्यक रूप से मेरे नाम के आगे कुमार न लिखे जाने के कारण नहीं हो पाते है। सुरेन्द्र तिवारी एवं सुरेन्द्र कुमार तिवारी एक ही व्यक्ति के नाम हैं अर्थात मेरा ही नाम है। अतः मेरे आधार कार्ड मे सुरेन्द्र तिवारी के स्थान पर सुरेन्द्र कुमार तिवारी सुधार किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

सुरेन्द्र कुमार तिवारी

RN- 82280

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# गोपद नदी में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर, वीडियो वायरल

**जागरण, सीधी।** जिले में रेत के अवैध उत्खनन पर प्रशासन द्वारा सख्ती बरतने के दावे अब खोखले साबित हो रहे हैं। कहने को तो वैध और अवैध दोनों तरह के रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा हुआ हैए लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। जिला मुख्यालय से लेकर दूरस्थ वनांचलों में रात के अंधेरे में खुलेआम रेत की चोरी की जा रही है। ताजा मामला मड़वास थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपद नदी के निधिपुरी पंचायत और शंकरपुर पंचायत की सीमा का है। जहां से एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि करीब 40 ट्रक और ट्रैक्टर रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक अवैध रेत खनन में जुटी रहती हैं। वीडियो में बताया गया है कि रेत खदान तक पहुंचने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है ताकि कोई बाहरी नजर न डाल सके। स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया और यह आरोप लगाया कि रेत माफिया द्वारा सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगाया जा रहा है जबकि पुलिस और प्रशासन मूकदर्शक बने बैठे हैं। कुछ लोगों ने तो यहां तक दावा किया है कि यह सब कुछ प्रशासन की सांठगांठ से हो रहा है। ऐसे में प्रशासन की चुप्पी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जहां एक ओर शासन की ओर से सख्ती के निर्देश हैं, वहीं स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता और पुलिस की चुप्पी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



लोग पूछ रहे हैं कि इतनी बड़ी संख्या में वाहन कैसे रातभर रेत भरते रहते हैं और किसी को भनक तक नहीं लगती। स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी से इस मामले की जांच की मांग की है।

## शहर में आवारा कुत्तों का आतंक, जनता परेशान

**रीवा।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए खतरा बन चुकी है। रोजाना कई लोग डॉग बाइट के शिकार हो रहे हैं, जिससे अस्पतालों में रेबीज के टीके के लिए भीड़ लग रही है। नगर निगम हर साल लाखों का बजट आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और देखरेख के लिए पास करता है, लेकिन जमीनी हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। नसबंदी अभियान और डॉग शेल्टर के दावे सिर्फ फाइलों तक सीमित हैं। बरसात में फिसलन और अंधी तंग गलियों में बच्चे, बुजुर्ग कुत्तों के झुंड से किसी तरह बचने का प्रयास करते हैं और जरा सी असावधानी उनके लिये भारी पड़ जाती है। निगम ने हेल्पलाइन नंबर 15400 जारी किया है, लेकिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा। जनता की मांग है कि पारदर्शी नसबंदी अभियान चलाया जाए, स्थायी डॉग शेल्टर बनें और बाइट केस में त्वरित उपचार हो।

**In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Rewa**
**Presiding Officer : दयाल सिंह सूर्यवंशी**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/1800024/2014)
जर्नादन प्रसाद..................वादी
बनाम
प्रमोद कुमार बगै. .............प्रतिवादी
Process ID-/2025
पेशी दिनांक:-18/07/2025

प्रेषिती-

**1.** अर्चना शुक्ला पिता स्व. रामलाल गौतम पता खुलसीवार 2 भिलाई छत्तीसगढ़ **2.** गायत्री पिता स्व. रामलाल गौतम पता भिलाई छत्तीसगढ़ **3.** तारा पिता स्व. रामलाल गौतम पत्नी श्री पंकज सोहगौरा पता मोहल्ला ढेकहा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. **4.** शांति पति स्व. रामलाल गौतम पता मोहल्ला ढेकहा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. **5.** सविता शुक्ला पिता स्व. रामलाल गौतम पता मोहल्ला नेहरू नगर भिलाई छत्तीसगढ़।

यह कि प्रार्थी जर्नादन प्रसाद ने आपके विरुद्ध दावा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 14 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर
(दयाल सिंह सूर्यवंशी)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)

**कृपया ध्यान दें :-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा। आरएन-82640

**नाम सुधार सूचना**

मैं तारिक शाह पिता मोहम्मद हनीफ उम्र – 32 साल, निवासी वार्ड क्र. 32 मलियान टोला तह. हुजूर जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूं, एवं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि आधार नं. 472893714228 है। मेरे पुत्र का नाम पूर्व में आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मोहम्मद तल्हा लिखाया गया था, लेकिन अब मैं अपने पुत्र का नाम पुत्र के माता के सहमति से तल्हा तारिक रख लिया हूं। अत: मेरे पुत्र का नाम सभी दस्तावेजों में मोहम्मद तल्हा की जगह तल्हा तारिक सुधार किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

तारिक शाह

RN- 82538

**मकान बेचना है**

30X34 का प्लॉट जिसमें 4 कमरे 1 किचेन, 3 लैट बाथ एक पोर्च एवं बोर, सप्लाई नल कनेक्शन सहित मकान शीघ्र बेचना है। पता- विश्वविद्यालय रोड राइस मिल के पास कैलाशपुरी रीवा।
मो. 9243282291
6269362037
RN. 82634 (30/6)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
Office of The Executive Engineer, Technical Division Rewa (M.P.)
No./198/2025-26 /E-Tendering/Rewa Rewa Dated : 11.06.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Rate E-Tenders are invited from contractors registered with MSME for **Repair and Maintenance work of Material testing lab equipments at M.P. State Agricultural Marketing Board Tech. Division Rewa** Tender Number : 2025_MPSAM_430815_2 The following works Tender to be received online up to 17:30 PM on 30.06.2025 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www. mpmandiboard.gov.in**

**Note :** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of works and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/120663/25 **EXECUTIVE ENGINEER**

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री (सिविल)**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कंपनी लिमिटेड रीवा**

क्र. 153-02/ क्रय/ निविदा/217 रीवा दिनांक: 17.06.2025

**निविदा आमंत्रण-सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु आन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण-

| क्र. | टेंडर आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025-PKVVC-431143-1 | 33/11 के.वी. सब/स्टेसन खमरिया जिला सतना के अंतर्गत नियंत्रण कक्ष, चैन-लिंक, मेस फेंसिंग, बोर वेल, रोड, मेन गेट, विकेट गेट शौचालय, अग्नि नियंत्रण यंत्र, एक्स-मर प्लिंथ, केवल ट्रेंच, यार्ड लेवलिंग मेटलिंग का निर्माण कार्य । | प्रथम | 04 माह | 3319171.00 | 2360+ GST =2752 | 33192 |

निविदा फार्म सरल क्रमांक-1 ऑनलाइन भुगतान कर 01.07.2025 को समय 5.30 तक जमा किये जा सकते है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त बेवसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संसोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। केवल बेवसाइड पर अपलोड किया जावेगा।

सरल क्रमांक 1 निविदा दिनांक 03.07.2025 समय 10:30 AM बजे खोली जायेगी।

अधीक्षण यंत्री (सिविल)
म.प्र. पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. रीवा

# बमीठा थाना ने गोदाम से कूलर चोरी के दो आरोपी पकड़े



**जागरण, छतरपुर** । बमीठा थाना क्षेत्र में एक गोदाम से एक दर्जन कूलर चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को महज दो दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। चोरी गए सभी कूलर बरामद कर लिए गए हैं और आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना बमीठा क्षेत्र के ग्राम बसारी में तीन दिन पहले हाईवे किनारे स्थित एक विद्युत उपकरण दुकान के गोदाम से एक दर्जन कूलर चोरी होने की घटना सामने आई थी। दुकान संचालक ग्यासीलाल विश्वकर्मा की शिकायत पर थाना बमीठा में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू करते हुए घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान संदेह के आधार पर दुकान में काम करने वाले दो व्यक्तियों से गहन पूछताछ की गई, जिन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान देवेंद्र उर्फ राजू पुत्र परमलाल विश्वकर्मा निवासी मिलिया पुखरिया थाना ओरछा रोड के पास, छतरपुर और सत्य प्रकाश पुत्र लक्ष्मी प्रसाद पटेल निवासी महाराजगंज टेढ़ी पुरवा थाना सिविल लाइन के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए एक दर्जन कूलर, जिनकी कीमत करीब 60,000 रुपये है, बरामद कर लिए।

## बाजार इलाके में अस्त व्यस्त खड़े दोपहिया वाहनों को जब्त किया जा रहा

**छतरपुर** । बड़े शहरों की तर्ज पर ट्रैफिक पुलिस का एक्शन , ट्रॉले में गाड़ियों को लाद कर ले जा रही ट्रैफिक पुलिस बाजार इलाके में गलत पार्किंग की गई गाड़ियों की वजह से भारी ट्रैफिक जाम होता है जिससे आम जनता को काफी परेशानी होती है।उसी के चलते लगातार शिकायत मिलती रहती है, आज ट्रैफिक पुलिस की पुनः करवाई देखने को मिली है। छतरपुर स्क्ष अगम जैन के निर्देश पर छतरपुर यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत व उनकी टीम ने बाजार इलाके से दर्जन बाहर से ज्यादा गाड़ियों को जप्त किया है। इनमें से ज्यादातर गाड़ियां दो पहिया वाहन है जो गलत तरीके से सड़क पर पार्क किए गए थे।

# चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं मरीजों की सुविधाओं के लिए कई प्रस्ताव किये गये अनुमोदित



**जागरण, छतरपुर** । कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में मूलभूत व्यवस्थाओं और मरीजों की सुविधाओं के संबंध में जरूरी प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें चिकित्सा व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन, वाटर सप्लाई सिस्टम, नल व पाईपलाइन की मरम्मत, सुधार व मेंटेनेंस कार्य, मरीजों के बैठने की व्यवस्था एवं विभिन्न आवश्यक उपकरणों कूलर, पंखों एवं एसी के मरम्मत, सुधार कार्य, इलेक्ट्रिक व्यवस्था के सुचारू संचालन, आईसीयू, स्ट्रेचर व्हील चेयर के सुधार कार्य, वार्डों में खराब दीवारों की रंगाई पुताई, डस्टबिनों की चिन्हित स्थलों पर स्थापना, ड्रेनेज सिस्टम के सुधार एवं फायर सेफ्टी व्यवस्था, मूल्यांकन अनुसार कायाकल्प कार्य कराने, उपयोगी सामग्री क्रय करने आदि कार्यां के प्रस्तावों पर चर्चा की और कुछ प्रस्तावों पर अनुमोदन किया। साथ ही कलेक्टर ने वित्त वर्ष 2024-25 की मदवार जिला अस्पताल मे आय और व्यय पत्रक राशि की जानकारी ली।

# सीईओ जनपद पंचायत ने किया खेत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण



**जागरण, मंडला** । जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नैनपुर विकासखण्ड के ग्राम झिरिया में किसान राजेश आहाके के खेत में मनरेगा से नवीन खेत तालाब बनाया जा रहा है। सीईओ जनपद पंचायत श्री विनोद मरावी ने निर्माणाधीन खेत तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत के सचिव को निर्देशित किया कि खेत तालाब का निर्माण कार्य समय पर पूरा करायें। कृषक से बातचीत करते हुए सीईओ ने तालाब में सिंघाड़े की खेती तथा मत्स्य पालन के लिए प्रेरित किया। साथ ही तालाब की मेढ़ पर अरहर की फसल लगाकर अतिरिक्त आय कमाने की समझाईश दी। इस दौरान जनपद पंचायत के उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत सचिव व कृषक मौजूद रहे।

## मदिरा दुकानों पर शराब की विक्रय दरों के क्यूआर कोड किए गए चस्पा

**छतरपुर** । आबकारी आयुक्त म.प्र. ग्वालियर के पत्र अनुसार मदिरा दुकानों पर मदिरा की विक्रय दरें एवं विक्रय दरों के सत्यापन के लिए क्यूआर कोड चस्पा किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में आबकारी विभाग छतरपुर द्वारा उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान रखते हुए जिले की प्रत्येक कंपोजिट मदिरा दुकानों पर 03 स्थानों पर क्यूआर कोड चस्पा किया गया है। आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों पर मदिरा की अधिक विक्रय दरों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# जनसुनवाई में पहुंचे 110 आवेदक, सीईओ जिला पंचायत ने दिए निराकरण के निर्देश



**जागरण, मंडला** । सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिला योजना भवन में संपन्न हुई जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका समुचित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में 110 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने प्रत्येक आवेदन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए एवं आवेदन की प्रकृति के अनुसार समय सीमा निर्धारित की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में त्रुटि सुधार, आवास योजना, पेयजल, सीमांकन, वृद्धा पेंशन, ट्राई साइकिल, वाद विवाद, भुगतान आदि आवेदन प्रस्तुत किए गए।

## झण्डा दिवस की राशि पूर्ण होने पर महामहिम राज्यपाल द्वारा जिले को ट्रॉफी एवं प्रशंसा-पत्र दिया गया

**छतरपुर** । छतरपुर जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों, विभागों एवं विमला सोमन पत्नी के. एन. सोमन, समाज सेवी तथा छतरपुर जिले के नागरिकों के स्वेच्छिक सहयोग से राशि एकत्रित की जाती है। हर वर्ष की भांति सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की निर्धारित राशि का लक्ष्य एकत्रित होने पर राज भवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा छतरपुर जिले को एक ट्राफी एवं प्रशंसा-पत्र भेंट किया गया। जिसे जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रामविशाल यादव (से.नि.) द्वारा कलेक्टर पार्थ जैसवाल को भेंट किया गया। कलेक्टर द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, कार्यालय, विभाग प्रमुखों से आगे भी इसी प्रकार बढ़-चढ़कर झंडा दिवस निधि में राशि दान देने की अपील की।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 68 आवेदन, कलेक्टर के निर्देशन में त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**जागरण, डिंडोरी** । कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर के द्वारा जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 68 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, एसडीएम बजाग एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न ग्रामीणों ने आज जनसुनवाई में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जिले में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायत कंचनपुर के ग्राम तितराही में अपूर्ण पीडीएस भवन को ग्रामवासियों ने पूर्ण कराने हेतु आवेदन दिया। जिस पर जनपद सीईओ समनापुर को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्राम साल्हेघोरी के चन्द्रभान राठौर ने बताया कि ग्राम के मोहन राठौर के द्वारा मोहल्ले में लगे शासकीय नल से पानी भरने पर गाली गलौच, मारपीट करने का आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर पीएचई को जांच कर पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम उदरी के श्रीमती रिंकी बाई के द्वारा आंगनवाडी केन्द्र 02 में सहायिका के पद हेतु समिति के द्वारा भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की गई। परंतु कम अंक वाले का चयन किया। मेरे द्वारा लिखित आपत्ति दी। जिस पर समिति के द्वारा जांच पूर्ण होने के बाद भी नियमानुसार किसी को नियुक्ति आदेश न देने का अवोदन प्रस्तुत किया। जिस पर महिला बाल विकास अधिकारी को तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भाजीटोला समनापुर के आवेदक डाकेश्वर राठौर ने बताया कि अप्रैल 2024 से आज दिनांक तक ग्राम पंचायत में नल जल योजना को संचालित करने का भुगतान हेतु आवेदन दिया। जिस पर सीईओ समनापुर को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र.04 शहपुरा के अशोक साहू ने लिखित आवेदन देकर बताया कि मेरा दो माह का वेतन और मुझे बिना सूचना दिए नगर परिषद शहपुरा के द्वारा कार्य से निकाल दिए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया।

## बमीठा, पन्ना और सतना के फोर लेनिंग के संबंध में जन परामर्श बैठक सम्पन्न

**छतरपुर** । कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन परामर्श बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 39 बमीठा पन्ना सतना के फोर लेनिंग (चौड़ीकरण) के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें लगभग 14 कि.मी. की सड़क छतरपुर जिले के राजनगर तहसील की सीमा में आती है। बैठक में वनमंडलाधिकारी छतरपुर, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व, एडीएम छतरपुर, सहायक कलेक्टर, उप मुख्य अभियंता पश्चिम मध्य रेलवे, खजुराहो, अनुविभागीय अधिकारी राजनगर, जल संसाधन विभाग, जल निगम, लोक निर्माण विभाग, डीपीआर कंसलटेंट एनएच पीडब्ल्यूडी रीवा उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने 12 घंटे में गुमशुदा बालिका को किया दस्तयाब

**जागरण, छतरपुर** । जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों की तलाश कर उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गढ़ीमलहरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को मात्र 12 घंटे में तलाश कर दस्तयाब किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना गढ़ीमलहरा क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के अचानक घर से लापता होने की सूचना पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर तलाश शुरू की गई थी। तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मात्र 12 घंटे के भीतर बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना गढ़ीमलहरा प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, प्रधान आरक्षक जनक सिंह परिहार, महिला आरक्षक राधा पटेल व नेहा, तथा साइबर सेल से धर्मराज की विशेष भूमिका रही।

छतरपुर पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान के तहत जिलेभर में गुमशुदा और अपहृत बालकों की सतत खोजबीन की जा रही है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में अब तक 238 से अधिक गुमशुदा बालक-बालिकाओं को दस्तयाब किया जा चुका है। वहीं, जून माह के प्रथम 15 दिनों में ही 11 बालक-बालिकाएं खोज निकाले गए हैं।

### डिंडौरी जिले की पेयजल संकट पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सख्त

# राज्य सरकार से चार सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**जागरण, डिंडोरी**। डिंडौरी जनहित याचिका में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि डिंडौरी जिले में नल जल योजना बुरी तरह विफल हो चुकी है। योजना पर खर्च हुए करोड़ों रुपये के बावजूद अधिकांश गांवों में लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। याचिका में बताया गया कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के चलते सरकार की मंशा पर पानी फिर गया है।अधिवक्ताओं का कहना है कि पर्याप्त सरकारी बजट होने के बावजूद, जमीनी स्तर पर पानी की सप्लाई व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं और बच्चियों को कई किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ रहा है, जिससे न केवल उनका शारीरिक शोषण हो रहा है बल्कि उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है।सहित मध्यप्रदेश के ग्रामीण अंचलों में भीषण पेयजल संकट को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (ह्।ऋ्ष्ट) ने गंभीर रुख अपनाया है। आयोग ने हाल ही में अधिवक्ता सम्यक जैन व मनन अग्रवाल द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, तथा कलेक्टर डिंडौरी को नोटिस जारी किया है। आयोग ने चार सप्ताह के भीतर पूरे मामले में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। एनएचआरसी ने इस बात पर जोर दिया है कि स्वास्थ्य का अधिकार, जिसमें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच शामिल है, एक मौलिक मानव अधिकार है। यदि आरोप सत्य हैं, तो यह इस अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। आयोग की कार्रवाई जल प्रदूषण के मुद्दों को संबोधित करने और सभी नागरिकों के लिए सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व को उजागर करती है।याचिका में आरोप लगाया गया है कि नल-जल योजना में निर्माण कार्य अधूरे छोड़ दिए गए, पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हैं, कई जगह पंप खराब पड़े हैं और उनकी मरम्मत तक नहीं कराई गई। कई जगह योजना का उद्घाटन तो हो गया, लेकिन पानी की एक बूंद भी लोगों को नहीं मिली।आयोग ने इसे मानव अधिकारों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित विभागों से विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी।ग्रामीणों की पीड़ा को लेकर याचिकाकर्ताओं ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो।

# नर्मदा समग्र ने आयोजित किया आपदा प्रबंधन एवं सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण

## बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के व्यावहारिक तरीके सीखे गए



**जागरण, डिंडोरी** । माँ नर्मदा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत संगठन नर्मदा समग्र द्वारा मंगलवार को नगर में आपदा प्रबंधन एवं आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस) का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक शंकर घाट एवं डेम घाट टोली द्वारा, जिला होम गार्ड विभाग के सहयोग से सम्पन्न किया गया।कार्यक्रम में नगर के समाजसेवी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ब्क्क्क) के कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान होम गार्ड के अनुभवी जवानों ने बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय स्वयं को सुरक्षित रखने तथा दूसरों को बचाने के सरल एवं व्यावहारिक तरीकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रैक्टिकल अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पानी में फंसे व्यक्ति को बचाने की विधि, तैरने की मूलभूत तकनीकें और प्राथमिक उपचार जैसी आवश्यक बातें सिखाई गईं।पर्यावरणविद् डॉ. विकास जैन ने बताया कि डिंडोरी जिले में सबसे अधिक घटनाएं बाढ़ से संबंधित होती हैं। इसका कारण भारतीय मानसून की अनिश्चितता और जिले की असमान भौगोलिक संरचना है, जो बाढ़ की तीव्रता को बढ़ाती है। उन्होंने बताया कि बाढ़ की मार समाज के गरीब तबके पर सबसे पहले और सबसे ज्यादा पड़ती है, जिससे जान-माल की हानि के साथ प्राकृतिक क्षति भी होती है।बाढ़ के संभावित कारणों में अत्यधिक वर्षा, नदी जल-वाहिकाओं की सीमित क्षमता, तटीय तूफान, हिमपात का पिघलना, भूमि की जल-अवशोषण क्षमता में कमी और मृदा अपरदन शामिल हैं। इसलिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदाओं से निपटने की सामुदायिक तैयारी के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, दिपांशु दुबे, राजू वर्मन, अमन जी, वासु जी, दीपक वर्मन, शिवराज पेंद्रे (होम गार्ड), दिनेश साहू (नर्मदा समग्र, संभाग सहसमन्वयक) सहित अन्य प्रशिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# युवक की संदिग्ध मौत पर भड़के ग्रामीण, एनएच 30 किया जाम

## निष्पक्ष जांच की मांग करीब साढ़े चार घंटे ठप रहा यातायात



**जागरण, मंडला** । मंडला-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 मार्ग बीजाडांडी के ग्राम कालपी में उस समय बाधित हो गया, जब एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में उसके परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों ने दोपहर करीब 12 बजे सड़क पर उतरकर हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।नेशनल हाईवे 30 पर जाम लगने से भारी वाहनों के साथ-साथ यात्री वाहन, छोटी चौपहिया वाहन और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह जाम शाम करीब साढ़े चार बजे तक लगा रहा, जिससे हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम हो गया। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। स्थिति को संभालने जिले से भी पुलिस बल बुलाया गया। मौके पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों से बात कर स्थिति को नियंत्रित किया और प्रदर्शन समाप्त कराया। जिसके बाद हाइवे पर यातायात सामान्य हो सका।

**ग्रामीणों ने कहा आत्महत्या नहीं हत्या :** ग्रामीणों का विरोध बीते दिनों ग्राम पोड़ी में एक युवक के शव मिलने के मामले में पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट को लेकर था। बीजाडांडी थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ी में 2 जून को एक युवक की खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। स्थानीय पुलिस और चिकित्सक की प्रारंभिक रिपोर्ट में इसे आत्महत्या बताया गया था, लेकिन मृतक के शरीर की स्थिति और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर ग्रामीण इसे हत्या का मामला मान रहे थे। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि घटनास्थल की परिस्थितियां और शव की स्थिति आत्महत्या के संकेत नहीं देतीं। उनका आरोप था कि बिना गहराई से जांच किए फांसी का निष्कर्ष निकालना न्यायोचित नहीं है।

**मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग :** बताया गया कि ग्राम पोड़ी सेक्टर की पांच पंचायतों के क्षेत्रवासियों ने इस संबंध में विगत दिवस एसडीओपी निवास को एक ज्ञापन भी सौंपा था, जिसमें शव का पुन- पोस्टमार्टम कराने की मांग की गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि यदि उनकी मांगों को अनसुना किया जाता है, तो 16 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 स्थित कालपी में चक्काजाम करेंगे। अपनी मांगें नहीं माने जाने पर सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को हाईवे जाम कर दिया। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच के साथ जल्द से जल्द आरोपी को पकडने की मांग की है।

# बच्चों को स्कूल में एडमिशन कराने वाले रिकॉर्ड के अपडेशन में छूट रहा अभिभावकों का पसीना

## आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण है जारी

**जागरण, रीवा**। गरीब, आर्थिक कमजोर व अनाथ बच्चों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से शुरू किए गए शिक्षा का अधिकार पाने अभिभावकों को दस्तावेज अपडेशन के नाम पर कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। फिर चाहे आधार अपडेट, समग्र परिवार आईडी हो या फिर जन्म प्रमाण पत्र जैसे अहम रिकॉर्ड, सत्यापन में ऑपरेटरों की त्रुटि के चलते अभिभावकों को दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश की प्रक्रिया दो जून से शुरू की गई थी। निजी स्कूलों में प्रथम चरण में इन विद्यालयों में 2800 सीटे आवंटित की गई थी, जिसमें प्रथम चरण में 2536 छात्रों ने प्रवेश लिया है। प्रवेश की प्रक्रिया 10 जून तक पूर्ण की जा चुकी है। इस दौरान 7 मई से 23 तक चले सत्यापन में आधार व समग्र रिकॉर्ड की जांच की गई थी। अब द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी है और 30 जून चलेगी। अभिभावकों का कहना है कि दोनों रिकॉर्ड में सुधार के लिए केन्द्रों में आ रही सर्वर व अन्य तकनीकी खामियों से खासी दिक्कतें आ रही हैं।

### कक्षावार तय की गई आयु

ज्ञात हो कि जारी नवीन शिक्षा नीति की गाइडलाइन के अनुसार अब कक्षा अनुरूप आयु निर्धारित की गई है। नए सत्र में प्रवेश की आयु गणना प्री-प्रायमरी कक्षा नर्सरी, केजी-1, केजी-2 के लिए न्यूनतम आयु 31 जुलाई तथा कक्षा एक के लिए 30 सितंबर की स्थिति में होगी। नर्सरी के लिए तीन वर्ष अधिकतम 4 वर्ष 4 माहए केजी-1 के लिए 4 वर्ष, केजी-2 के लिए 5 वर्ष तथा कक्षा एक में प्रवेश के लिए 6 वर्ष तय की गई है। इनसे संबंधित रिकॉर्ड न मिलने पर अपात्र किया जाएगा।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## आपदाएं: मौसम के मिजाज को समझने की जरूरत

यह ऐसा समय है, जब मौसम और मौसम जनित जोखिमों से बहुत सावधान रहने की जरूरत है। उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों का दौर जारी है, तो दूसरी ओर, मानसून भी बढ़ता आ रहा है। जब सूरज की आग उगलती किरणें और गर्म हवाएं लोगों को बीमार कर डालने को तैयार दिखती हैं, ऐसे में, जुबान पर बस यही सवाल है कि मानसून कब आएगा? बहरहाल, सवाल यह भी है कि जहां मानसून आ गया है, वहां क्या हाल हैं या जहां बारिश हो रही है, वहां क्या स्थिति है? रविवार की ही बात करें, तो मौसम की मार आपदा में बदल जा रही है। दो बहुत दुखद त्रासदियां हैं, जिन पर जरूर गौर करना चाहिए। रविवार को ही रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड के वन क्षेत्र के पास हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार पायलट समेत सात लोगों की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि यह हादसा खराब मौसम की वजह से हुआ है। अब यहां अनेक सवाल खड़े होते हैं, जब मौसम ठीक नहीं था, तब हेलीकॉप्टर उड़ाने की क्या जरूरत थी? क्या निजी विमानन या यात्रा कंपनियों के लिए उनका आर्थिक लाभ मानव जीवन से भी महत्वपूर्ण हो गया है? या हम हवाई यात्राओं के प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं? क्या हम सुरक्षा या सावधानी के मानदंडों की पालना नहीं कर रहे? अब केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं अगले दो दिनों के लिए निलंबित कर दी गई हैं, मगर इस क्षेत्र में सुरक्षित सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से विचार करना चाहिए। इसके अलावा, जंगलचट्टी के पास खड्ड में मलबा और पत्थर गिरने के चलते उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम की तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई है। ये दोनों हादसे इशारा हैं कि पहाड़ों पर बहुत सावधानी से यात्रा करने की जरूरत है।

> यह ऐसा समय है, जब मौसम और मौसम जनित जोखिमों से बहुत सावधान रहने की जरूरत है। मौसम जनित हादसे रुलाने लगे हैं। मौसम की मार आपदा में बदल रही है। रुद्रप्रयाग जिले में हेलीकॉप्टर दुर्घटना खराब मौसम की वजह से हुई है।

उधर, रविवार को ही पुणे में इंद्रायणी नदी पर रविवार को एक पुराना पुल ढह गया, जिसमें अनेक लोगों के मरने की आशंका है। यह एक पर्यटन स्थल है, जहां बारिश के मौसम में विशेष रूप से लोग उमड़ते हैं। रविवार होने की वजह से पुल पर हादसे के वक्त करीब सौ लोग थे। मावल तहसील के कुंदमाला इलाके के पास हुआ यह हादसा भी अनेक सवाल खड़े करता है? लोहे का पुल तीस साल पुराना था, लेकिन उस पुल पर एक साथ सौ लोगों को किसने जाने दिया? वाकई, यह मौसम ऐसा है, जब अनेक लोग अति उत्साह में अपनी जान की भी परवाह नहीं करते हैं।

प्रशासन तो जिम्मेदार है ही, मगर लोगों को भी अपने स्तर पर सचेत व तैयार रहना होगा, ताकि उनकी सुरक्षा से कोई समझौता न कर सके। यह समय है, जब तमाम पुराने पुलों, सड़कों, बांधों, पटरियों और वाहनों की योग्यता-क्षमता को परख लेना चाहिए।

# ध्रुवीकरण और अव्यवस्थाओं से भरा आज का अमेरिका

अंतर्राष्ट्रीय राजनीति

हर्ष वी पंत

ईरान-इजरायल के बीच भड़कते युद्ध के बीच बहुत से देशों को उम्मीद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष विराम की पहल करेंगे। क्या यह उम्मीद पूरी होगी, यह कहना मुश्किल है, क्योंकि आजकल अमेरिका खुद अपनी समस्याओं में उलझा हुआ है। वहां बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन देखे जा रहे हैं। आज यह देखना जरूरी है कि अमेरिका कैसे हालात से गुजर रहा है।

विरोध को दबाने की कोशिश के तहत ही ट्रंप को शनिवार को राजधानी वाशिंगटन डीसी में सैन्य परेड करानी पड़ी। हजारों सैनिकों ने टैंकों, हेलीकॉप्टरों व विमानों के साथ अमेरिकी सेना के 250वें स्थापना दिवस के जश्न में नेशनल मॉल से मार्च किया, जबकि पूरे देश में लाखों लोगों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। गौर करने की बात है, साल 1991 के बाद से अमेरिका की राजधानी में यह पहली सैन्य परेड थी और यह उस दिन हुई, जब ट्रंप 79 वर्ष के हुए।

प्रदर्शनकारियों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के बीच लगातार झड़पें शहर-दर-शहर कर्फ्यू एक के बाद दूसरे विश्वविद्यालय को दी जा रही चुनौती कैद किए जा रहे छात्र और सरकार के विभिन्न अंगों द्वारा एक-दूसरे से असहमतियों का खुला इजहार, राजनीतिक हत्याएं, यह तस्वीर तीसरी दुनिया के किसी तानाशाही वाले देश की नहीं, आज के अमेरिका की है। लॉस एंजिल्स की सड़कों ने पिछले कुछ दिनों में जो भयंकर आग देखी, इसकी लपटें अमेरिका के कई प्रमुख शहरों तक फैल गई है, मगर व्हाइट हाउस की नीतिगत पहल पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल अमेरिका के सामाजिक-राजनीतिक विकास के लिहाज से एक निर्णायक क्षण के रूप में उभर रहा है। दुनिया के बाकी हिस्सों के लिए एक नजीर रहा अमेरिका आज सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अव्यवस्थाओं से भरा हुआ है, जो हमें विकासशील दुनिया के अनेक देशों की याद दिलाता है। वाशिंगटन के राजनीतिक पंडित इन देशों को शासन करने के तरीके की नसीहतें देते रहते हैं। लॉस एंजिल्स में पिछले हफ्ते से ही विरोध-प्रदर्शन जारी हैं। मुख्यतः अप्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग द्वारा अप्रवासियों को निशाना बनाकर छापे मारे जा रहे हैं, जिसके जवाब में पूरे शहर में व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं। बढ़ती अशांति को देखते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने लॉस एंजिल्स में 2,000 नेशनल गार्ड और 700 मैरीन सैनिकों की तैनाती कर दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास सहित अनेक स्थानीय अधिकारियों ने इस कदम की आलोचना की है, हालांकि एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के इस कदम का समर्थन किया है। अमेरिका की घरेलू राजनीति में आप्रवासन एक बड़ा विभाजनकारी मुद्दा बन गया है। ट्रंप प्रशासन ने इसे लेकर कई आक्रामक नीतियां लागू की हैं, जिनसे इस मसले पर राष्ट्रीय बहस तेज हो गई है और बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। अनुमान है, ट्रंप के कार्यकाल में लाखों अवैध अप्रवासियों को अमेरिका से निकाला जाएगा। इन कदमों के समर्थन के लिए उन्होंने 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' भी पेश किया है। यह एक व्यापक विधायी प्रस्ताव है, जो इन कदमों के लिए अरबों डॉलर आवंटित करता है। इनमें सालाना दस लाख लोगों को अमेरिका से बाहर निकालने और सीमाओं पर दीवार खड़ी करने के लिए धन मुहैया कराना शामिल है। जाहिर है, राजनीतिक विभाजन साफ-साफ दिखाई पड़ रहा। रिपब्लिकन जहां बड़े पैमाने पर ट्रंप प्रशासन के नजरिये का समर्थन कर रहे हैं, तो वहीं डेमोक्रेट नागरिक आजादी, मानवाधिकारों और इतने बड़े पैमाने पर निष्कासन के आर्थिक प्रभाव को लेकर अपनी चिंताएं जता रहे हैं। गवर्नर गैविन न्यूसम ने, जो डेमोक्रेट नेता और राष्ट्रपति के प्रमुख आलोचक हैं, लॉस एंजिल्स में सैन्य तैनाती को एक 'तानाशाह राष्ट्रपति की विक्षिप्त कल्पना' बताया है। व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर लगातार दोहरा रहे हैं कि व्हाइट हाउस को आशा है कि आव्रजन व सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग एक दिन में 3,000 तक गिरफ्तारियां कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों की गिरफ्तारियों के मुकाबले यह कई गुणा अधिक है। ट्रंप ने कहा था कि वह अमेरिकी सड़कों पर वामपंथी अराजकता को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और इससे मुक्ति पाने के लिए बतौर राष्ट्रपति अपनी शक्तियों का पूरा प्रयोग करेंगे। मगर इस सबसे अमेरिका में राजनीतिक ध्रुवीकरण गहराता जा रहा है। देश की दो प्रमुख सियासी पार्टियों, रिपब्लिकन और डेमोक्रेट के बीच की वैचारिक खाई और चौड़ी हो गई है। दोनों ही पार्टियां बीच की स्थिति से दूर होती जा रही हैं। यह बदलाव कांग्रेस में स्पष्ट रूप से दिखता है, जहां पिछले पांच दशकों में सदस्यों की विचारधाराएं अधिक चरम पर पहुंच गई हैं और इसके परिणामस्वरूप उनमें आपसी सहयोग कम हो गया है। ध्रुवीकरण शैक्षिक तौर भी साफ-साफ दिख रहा है। डेमोक्रेट्स उच्च शिक्षित व्यक्तियों के साथ अधिक जुड़े हुए हैं, जबकि रिपब्लिकन उन मतदाताओं का अधिक प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनके पास कॉलेज की डिग्री नहीं है। इस विभाजन ने बिल्कुल विपरीत विचारों को जन्म दिया है। डेमोक्रेट जहां प्रामाणिक विशेषज्ञों का पक्ष लेते हैं, तो वहीं रिपब्लिकन विश्वविद्यालयों और मीडिया संस्थाओं के प्रति संदेह जताते हैं। बढ़ते ध्रुवीकरण के कारण विधायी गतिरोध पैदा हो रहा है। कई महत्वपूर्ण नीतिगत पहल को कांग्रेस से पारित होने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, आप्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे इस गतिरोध के शिकार बन गए हैं।



> ईरान-इजरायल के बीच भड़कते युद्ध के बीच बहुत से देशों को उम्मीद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष विराम की पहल करेंगे। क्या यह उम्मीद पूरी होगी, यह कहना मुश्किल है, क्योंकि आजकल अमेरिका खुद अपनी समस्याओं में उलझा हुआ है।

जाहिर है, ऐसे गतिरोध लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को कम करते हैं और दबाव वाले मुद्दों से निपटने में सरकार की क्षमता को प्रभावित करते हैं। अमेरिका एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है और कई लोगों का तर्क है कि एक राष्ट्र के तौर पर इसे ऐसे नुकसान होने जा रहे हैं, जिनकी भरपायी न हो सकेगी। लॉस एंजिल्स (एलए) में अराजक माहौल का असर न्यूयॉर्क सहित अन्य शहरों पर भी पड़ा है। वहां भी ट्रम्प की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन हुए हैं।

डेमोक्रेट जिन्हें कभी-कभी वामपंथी, उदारवादी या प्रगतिशील भी कहा जाता है, ट्रंप की आव्रजन विरोधी नीतियों का कैसे मुकाबला करते हैं? बड़ा सवाल है। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी का सिम्बल है 'हाथी'। यह हाथी मतवाला होकर लोकतंत्र को रौंद रहा है।

हालांकि, अमेरिका में अपनी मूल शक्तियों को बार-बार हासिल करने की महान प्रवृत्ति है। फ्रांसीसी राजनीति विज्ञानी एलेक्सिस डी टोकेविले ने कहा था, 'अमेरिका की महानता किसी अन्य राष्ट्र की तुलना में अधिक प्रबुद्ध होने में नहीं है, बल्कि अपनी गलतियों को सुधारने की उसकी क्षमता में है।' यह देखना अभी बाकी है कि क्या ट्रंप का अमेरिका ऐसे क्रांतिकारी बदलाव के लिए तैयार है? क्या डोनाल्ड ट्रंप में घरेलू अंसतोष के न्यायपूर्ण समाधान और दुनिया में अमन-चैन लाने की क्षमता या इच्छा है?

# कई पहलू हैं विमान हादसे की जांच के, साजिश का भी अंदेशा

विमान हादसा

एसके मिश्रा

अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान एआइ 171 गुरुवार दोपहर को टेकऑफ करने के करीब 30 सेकंड के अंदर मेघाणीनगर में एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल के ऊपर गिर कर जिस तरह बिखर गयी, वह स्तब्ध कर देने वाली घटना थी। इस क्षेत्र के अनुभवी लोग जानते हैं कि विमान ज्यादातर टेकऑफ करते समय या फिर लैंडिंग के वक्त दुर्घटनाग्रस्त होते हैं, लेकिन टेकऑफ करते समय विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना कहीं ज्यादा खतरनाक होता है, क्योंकि तब उसमें ईंधन पूरा भरा होता है। दरअसल उड़ान भरने के तुरंत बाद पायलट को गड़बड़ी का पता चल गया था। लिहाजा उन्होंने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मेडे का आपातकालीन संदेश भेजा था, लेकिन उसके बाद एटीसी को विमान से कोई जवाब नहीं मिला। अहमदाबाद में हुई यह दुर्घटना 2020 के बाद भारत में सबसे बड़ी विमान दुर्घटना है। इससे पहले सात अगस्त, 2020 को एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान केरल के कोझीकोड में उतरते हुए दो टुकड़ों में बंट गया था. उस हादसे में 21 लोग मारे गये थे। हालांकि देश में सबसे भीषण विमान हादसा 12 नवंबर, 1996 को हुआ था, जब हरियाणा के चरखी-दादरी में दो विमानों की टक्कर में 349 लोग मारे गये थे।

ताजा हादसे में विमान जिस तरह से नीचे गया, उसे देखते हुए कुछ विशेषज्ञों ने इंजन में खराबी की आशंका जतायी। उनके मुताबिक, ऐसा लग रहा था कि वह विमान उड़ने के लिए पर्याप्त पावर नहीं बना पा रहा था। पावर की कमी इंजन की खराबी के कारण हो सकती है। हालांकि विमान के टेकऑफ करते ही दोनों इंजन का फेल होना दुर्लभतम मामला है। इसकी आशंका बहुत कम है कि दोनों इंजन एक साथ खराब हो जाएं, क्योंकि इसका इंजन बहुत बड़ा होता है। ऐसे में, यह संभव ही नहीं है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद दोनों इंजन अपनी पावर खो दें। विमान के लैंडिंग गियर के नीचे होने पर भी सवाल उठाये गये, क्योंकि उड़ान भरते ही विमान के लैंडिंग गियर को ऊपर होना चाहिए था। कुछ विशेषज्ञों ने पक्षी के टकराने की भी बात कही है, लेकिन वैसी स्थिति में इंजन से धुआं उठता दिखाई देता, जबकि ऐसा कुछ नहीं था। निश्चित रूप से जांच से पहले कुछ कहा नहीं जा सकता।



> अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की जांच कुल आठ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा शुरू कर दी गयी है। हादसे की वजह तो ब्लैक बॉक्स की रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगी। फिलहाल इस भीषण हादसे के बारे में विशेषज्ञों द्वारा कई अनुमान लगाये जा रहे हैं। हालांकि विमान के टेकऑफ करते ही दोनों इंजन का फेल होना दुर्लभतम मामला है।

इस हादसे को साजिश की तरह भी देखा जाना चाहिए, इसलिए भी कि यह हादसा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के राज्य में हुआ है। इस दिशा में भी जांच होगी ही कि कहीं इंजन में ईंधन की आपूर्ति रोकने की कोई सुनियोजित साजिश तो नहीं रची गयी थी। हो सकता है कि फ्यूल टैंक में 1.25 लाख लीटर ईंधन भरकर फ्यूल टैंक का मेन स्विच बंद कर दिया गया हो। फ्यूल टैंक के मेन स्विच से इंजन तक की सप्लाई पाइप में जितना ईंधन समा सकता है, वह केवल तीस-चालीस सेकंड तक इंजन को चालू रख सकता है। फ्यूल सप्लाई लाइन ग्राउंड स्टाफ का दायित्व है। फ्लाइट क्रू (पायलट्स) को विमान जांच के बाद बुलाया जाता है। वे फ्यूल लाइन की जांच करने या उन्हें खोलने-बंद करने के अधिकारी नहीं होते। लिहाजा साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर विमानों ने देश में चौदह साल पहले पहली उड़ान भरी थी और इस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की यह पहली ही घटना है। साढ़े ग्यारह साल पुराना यह विमान बहुत पुराना नहीं था। ऐसे में यह चिंतित करने वाली बात तो है ही कि जिस विमान को इतना सुरक्षित बताया गया, उसके साथ ऐसा भला कैसे हो गया। हालांकि यह भी सच है कि बीते कुछ वर्षों में ड्रीमलाइनर विमान लगातार तकनीकी खामियों, सॉफ्टवेयर बग्स और बैटरी फेल जैसी गंभीर समस्याओं का शिकार बने हैं। हादसे से थोड़ी देर पहले उसी विमान से दिल्ली से अहमदाबाद आये एक यात्री की शिकायत थी कि विमान में कई फीचर काम नहीं कर रहे थे। ऐसे में, सवाल यह भी उठ रहा है कि उड़ान भरने से पहले विमान की ठीक से तकनीकी जांच हुई भी थी या नहीं। खासकर देश में जिस तेजी से विमानन क्षेत्र का विस्तार हो रहा है और दूसरी श्रेणी के शहरों में विमान सेवा की मांग बढ़ने लगी है, उसे देखते हुए यह हादसा यात्रियों पर मनोवैज्ञानिक असर डाल सकता है। भारत का विमानन क्षेत्र वैश्विक स्तर पर तीसरे नंबर पर पहुंच चुका है और देश की जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी 1.5 फीसदी है। लिहाजा भारतीय विमानन क्षेत्र के हित में यही है कि यथाशीघ्र हादसे के कारणों का पता लगाया जाए और विमानन क्षेत्र के प्रति लोगों का भरोसा बनाये रखा जाए।

(लेखक आइजीआइ एयरपोर्ट के पूर्व निदेशक और पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, ऑपरेशंस हैं)

प्रसंगवश

## युद्ध, हिंसा और भुखमरी ने बढ़ाया विस्थापन का संकट

सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृहयुद्ध झेल रहा है, जिस कारण वहां भी बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ रहा है। अपना घर-बार छोड़ कर दूसरी जगह ठिकाना तलाशने की मजबूरी जीवन की डगर को और कठिन बना देती है। ऐसे लोगों के पास विस्थापन का दर्द झेलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह जाता है। यह किसी एक देश की बात नहीं है, बल्कि दुनिया भर में विभिन्न कारणों से विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी की एक रपट के मुताबिक, दुनिया में जबरन विस्थापितों का आंकड़ा 12.2 करोड़ से अधिक हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 लाख अधिक है और बीते दशक की अपेक्षा लगभग दोगुना है। संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि लोगों के विस्थापन के लिए युद्ध, आंतरिक हिंसा और उत्पीड़न मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में दुनिया में मुख्य रूप से दो मोर्चों पर आमने-सामने का युद्ध हो रहा है, वह है रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास। रूस और यूक्रेन के बीच तो लंबे समय से संघर्ष चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत भी हुए हैं। निकट भविष्य में इस युद्ध का अंत होने के आसार अभी नजर नहीं आ रहे हैं। इस कारण यूक्रेन में 88 लाख लोगों को अपना घर-बार व जमीन-जायदाद छोड़ कर दूसरी जगह जाना पड़ा है। वहीं, इजराइल-हमास के बीच युद्ध में ईरान का हस्तक्षेप भी किसी से छिपा नहीं है। दूसरी ओर, सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृहयुद्ध झेल रहा है, जिस कारण वहां भी बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ रहा है। रपट के मुताबिक, आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है। गृहयुद्ध से जूझ रहा सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यह सीरिया के 1.35 करोड़ विस्थापितों से अधिक हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान में एक करोड़ से अधिक लोगों को जबरन विस्थापित किया गया है। हालांकि, इस मामले में भारत की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की एक हालिया रपट के मुताबिक, भारत में वर्ष 2024 में हिंसा के कारण 1,700 लोग विस्थापित हुए, जो 2023 में विस्थापित लोगों की संख्या से कम हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत में इस मामले में भविष्य में और सुधार होगा। विस्थापन का एक पहलू यह भी है कि इन लोगों को खाद्य संकट और कुपोषण का भी शिकार होना पड़ रहा है। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रपट के अनुसार, दुनिया भर में कुल विस्थापितों में से 9.5 करोड़ ऐसे देशों में रह रहे हैं, जहां पहले से ही खाद्य संकट गहराया हुआ है, जैसे कि कांगो, कोलंबिया, सूडान और सीरिया। करीब 20 देशों में 14 करोड़ लोग युद्ध और हिंसा के कारण भोजन की कमी से जूझ रहे हैं। इससे स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र और कुछ अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियां विस्थापित लोगों की मदद का प्रयास करती रही हैं, लेकिन वित्तीय कोष के अभाव में उनके ये प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहे हैं।

> आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है। गृहयुद्ध से जूझ रहा सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।



## ॥गीता॥



**श्लोक :** यत्साङ्ख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते । एकं साङ्ख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति ॥

**भावार्थ :** ज्ञान योगियों द्वारा जो परमधाम प्राप्त किया जाता है, कर्मयोगियों द्वारा भी वही प्राप्त किया जाता है। इसलिए जो पुरुष ज्ञानयोग और कर्मयोग को फलरूप में एक देखता है, वही यथार्थ देखता है ।

जीवन दर्शन

## आध्यात्मिक उन्नति के लिए समस्त ऊर्जा के साथ करें प्रयास

हम उत्साह कैसे उत्पन्न करें और उसे कैसे बनाए रखें? किसी कार्य को करने की प्रेरणा इस बात पर निर्भर करती है कि हमारी बुद्धि उसे कितना महत्व देती है। उदाहरण के लिए, यदि आप तय करते हैं कि आपके ऑफिस में बॉस के सामने प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन (प्रस्तुती) आपकी आजीविका के लिए महत्वपूर्ण है, तो आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए प्रेरित रहेंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपकी बुद्धि मानती है कि यह आपके आजीविका के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन अगर आपकी बुद्धि यह मानती है कि यह वास्तव में महत्व नहीं रखता कि प्रस्तुति कैसी हो, तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की आपकी प्रेरणा कम हो जाएगी। इसी तरह, साधना में उदासीनता तब आती है जब हम वर्तमान में मिले अवसर को भूल जाते हैं । हम सोचने लगते हैं, इतनी जल्दी क्या है? मेरे पास अभी भी जीने के लिए 50 साल और हैं। साधना में गति तब आएगी जब हम बुद्धि में उचित ज्ञान लाएंगे और उसके आधार पर उचित भावनाएं उत्पन्न करने के लिए मन पर दबाव डालेंगे । उदाहरण के लिए, मानव योनि में हमारे पास जो सुनहरा अवसर है उसके बारे में सोचें। 84 लाख योनियों में से मनुष्य देह पाना दुर्लभ है, यह अवसर कई जन्मों के बाद मिलता है। कबहुँक करि करुणा नर देही, देत ईश बिनु हेतु सनेही (रामायण) कभी-कभी बहुत कम ही, भगवान अपनी अहैतुकी कृपा दया से आत्मा को मानव जन्म प्रदान करते हैं। सभी प्राणियों में केवल मनुष्य योनि ही ज्ञान प्राप्ति की क्षमता रखता है। ज्ञान यह विवेक की शक्ति को जागृत करता सक्षम बनाता है। इससे हम जीवन के उद्देश्य पर विचार कर सकते हैं और परम सत्य तक पहुँचने की लालसा उत्पन्न इच्छा जागृत कर सकते हैं। पशु पषु पक्षी इस अवसर से वंचित रहते हैं। मनुष्य के पास एक ऐसी क्षमता है जो देवताओं के पास भी नहीं है। यह पुरुषार्थ या फल देने वाले कर्म करने की क्षमता है। हम अपने कर्मों के आधार पर अपना भाग्य बना सकते हैं, जबकि देवी-देवता केवल अपने पिछले कर्मों का ही फल भोग पाते हैं। इसलिए, मानव शरीर स्वयं को सर्वश्रेष्ठ बनाने और भगवद्-प्राप्ति करने का एक बहुमूल्य साधन है। ऐसा अवसर शायद दोबारा न मिले।

याद रखें कि मानव जीवन क्षणभंगुर है। इस जीवन को मृत्यु कभी भी छीन सकती है। हमें इन तथ्यों पर गंभीर विचार करना चाहिए और हमें इस मानव जीवन का लाभ उठाना चाहिए।

संत-कवि नारायण कहते हैं-

**दो बातन को भूल मत, जो चाहसि कल्याण,**
**नारायण इक मौत को, दूजे श्री भगवान।**

वे कहते हैं, साधना में सफल होने के लिए ये दो बातें न भूलें। पहली अपनी मृत्यु को याद रखें, और दूसरी भगवान को याद रखें। मृत्यु के चिंता का तात्पर्य है कि जीवन के क्षणभंगुरता के प्रति हम तत्कालीनता की भावना बनायें और हम व्यर्थ की बातों में अपना समय बर्बाद न करें।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस के पूर्व विधायक ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी ने उस वक्त कांग्रेस से नाता तोड़ लिया है जब पार्टी संगठन सृजन अभियान में जुटी हुई है। रघुवंशी ने स्वास्थ्य का कारण बताते नेतृत्व को त्यागपत्र भेजा है लेकिन चर्चा है कि उनकी ग्वालियर में एक पूर्व विधायक से जिलाध्यक्ष बनाने को लेकर बहस हुई थी। रघुवंशी को मनाने प्रदेश के नेता फोन कर रहे हैं। शिवपुरी से विधायक रहे रघुवंशी ने सोमवार की सुबह कांग्रेस से इस्तीफे की घोषणा की और अपने एक्स हेंडल पर प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजा त्यागपत्र भी पोस्ट कर दिया। इस पर कांग्रेस नेता एक्टिव हुए और उन्हें मनाने में जुट गए। हालांकि बाद में रघुवंशी ने सोशल मीडिया से अपना इस्तीफा का पत्र हटा दिया है। चर्चा है कि रघुवंशी जिलाध्यक्ष पद की रेस से सख्त मानदंडों के कारण बाहर हो गए थे। हालांकि खबर यह भी है कि उनकी ग्वालियर के एक पूर्व विधायक से बहस भी हुई थी।

### महिला अधिकारी की ट्रांसफर फाइल पेश करो

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने स्थानांतरण को चुनौती दी है।जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने उप महाधिवक्ता को मौखिक रूप से निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता महिला अधिकारी के ट्रांसफर से जुड़ी हुई फाइल और प्रस्ताव 18 जून को पेश करें। सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा व विशाल बघेल ने दलील दी कि याचिकाकर्ता की सेवानिवृत्ति को एक वर्ष का समय बाकी है। सरकार की स्थानांतरण नीति की कंडिका 22 के अनुसार ऐसे किसी शासकीय सेवक का स्थानांतरण सामान्यतः नहीं किया जाना चाहिए जिनकी सेवानिवृत्ति को एक वर्ष या उससे भी कम समय बचा हो।

### दवाई जमा रहे वार्ड ब्वाय की अटैक से मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जय प्रकाश चिकित्सालय में वार्ड ब्वाय की मौत हो गई। वह फार्मेसी में दवाइयां जमा रहे थे, तभी अचानक चक्कर आने के बाद गिर गए। उन्हें अस्पताल के ट्रामा सेंटर फिर आईसीयू में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। अनुमान है कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार 57 साल के सुनील जोशी राजहर्ष कॉलोनी, कोलार में रहते थे और जय प्रकाश अस्पताल में वार्ड ब्वाय थे। सोमवार सुबह वह ड्यूटी पहुंचे और साथियों के साथ चाय पीने के बाद फार्मेसी विभाग गए।

# आपसी गिले-शिकवे की आंच पार्टी पर न आए

## अलग-अलग सत्रों में नेताओं ने दी नसीहत, कहा-पार्टी से बढ़कर कुछ नहीं

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा के विधायक-सांसदों का तीन दिनी प्रशिक्षण वर्ग पचमढ़ी में सोमवार को संपन्न हो गया। इसमें नेताओं ने विधायकों-सांसदों से साफ तौर पर कह दिया कि आपसी गिले-सिकबे की आंच पार्टी पर नहीं आनी चाहिए। अनुशासन सभी के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। नेताओं ने कार्यकर्ताओं के तरजीह नहीं मिलने की शिकायत पर जनप्रतिनिधियों से नाराजगी जताई और कहा कि यह समझ लो कार्यकर्ता साथ नहीं देंगे, तो पद मिलना तो दूर आपको कोई पूछेगा भी नहीं। प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन भी कई सत्र हुए। जिसकी शुरुआत योग से हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी योग कला का प्रदर्शन किया। सत्र के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विशेषज्ञों के साथ स्वदेशी रक्षा सामग्री का प्रयोग कर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देश की सेनाओं और स्वदेशी मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर में पराक्रम दिखाकर इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद को नेस्तानाबूत करने का काम किया है। आज रक्षा क्षेत्र में भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है, हमारी सेनाएं और रक्षा उपकरण स्वदेशी होने के साथ ही आधुनिक भी हैं।प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने वाले भाजपा नेता एवं मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने हमें बताया कि घमंड नहीं करना चाहिए और भ्रष्टाचार से मुक्त रहना चाहिए. हम स्वयं के लिए नहीं, राष्ट्र के लिए काम कर रहे हैं। विधायक सांसद अपनी वजह से नहीं जनता के कारण बने हैं। छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू बंटी ने कहा राजनाथ सिंह ने हमें अटल जी से लेकर दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद तक के संघर्ष के बारे में बताया, जो हमारे लिए प्रेरणा दायक है।



### राष्ट्र निर्माण की विचारधारा है भाजपा की : महेन्द्र सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा का विकास और विस्तार कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों के परिश्रम और पुण्य का प्रतिफल है। भाजपा की विचारधारा केवल चुनाव जीतने की दृष्टि से गढ़ी गई रणनीति नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण करने वाले विचारों की श्रृंखला है। पार्टी की विचाधारा जिसके लिए हम अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, लेकिन समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद विकास के साथ विरासत को भी सहेजने का कार्य शुरू हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश में अंग्रेजों के बनाए कानून नहीं चलेंगे, इसके लिए भारतीय न्याय संहिता लागू की गई। नौसेना के झंडे में परिवर्तन किया गया। नया संसद भवन का निर्माण हुआ, राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्यपथ रखा गया और इंडिया गेट पर जार्ज पंचम की प्रतिमा हटाकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा लगाई गई। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ने गुलामी के प्रतीकों को खत्म करने की दिशा में अनेक महत्पूर्ण कार्य किए हैं। जनसंघ से भाजपा तक न हमारी विचारधारा बदली है न हमारी कार्य संस्कृति बदली है। भारत 2047 तक विश्व का सबसे विकसित राष्ट्र बनेगा, हम सब इसी भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। तीसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश , क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरूगन, श्रीमती सावित्री ठाकुर, जॉर्ज कुरियन, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल,कैलाश विजयवर्गीय सहित दूसरे नेता मौजूद रहे।

### बहुत कुछ सीखने को मिला



विधायक अजय विश्नोई ने कहा इस बार का प्रशिक्षण शिविर पहले से बहुत ही अलग था। इस शिविर में शामिल होने के बाद हमें इस बात का एहसास हुआ कि हमें और आगे जाना है। उन्होंने बताया कि राजनाथ सिंह ने आज रक्षा मंत्री ही नहीं, बल्कि बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते हमें प्रशिक्षण दिया।

### ऐसे प्रशिक्षण वर्ग अलग-अलग क्षेत्रों में हों



पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि इस शिविर में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। ऐसे प्रशिक्षण वर्ग अलग-अलग जगहों पर आयोजित होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह वर्ग से जहां जनप्रतिनिधियों में अनुशासन का भाव और मजबूत होता है, तो वहीं उनकी कार्यकर्ताओं के प्रति अपनी जवाबदेही भी समझ में आती है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का आने वाले समय में प्रदेश में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

### प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए 201 नेता व कार्यकर्ता

भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर इसकी जानकारी देते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बताया कि 14 से 16 तक तीन दिन यह वर्ग चला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस वर्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में बीजेपी के सभी सांसद और विधायक समेत कुल 201 कार्यकर्ता शामिल हुए। हालांकि, सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और 15 विधायक शामिल नहीं हो पाए। उन्होंने बताया कि पहली बार और दूसरी बार के विधायकों से अलग-अलग ग्रुप बनाकर चर्चा की गई। इसके अलावा 3 बार से 9 बार तक के विधायकों से अलग ग्रुप बनाकर चर्चा की गई।

### कांग्रेस ने बताया पिकनिक पॉलिटिक्स



**भोपाल।** पचमढ़ी में हुए भाजपा के सांसद-विधायको के प्रशिक्षण वर्ग को कांग्रेस ने सरकारी पिननिक बताया है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जनता को छोड़कर नेता अब पहाड़ियों में 'योग और उपदेश' ले रहे हैं। लेकिन राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह कटाक्ष कम और असहजता ज्यादा दिखाता है, क्योंकि अनुशासन और संगठन मजबूती की राजनीति लंबे समय में ज्यादा असरदार होती है। पचमढ़ी शिविर भाजपा के लिए एक 'रीसेट बटन' साबित हो सकता है-जहां न सिर्फ चुनावी रणनीति तय हुई, बल्कि पार्टी ने खुद को 'कम बोलने, ज़्यादा करने' के अभियान में ढालने की तैयारी की।

## इस बार बहनों को फिर मिलेगा 250 का शगुनः सीएम

### लाड़ली बहना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को मिली 2081 करोड़ से अधिक की राशि

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार माताओं बहनों और बेटियों को मान-सम्मान और वाजिब हक दिलाने में कसर नहीं छोड़ेगी। सरकार रक्षाबंधन पर बहनों को शगुन के रूप में 250 रुपए अतिरिक्त देगी। सीएम सोमवार को जबलपुर के बेलखेड़ा गांव में लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर प्रदेश की लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के जरिये 2081 करोड़ रुपए से अधिक की सम्मान एवं सहायता राशि अंतरित की। डॉ. यादव ने कहा है कि सरकार ने विरासत से विकास का संकल्प लिया है। प्रदेश की माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना ही हमारा लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश सहित महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। लाड़ली बहनों की जिंदगी को बेहतर करने सरकार प्रति महीने साढ़े पंद्रह सौ करोड़ रुपए अंतरित करती है। पिछले डेढ़ साल में 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि बहनों को दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनों का आशीर्वाद मिल जाए तो जिंदगी धन्य हो जाती है। उन्होंने कहा कि भाई अकेले घर को गौरवान्वित करता है जबकि बहनें ससुराल और मायके दोनों घरों का गौरव बनती हैं। माताएं और बहनें घर-परिवार के लिए समर्पण करती हैं और परिवार में बच्चों को बड़ा करने में माताओं की भूमिका देवतुल्य होती है।

### तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सीएम

इससे पहले सीएम ने रायसेन जिले की बरेली में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया और वहां तिरंगा यात्रा में भाग लिया। डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारा मध्यप्रदेश अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास की यह गति हम थमने नहीं देंगे। विकास की हर बात पर सरकार नागरिकों से कदम से कदम मिलाकर काम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को 5 रुपए में बिजली कनेक्शन देने का निर्णय लिया है। हमारी सरकार की कोशिश है कि अगले 3 सालों में हम किसानों को बिजली बिल से पूरी तरह मुक्त कर देंगे।

### प्रतिबंध के बाद भी करा रहा था बोरिंग, जब्त की

**भोपाल।** बैरसिया तहसील के ग्राम कलारा में बिना अनुमति खेत में बोरवेल कराना किसान को महंगा पड़ गया। शिकायत मिलने पर एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा ने कार्रवाई करते हुए किसान के खेत से बोरिंग मशीन जब्त कर गुनगा थाने के सुपुर्द करा दी है। आगे की जांच के बाद किसान के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सोमवार को ग्राम कलारा स्थित खसरा नंबर 714 में बोर मशीन केए 01 एमई 7297 द्वारा किसान जगदीश अग्रवाल के खेत में बोरिंग की जा रही थी। मौके पर पहुंचे जिला प्रशासन के अमले ने जब बोरिंग करा रहे लावन शर्मा से बोर वेल खनन की परमिशन मांगी तो वे परमिशन की प्रति नहीं दे सके, जिसके बाद काम रुकवाकर मशीन को जब्त कर गुनगा थाने के सुपुर्द कर दिया गया।

### पचमढ़ी में बहस का वीडियो वायरल होने पर लिया एक्शन

## डीजीपी ने एएसपी और सब-इंस्पेक्टर को आईजी ऑफिस में किया अटैच

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** रविवार को भाजपा प्रशिक्षण सत्र के दौरान एक-दूसरे से बहस और अभद्र व्यवहार करने वाले नर्मदापुरम के एडिशनल एसपी आशुतोष मिश्रा और सागर के सब-इंस्पेक्टर कमल किशोर मौर्य को तत्काल उनके पद से हटाते हुए आईजी नर्मदापुरम के ऑफिस में अटैच किया गया है। यह घटना पचमढ़ी में रविवार सुबह की है, जब यहां एक निजी होटल में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय भाजपा सांसद-विधायक प्रशिक्षण सत्र के दौरान गेट नंबर एक पर एडिशनल एसपी और एसआई ने न केवल अपशब्दों का इस्तेमाल किया, बल्कि एक-दूसरे को पीटने की कोशिश भी की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया। सोमवार को प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आईजी नर्मदापुरम ऑफिस अटैच करते हुए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए नोटिस भी जारी किए हैं। यह बीते 16 दिनों में तीसरी घटना है, जब प्रदेश में पुलिस अफसरों पर इस तरह की कार्रवाई की गई है। 1 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दतिया में हवाई सेवा के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान चंबल रेंज के तत्कालीन आईजी सुशांत कुमार सक्सेना और एसपी दतिया वीरेंद्र कुमार मिश्रा के बीच तीखी बहस हो गई थी। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि हाथापाई टालने के लिए उनके आरक्षकों को बीच-बचाव करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने नाराजगी दिखाते हुए दोनों को पद से हटाकर उनका ट्रांसफर कर दिया। दूसरा मामला कटनी में पदस्थ तत्कालीन सीएसपी ख्याति मिश्रा के सरकारी बंगले में तहसीलदार और सीएसपी के परिजनों से मारपीट का है। इस मामले में एसपी अभिजीत रंजन का तत्काल ट्रांसफर करने के बाद डीजीपी कैलाश मकवाना ने कटनी में पदस्थ डीएसपी (एजेके) प्रभात कुमार शुक्ला और महिला थाने की इंचार्ज मंजू शर्मा को उनके पद से हटाकर तत्काल प्रभाव से डीआईजी जबलपुर ऑफिस अटैच किया था।

## हिंदी विवि का कुलगुरु चुनने के लिए सर्च कमेटी ने राज्यपाल को सौंपा पैनल

### 70 आवेदनों की स्क्रूटनी और साक्षात्कार कर फाइनल किए गए नाम

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि में कुलगुरु की नियुक्ति को ज्यादा समय नहीं बचा है। कुलगुरु खेमसिंह डेहरिया का कार्यकाल 29 जुलाई को समाप्त हो रहा है। इसके पहले ही आधा दर्जन से ज्यादा उम्मीदवारों का पैनल तैयार कर राजभवन को सौंप दिया गया है। कुलगुरु राजधानी भोपाल से ही नियुक्त किया जा सकता है। हिंदी विवि के कुलगुरु की तलाश लगभग अंतिम चरण में पहुंच गई है। चार सदस्यी सर्च कमेटी ने अपना गोपनीय पैनल तैयार कर राजभवन को सौंप दिया है। सर्च कमेटी का अध्यक्ष विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज को नियुक्त किया गया था। इसके साथ हिंदी विवि की कार्यपरिषद से आईआईआईटी के निदेशक प्रो अशुतोष सिंह को सदस्य के तौर पर नियुक्त किया गया था। इसके साथ शासन के प्रतिनिधि के रूप में प्रो प्रकाश बडतूनिया को रखा गया था और यूजीसी की तरफ से जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ को शामिल किया गया था। चार सदस्यीय कमेटी ने देशभर से आए 70 आवेदनों की स्क्रूटनी कर ली है। इसमें से चयनित एक दर्जन उम्मीदवारों से सर्च कमेटी ने साक्षात्कार भी कर लिया है। उनमें से योग्य आधा दर्जन उम्मीदवारों का पैनल तैयार कर लिया गया है। इसे सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल को सौंप दिया गया है। अब राज्यपाल गोपनीय पैनल में शामिल उम्मीदवारों से वन टू वन चर्चा करेंगे। उनकी कसौटी पर खरा उतरने के बाद उक्त पैनल में से किसी एक उम्मीदवार को हिंदी विवि का कुलगुरु नियुक्त किया जाएगा।

### डेढ़ दर्जन आवेदन केवल भोपाल से ही हुए थे जमा

जानकारी के मुताबिक हिंदी विवि में कुलगुरु बनने की तमन्ना भोपाल के प्रोफेसरों में बनी हुई है। भोपाल स्थिति विश्वविद्यालय और कालेजों के साथ सतपुड़ा भवन में पदस्थ अधिकारियों ने आवेदन किए हैं। इसमें से इक्का दुक्का प्रोफेसर को पैनल में शामिल किया गया है। जानकारी के मुताबिक राज्यपाल पटेल भोपाल से आवेदन जमा करने वाले उम्मीदवार को हिंदी विवि में कुलगुरु नियुक्त कर सकते हैं। हिंदी विश्वविद्यालय में वर्तमान में प्रो खेमसिंह डेहरिया कुलगुरु के तौर पदस्थ हैं। उनका कार्यकाल 22 जुलाई को समाप्त हो रहा है। उनका कार्यकाल खत्म होने के पहले राज्यपाल पटेल नये कुलगुरु की नियुक्त कर देंगे। हालांकि अभी उनका कार्यकाल समाप्त होने में करीब एक माह का समय शेष है।

### हाईकोर्ट में मंत्री विजय शाह के खिलाफ कार्यवाही समाप्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए शर्मनाक बयान के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई अदालती कार्रवाई बंद कर दी है। दरअसल मामला अब सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने 28 मई को मप्र हाईकोर्ट से निवेदन किया था कि मंत्री के खिलाफ कार्रवाई बंद कर दें। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सोमवार को जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने मामला समाप्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने मंत्री के बयान को गटर छाप बताते हुए मामले पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। हाईकोर्ट ने मंत्री के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश डीजीपी को दिये थे। इसके बाद मानपुर थाने में मंत्री के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। अगले दिन सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को कमजोर व असंतोषजनक बताते हुए सख्त निर्देश दिये थे।

**विशेषज्ञों की निगरानी में हो गर्भपात : जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देशित किया है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में दुष्कर्म पीड़िता का गर्भपात कराएं। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कहा कि यदि बच्चा जीवित पैदा होता है तो देखभाल की जिम्मेदारी सरका की होगी। सागर में रहने वाले एक पिता ने याचिका दायर कर बताया कि बेटी नाबालिग है और दुष्कर्म की शिकार है।

## एक ही थाने में वर्षों से जमे 699 पुलिसकर्मियों को हटाया गया

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अंगद की तरह वर्षों से एक ही थाने में डटे पुलिसकर्मियों को पुलिस कमिश्नरेट ने उठा कर दूसरी जगह भेजना शुरू कर दिया है। सोमवार को ऐसे 699 पुलिसकर्मियों का एक साथ तबादला आदेश जारी किया गया। इनमें आरक्षक से लेकर सब-इंस्पेक्टर तक हैं। पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद पुलिसकर्मियों की शुरू हुई सर्विस बुक के परीक्षण में करीब 699 पुलिसकर्मी ऐसे मिले जो वर्षों से एक ही थाने में पदस्थ हैं। कई ऐसे भी मिले जिनकी पोस्टिंग विभाग के अन्य ऑफिसों में है, लेकिन वह अपने मनचाहे थानों में अटैच होकर सेवा का लाभ उठा रहे थे। इन सब को अब दूसरी जगह भेजा जा रहा है।उधर, देहात के थानों में सालों से जमे ऐसे 40 पुलिसकर्मियों को हटाया गया है। उन्हें देहात के ही थानों में अदला-बदला गया है। बतादें, पीएचक्यू की प्रशासन शाखा के स्पेशल डीजी आदर्श कटियार ने वर्षों से एक ही थानों में जमे पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर दूसरी जगह पदस्थ करने का निर्देश दिया था। 16 जून तक सभी एसपी से ऐसे पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर जांच प्रतिवेदन मांगा था।



### वापसी पर रहेगी नजर...

तबादल सूची में शामिल अधिकतर पुलिसकर्मियों के पुलिस उच्चाधिकारी और नेताओं से अच्छे सम्बन्ध हैं। इनका तबादला भी कई बार हुआ, लेकिन आमद नहीं दी। कईयों ने आमद भी दी लेकिन बाद इधर-उधर से जुगाड़ बैठाकर फिर वहीं लौट आए। थानों में कई अच्छे, ईमानदार और पुलिस के समर्पित पुलिसकर्मी भी हैं। उनका अपराधियों में पूरा खौफ भी है। पुलिस के बड़े खुलासों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, लेकिन थानों में अपराधियों से साजबाज होकर काम कर रहे पुलिसकर्मियों के कारण कुछ अच्छे पुलिसकर्मियों पर भी उंगली उठना शुरू हो जाती है।

### भोपाल पुलिस कमिश्नरेट

- भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में 34 थाने हैं।
- करीब 5300 पुलिस बल की तैनाती है।
- 300 के करीब पुलिस बल की कमी है।
- शहर को चार जोन में बांटा गया है। हर जोन में डीसीपी हैं।

**पर्यटन** | 2023 की तुलना में 19 फीसदी से अधिक पर्यटकों ने किया प्रदेश का भ्रमण, धार्मिक स्थलों पर सबसे ज्यादा

## आध्यात्मिक पर्यटन की धुरी बना उज्जैन, सात करोड़ सैलानी पहुंचे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** टूरिज्म हब के रूप में विकसित हो रहे मध्य प्रदेश में 2024 के दौरान 13 करोड़ 41 लाख से भी ज्यादा पर्यटकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस दौरान सबसे ज्यादा पर्यटक मप्र के धार्मिक स्थलों का अवलोकन करने के लिए पहुंचे। 7 करोड़ 32 लाख से भी ज्यादा पर्यटकों ने उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। बता दें कि इस उपलब्धि की देन प्रदेश के टाइगर रिजर्व और विभिन्न अभ्यारण्यों के साथ पर्यटन निगम द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जा रहा है। आंकड़ों की मानें तो 2023 की तुलना में प्रदेश में 19.6 फीसदी ज्यादा पर्यटक मप्र में पहुंचे हैं और यह आंकड़ा कोरोना पूर्व साल 2019 से 50.6 प्रतिशत अधिक है और कोरोना काल 2020 की तुलना में 526 प्रतिशत अधिक है। शहरी पर्यटन में इंदौर सबसे अव्वल रहा है। लगातार स्वच्छता में सर्वोच्च रहे इंदौर में 1.02 करोड़ पर्यटक पहुंचे। वहीं राजधानी भोपाल में 22 लाख और जबलपुर में 23 लाख पर्यटक पहुंचे।

### धार्मिक स्थलों को देखने 10.7 करोड़ पर्यटक पहुंचे

प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों का अवलोकन करने के लिए इस अवधि में 10.7 करोड़ से अधिक पर्यटक मप्र पहुंचे। जो 2023 की तुलना में 21.9 फीसदी अधिक है। आंकड़ों की मानें तो प्रदेश के शीर्ष 10 पर्यटन स्थलों में से 6 धार्मिक स्थल हैं। जिसमें सबसे आगे उज्जैन है। यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में शामिल होने के बाद भोजपुर में भी बड़े पैमाने पर पर्यटक पहुंचे हैं।

### यह हैं टॉप धार्मिक स्थल

| | |
|---|---|
| उज्जैन | 7.32 करोड़ पर्यटक |
| मैहर | 1.33 करोड़ |
| चित्रकूट | 1 करोड़ |
| अमरकंटक | 40 लाख |
| भोजपुर | 35.91 लाख |
| सलकनपुर | 26 लाख |
| ओंकारेश्वर | 24 लाख |
| महेश्वर | 13.53 लाख |
| खजुराहो | 4.89 लाख |



### 1 लाख 67 हजार विदेशी पर्यटक पहुंचे मप्र

इस दौरान 1.67 लाख विदेशी पर्यटक भी मप्र पहुंचे हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा विदेशी पर्यटक खजुराहो पहुंचे हैं। वहीं भोपाल में भी विदेशी पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है और माना जा रहा है कि रातापानी अभ्यारण्य के बाद इनकी संख्या में खास इजाफा देखने को मिलेगा।

**इन शहरों में पहुंचे सर्वाधिक विदेशी पर्यटक**

| | |
|---|---|
| खजुराहो | 33,131 |
| ओरछा | 13,960 |
| ग्वालियर | 10,823 |
| इंदौर | 9,964 |
| भोपाल | 1,522 |

**यह टाइगर रिजर्व रहे विदेशी पर्यटकों की पसंद**

| | |
|---|---|
| बांधवगढ़ | 29,192 |
| कान्हा | 19,148 |
| पन्ना | 12,762 |
| पेंच | 11,272 |

**यह टाइगर रिजर्व रहे सबसे ज्यादा पसंदीदा**

| | |
|---|---|
| पन्ना | 3.85 लाख |
| कान्हा | 2.48 लाख |
| बांधवगढ़ | 1.94 लाख |
| पेंच | 1.92 लाख |

### वाइल्ड लाइफ देखने पहुंच रहे देशी-विदेशी पर्यटक

लगातार टाइगर व लेपर्ड स्टेट का तमगा हासिल करने वाला मध्य प्रदेश घड़ियाल व चीता स्टेट भी है। इसके अलावा वन विभाग के प्रयासों से यहां वल्चर की संख्या में भी खासा इजाफा हो रहा है, जिसके चलते प्रदेश को वल्चर स्टेट का तमगा भी मिल चुका है। देश में सबसे अधिक वन क्षेत्र के साथ प्रदेश में राज्य में 12 राष्ट्रीय उद्यान, 25 वन्यजीव अभयारण्य और 9 टाइगर रिजर्व हैं। वन क्षेत्रों में मढ़ई सबका पसंदीदा बना हुआ है। 2024 में यहां 4.34 लाख पर्यटकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### वैश्विक पर्यटन पर भी उभर रहा है प्रदेश

वर्ष 2024 में 13.41 करोड़ पर्यटकों का आगमन इस बात का प्रमाण है कि मध्य प्रदेश देश ही नहीं, वैश्विक पर्यटन पर भी मजबूती से उभर रहा है।

■ **शिव शेखर शुक्ला**, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति

## प्रवेश प्रक्रिया जारी, अंतिम तिथि के पहले ही ट्रिपल आईटी फुल





**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** ज्वाइंट सीट एलोकेशन ऑथोरिटी (जोसा) ने काउंसलिंग के पहले राउंड का सीट अलोकेशन जारी कर करने के बाद एडमिशन प्रक्रिया जारी है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (ट्रिपलआईटी) में सीट आवंटन का पहला राउंड में 705 सीटों में से अब तक 698 सीटें आवंटित की जा चुकी हैं, इसमें से विभिन्न ब्रांच की इक्का-दुक्का सीटें खाली हैं, यहां तक की पिछले दो नए कार्यक्रमों के लिए भी सभी सीटें भर चुकी हैं। जिन अभ्यर्थियों को ट्रिपलआईटी और मैनिट में सीट अलॉट हुई हैं उन्हें 18 जून तक रिपोर्टिंग करना होगी। अंतिम तिथि नजदीक आने के पहले ही विद्यार्थियों ने अपनी सीटों पर प्रवेश को पुख्ता कर लिया है। हालांकि विद्यार्थियों को 18 जून तक फीस जमा करना और डॉक्यूमेंट अपलोड करना अनिवार्य है। जो उम्मीदवार जेईई मेन और एडवांस्ड दोनों क्वालिफाई कर चुके हैं, वे जोसा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना सीट अलोकेशन चेक कर सकते हैं।

### आईआईआईटी में विभिन्न कोर्स की सीटें

| कोर्स | सीटें | अलॉटमेंट |
|---|---|---|
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 180 | 179 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई | 60 | 59 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआईडीएस | 60 | 59 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआईसीएस | 60 | 60 |
| इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी | 125 | 124 |
| ईसीई | 100 | 98 |
| मेथमेटिक्स एंड कम्प्यूटिंग | 30 | 30 |
| फिजिक्स एंड कम्प्यूटेशनल इंजीनियरिंग | 30 | 30 |

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में मस्जिद गिराने के दौरान धमाका, तीन घायल

**लंगेट।** उत्तरी कमीर के लंगेट, हंदवाड़ा में सोमवार को एक पुरानी मस्जिद का ढांचा गिराए जाने के दौरान हुए विस्फोट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्फोट के कारणों का पता लगाने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लंगेट में पुरानी मस्जिद को गिराकर नई मस्जिद तैयार की जानी है। सुबह जब पुरानी मस्जिद के ढांचे को गिराया जा रहा था, तो अचानक जोरदार धमाका हुआ है। सूत्रों के अनुसार, लंगेट कभी आतंकियों के प्रभाव वाला इलाका था। हो सकता है कि कभी किसी आतंकी ने मस्जिद में शरण ली हो और उसका कोई ग्रेनेड या कोई अन्य विस्फोट पदार्थ, वहीं रह गया हो। जो फट गया हो। हादसे में मुदस्सिर अहमद मीर निवासी नतनूसा, गुलाम अहमद तांत्रे काचरी और ओवैस अहमद हदीपोरा घायल हैं।

### यूएस फेस्टिवल में गोलीबारी शिशु समेत तीन की मौत

**यूटा।** अमेरिका (यूएस) के यूटा के दूसरे सबसे बड़े शहर वेस्ट वैली सिटी में सांस्कृतिक उत्सव वेस्टफेस्ट की अंतिम रात सामूहिक गोलीबारी में 8 महीने के बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दो अन्य घायल हैं। वेस्ट वैली सिटी पुलिस के अनुसार, मृतकों में एक 41 वर्षीय महिला, एक 18 वर्षीय पुरुष और एक शिशु शामिल हैं। दो किशोरों को भी गोली लगी है, जबकि गोलीबारी से बचने बाड़ कूदने का प्रयास करते समय गर्भवती महिला घायल हो गई। पुलिस ने 16 वर्षीय लड़के को हिरासत में लिया है। वेस्ट वैली सिटी पुलिस प्रवक्ता रोक्सेन वैनुकु ने पुष्टि की कि इस समय किसी अन्य संदिग्ध की तलाश नहीं की जा रही है। यह गोलीबारी रात करीब 9.20 बजे हुई। रविवार को सेंटेनियल पार्क में कई कार्निवल राइड्स के ठीक सामने इस घटना से उत्सव में भाग लेने वाले परिवारों और बच्चों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

### अस्पताल में भर्ती सोनिया गांधी की हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की हालत स्थिर है। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने बताया कि सोनिया की स्वास्थ्य स्थिति पर डॉक्टरों की टीम निगरानी कर रही है, अचानक तबीयत बिगड़ने पर रविवार रात को उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें पेट संबंधित परेशानी है। गैस्ट्रोइंटेरोलाजी सर्जरी के विशेषज्ञ डॉ. समीरन नंदी की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ था। अस्पताल की तरफ से जानकारी दी गई थी कि इससे पहले 7 जून को भी उनकी तबीयत खराब हो गई थी और तब वह शिमला में थीं, तब उन्हें शिमला के ही अस्पताल में भर्ती किया गया था। 78 वर्षीय सोनिया को कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने से पहले भी अस्पताल में भर्ती किया जाता रहा है। 20 फरवरी को भी उन्हें पेट संबंधी परेशानी होने पर भर्ती कराया गया था।

### मुंबई के दो बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब कनाकिया इंटरनेशनल स्कूल, रायन इंटरनेशनल स्कूल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी में न सिर्फ स्कूलों को निशाना बनाने की बात कही गई, बल्कि मुंबई के कई हिस्सों में बम ब्लास्ट की चेतावनी भी दी गई थी। उधर, संबंधित क्षेत्रों की देवनार और समता नगर पुलिस तुरंत स्कूल परिसरों में पहुंची और परिसर की तलाशी ली गई। फिलहाल कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। साइबर सेल को ईमेल की ट्रेसिंग के लिए लगाया गया है। यह घटना ऐसे समय पर सामने आई है जब कुछ दिन पहले ही मुंबई के बीकेसी स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को भी बम की धमकी मिली थी। इस घटना के बाद से स्कूल प्रशासन और अभिभावकों में चिंता का माहौल है।

### बाटला हाउसः अवैध निर्माणों को लेकर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने ओखला के बाटला हाउस के अवैध निर्माणों को गिराने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस तेजस करिया की वेकेशन बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके पहले 11 जून को जस्टिस गिरीश कथपलिया की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने बाटला हाउस के अवैध निर्माणों को गिराने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जनहित याचिका पर सामान्य आदेश पारित करना निजी पक्षकारों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। हाईकोर्ट ने उन सभी पक्षकारों को तीन दिन के अंदर याचिका दायर करने को कहा था, जिन्हें ध्वस्त करने का नोटिस मिल चुका है। सुनवाई के दौरान डीडीए ने कहा था कि बाटला हाउस का पूरा इलाका पीएम-उदय योजना के तहत आता है।

## कनाडा पहुंचे ट्रंप, मेलोनी और मैक्रों, मोदी साइप्रस से रवाना, जी-7 सम्मेलन में होंगे शामिल

# भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद पहली बार मंच पर होंगे ट्रंप और मोदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर हैं। मोदी साइप्रस के दौरे के बाद सोमवार शाम को कनाडा रवाना हो गए। यहां जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसके बाद क्रोएशिया जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पीएम मोदी विदेश की यात्रा पर हैं। मोदी की इस विदेश यात्रा पर दुनिया की नजरें टिकी हैं। ऐसा इसलिए क्यों कि यहां पर प्रधानमंत्री कनाडा के कानानास्किस में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वह वैश्विक नेताओं से बातचीत भी करेंगे।

कनाडा में हो रहे इस शिखर सम्मेलन में शामिल होने अमेरिकी राष्ट्रपति टंप, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों कनाडा पहुंच चुके हैं। मोदी कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के निमंत्रण पर 16, 17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में मोदी द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। माना जा रहा है कि पीएम मोदी की मुलाकात ट्रंप से भी हो सकती है। हालांकि, दोनों के बीच कोई औपचारिक मुलाकात या बातचीत होगी या नहीं, इसको लेकर विदेश मंत्रालय की ओर कोई पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच मुलाकात होती है, तो ये काफी अहम पल होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ट्रंप ने भारत-पाक के बीच मध्यस्थता का दावा किया था। उन्होंने खुद को ही दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का श्रेय भी लिया था। हालांकि, भारत ने किसी भी तीसरे पक्ष की दखल को खारिज किया है। वहीं, पाकिस्तान ने ट्रंप के बयान का स्वागत किया था।

## पीएम मोदी को साइप्रस ने दिया नागरिक सम्मान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को साइप्रस के नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा कि साइप्रस में सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत खुश हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पीएम मोदी को सम्मानित किया। इसका नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित करते हुए कहा, यह भारत-साइप्रस की भरोसेमंद दोस्ती का सम्मान है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में हमारी सक्रिय साझेदारी नई ऊंचाइयों को छुएगी। हम मिलकर न केवल अपने दोनों देशों की प्रगति को मजबूत करेंगे बल्कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित विश्व के निर्माण में भी योगदान देंगे।

### ट्रंप बोले- ईरान इस युद्ध को नहीं जीत रहा

कनानास्किस। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे। ट्रंप ने इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष में अमेरिका को सीधे तौर पर शामिल होने के सवाल पर कहा, वह इस मुद्दे पर बात नहीं करना चाहते। ट्रंप ने कहा, मैं कहूंगा कि ईरान इस युद्ध को नहीं जीत रहा है। ट्रंप ने कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो का जिक्र करते हुए कहा, जी-7 पहले जी-8 हुआ करता था। ओबामा और ट्रूडो नामक व्यक्ति रूस को इसमें शामिल नहीं करना चाहते थे। मैं कहूंगा कि यह एक गलती थी, क्योंकि मुझे लगता है कि अगर रूस इसमें शामिल होता, तो आज युद्ध नहीं होता।

### ईरानी मंत्री बोले-ट्रंप नेतन्याहू को चुप करा सकते हैं

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान-इजराइल संघर्ष में अमेरिका से दखल देने की बात कही है। अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'इजराइली पीएम नेतन्याहू जैसे आदमी को चुप कराने के लिए वाशिंगटन से सिर्फ एक फोन कॉल की जरूरत है।' अराघची ने कहा, 'अगर ट्रंप कूटनीतिक मामलों में ईमानदार हैं और इस संघर्ष को रोकने में रुचि रखते हैं, तो अगला कदम अहम हो सकता है। इजराइल को आक्रामकता रोकनी होगी। जब तक हमारे खिलाफ उसके हमले पूरी तरह से बंद नहीं हो जाते, हम पलटवार करते रहेंगे।' ईरानी विदेश मंत्री ने कहा, नेतन्याहू के ईरान पर हमले का मकसद महिलाओं, बच्चों सहित सैकड़ों निर्दोषों की हत्या और ईरान-अमेरिका के बीच एक डील को फेल करना है।

### यह युद्ध का युग नहीं : मोदी

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई और कहा कि उनका मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं हैं। बातचीत के जरिये समाधान और स्थिरता बहाल करने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि संघर्षों का नकारात्मक प्रभाव केवल उन क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों में नया अध्याय लिखने का सुनहरा अवसर है। मोदी ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन पर आभार जताया।

## इजराइल ने फिर की एयरस्ट्राइक

# इजराइल-ईरान संघर्षः तेहरान के आसमान पर वर्चस्व का दावा



**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में नेशनल टीवी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) की बिल्डिंग पर बम गिराए। घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई।

**तेहरान में चैनल की बिल्डिंग पर बम गिराए, एंकर बाल-बाल बची**

घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें एंकर को स्टूडियो से भागते हुए देखा गया। उसके पीछे की स्क्रीन काली हो गई। स्टूडियो मलबे और धुएं से भर गया। एक शख्स अल्लाहु अकबर कहते सुनाई दिया। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर ईरान पर हमले का एक और वीडियो जारी किया। कैप्शन में बताया कि आज सुबह से इजराइली एयरफोर्स ने मिसाइल लान्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे। इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजराइली सेना ने रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। पिछले चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजराइली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है। ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। सोमवार सुबह ईरानी सेना ने सेंट्रल इजराइल में कई जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

### इजरायल ने किया दावा

इजराइल-ईरान के हमलों का सिलसिला जारी है। इसमें अब तक 240 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 224 से अधिक मौतें ईरान में हुई हैं। मरने वालों में 70 महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। दोनों पक्षों से कुल 1,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के ऊपर 'हवाई वर्चस्व' हासिल कर लिया है। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने ईरान की वायु रक्षा प्रणाली और मिसाइल तंत्र को इतना नुकसान पहुंचाया है कि अब उसके लड़ाकू विमान बिना किसी गंभीर खतरे के तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं। इस संघर्ष को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक प्रयास शुरू हो गए हैं।

### 1500 भारतीय छात्र फंसे लौटने का रास्ता आर्मेनिया से

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच लगभग 1500 भारतीय छात्र ईरान में फंसे हुए हैं। भारतीय दूतावास ने आपात योजना के तहत इन्हें सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया है। छात्रों को आर्मेनिया के रास्ते वापस लाने की योजना है। ईरान सरकार ने घोषणा की है कि उसके सभी बॉर्डर खुले हैं और विदेशी नागरिक देश छोड़ सकते हैं।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 36 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पुलिस को अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली। उत्तर-पश्चिमी इलाके में छापेमारी कर 36 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है, जिनमें 17 बच्चे हैं। सभी आरोपी अवैध रूप से रह रहे थे और उनके पास वैध यात्रा दस्तावेज या वीजा नहीं था।

पुलिस के मुताबिक, छापेमारी में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के पास से 7 स्मार्टफोन जब्त किए गए, जिनमें प्रतिबंधित ऐप इंस्टॉल था। 13 लोगों के पास बांग्लादेश का राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला। पुलिस ने बताया कि कई दिनों की मैनुअल और तकनीकी निगरानी के बाद 13 जून को वजीरपुर इलाके में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक की जानकारी मिली थी। टीम ने इलाके की घेराबंदी की और बड़े स्तर पर अभियान चलाया। इस दौरान 25 फुटपाथ और 32 गलियों की जांच में एक संदिग्ध पकड़ा गया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने भारत में अवैध रूप से रहने की बात स्वीकार करते हुए खुद को बांग्लादेशी नागरिक बताया। उसके खुलासे के आधार पर अन्य सदस्यों की पहचान की गई और उन्हें पुलिस ने पकड़ा।

**जब्त फोन में मिले प्रतिबंधित ऐप**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ की गई। उन्होंने खुलासा किया कि वो पहले हरियाणा के मेवात में एक ईंट भट्टे पर काम करते थे। वहां हरियाणा पुलिस की ओर से पकड़े जाने के डर से भाग गए। तभी से सभी अपना स्थान बदल रहे थे और स्थानीय आबादी में घुलने-मिलने की कोशिश कर रहे थे। इन लोगों ने किराए पर मकान लेने की भी कोशिश की थी। फिलहाल अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद रैपिडो बाइक टैक्सी बंद

**बेंगलूरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया आदेश के बाद बाइक टैक्सी सेवा देने वाली प्रमुख कंपनी रैपिडो ने राज्य में अपनी दोपहिया कैब सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी हैं। यह निर्णय 16 जून 2025 से लागू किया गया है। रैपिडो ने ऐप के जरिए उपयोगकर्ताओं को जानकारी दी कि 'हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, कर्नाटक में बाइक टैक्सी सेवा को अगली सूचना तक बंद किया जा रहा है।' अब ऐप में 'बाइक टैक्सी' की जगह केवल 'बाइक पार्सल' सेवा ही उपलब्ध है। हाईकोर्ट ने इससे पहले राज्य सरकार के उस निर्देश को सही ठहराया था, जिसमें नियमित ढांचा तय होने तक दोपहिया टैक्सी सेवाओं पर रोक लगाई गई थी। यह फैसला रैपिडो, ओला और ऊबेर जैसी कंपनियों के लिए बड़ा झटका है, खासकर बेंगलुरु जैसे शहरों में जहां इन सेवाओं की लोकप्रियता तेज थी। रैपिडो ने ने एक बयान में कहा, 'हम मानते हैं कि बाइक टैक्सी आम यात्रियों के लिए सुलभ और किफायती समाधान है, लेकिन हम कानून का सम्मान करते हैं और फैसले का पालन करेंगे।

# फरार होना दोषी होने का प्रमाण नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी अपराध के बाद आरोपी का फरार होना अपने आप में दोष सिद्ध नहीं करता, लेकिन यह भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत एक प्रासंगिक आचरण है और आरोपी की मानसिक स्थिति का संकेत दे सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी एक हत्या के मामले में दोषसिद्ध व्यक्ति की अपील खारिज करते हुए की। पीठ ने कहा कि भले ही केवल फरार होना दोषी सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है, लेकिन जब इसे अन्य ठोस साक्ष्यों के साथ जोड़ा जाता है, तो यह आरोपी की आपराधिक मानसिकता को उजागर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह स्थापित सिद्धांत है कि केवल फरार होना किसी व्यक्ति को दोषी नहीं बनाता, क्योंकि एक निर्दोष व्यक्ति भी डर और आत्मरक्षा की प्रवृत्ति के चलते पुलिस से बचने की कोशिश कर सकता है। लेकिन आरोपी का यह आचरण यदि अन्य साक्ष्यों के साथ मेल खाता है, तो यह एक अहम सुराग बन जाता है और उस पर संदेह की सुई को मजबूत करता है। इस संदर्भ में कोर्ट ने मत्रू उर्फ गिरीश चंद्र बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1971) के फैसले का हवाला दिया, जिसमें भी फरारी को धारा 8 के तहत 'प्रासंगिक आचरण' माना गया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा, फरार होना संदिग्ध आचरण**

**पूरा मामला क्या था?** इस मामले में अभियुक्त पर 10 जुलाई 2006 को एक व्यक्ति की हत्या का आरोप था। वह उसी रात मृतक के साथ अंतिम बार देखा गया था और 11 जुलाई से 22 जुलाई तक फरार रहा। कोर्ट ने पाया कि उसने मृतक के परिवार को गुमराह करने वाली झूठी जानकारी दी और अपने एक मित्र से अपने बारे में झूठ बोलवाया। हत्या में प्रयुक्त हथियार (बंदूक) की बरामदगी और फॉरेंसिक साक्ष्य से उसे अपराध से जोड़ने वाले अन्य तथ्य भी अभियोजन के पक्ष में थे।

### 'राज्य' मानी जाने वाली संस्था में कार्यरत व्यक्ति 'सरकारी कर्मचारी' नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत 'राज्य' मानी जाने वाली किसी पंजीकृत संस्था (सोसाइटी) में काम करने वाला व्यक्ति सरकारी कर्मचारी नहीं माना जा सकता। इस फैसले से यह स्पष्ट हुआ है कि संविधानिक परिभाषा में 'राज्य' की अवधारणा का दायरा अलग है और उसका हर कर्मचारी सरकारी सेवक नहीं हो जाता। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और मनमोहन की पीठ ने त्रिपुरा हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करते हुए दी। याचिका में एक व्यक्ति ने बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने 'जूनियर वीवर' (बुनकर) के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन करते समय दावा किया था कि वह पहले सरकारी कर्मचारी था, जबकि वह त्रिपुरा ट्राइबल वेलफेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस सोसाइटी में क्राफ्ट टीचर था।

## 'तन्वी द ग्रेट' का न्यूयॉर्क में होगा धमाकेदार प्रीमियर

**मुंबई, जेएनएन।** दिग्गज एक्टर अनुपम खेर इस समय अपकमिंग फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर चर्चा में हैं। अनुपम खेर न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल और आईएएसी द्वारा आयोजित अपनी निर्देशित फिल्म तन्वी द ग्रेट के भव्य प्रीमियर के लिए बिग एप्पल जा रहे हैं, जिसकी जानकारी एक्टर ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने फिल्म और चार से पांच साल के अंतराल के बाद न्यूयॉर्क की अपनी यात्रा के बारे में बात की। वीडियो में अनुपम यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, नमस्ते मेरे दोस्तों मैं न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल और आईएएसी द्वारा आयोजित तन्वी द ग्रेट के भव्य प्रीमियर के लिए न्यूयॉर्क जा रहा हूं। हमें आमंत्रित करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद! उसके बाद हम ऑस्टिन और ह्यूस्टन जा रहे हैं। एक्टर ने कहा कि न्यूयॉर्क प्रीमियर 19 तारीख को ऑस्टिन प्रीमियर 21 तारीख को और ह्यूस्टन प्रीमियर 22 तारीख को है। वहीं वीडियो में अनुपम खेर ने कहा, मैं हकीकत में 4-5 साल के अंतराल के बाद न्यूयॉर्क जा रहा हूं। पिछली बार जब मैं वहां गया था, तो मैं न्यू एम्स्टर्डम में 3 साल तक रहा था और मैं अपनी फिल्म को अपने लोगों, दोस्तों और इस उत्सव में मौजूद शानदार लोगों के साथ शेयर करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। अनुपम खेर ने कहा कि तन्वी द ग्रेट को बहुत प्यार मिल रहा है। कान्स फिल्म फेस्टिवल और लंदन में हमारा शानदार वर्ल्ड प्रीमियर हुआ।



## मॉडल शीतल की नहर में मिली लाश

**सोनीपत/पानीपत।** हरियाणा की एक 23 वर्षीय मॉडल शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी की लाश सोमवार को सोनीपत के खांडा गांव के पास नहर में मिली। गला रेता गया था, जिससे स्पष्ट हैं कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीर जांच शुरू कर दी है। शीतल हरियाणवी संगीत इंडस्ट्री में मॉडलिंग कर रही थीं। इससे पहले वह करनाल के एक होटल में काम कर चुकी थीं और इस समय पानीपत में अपनी बहन नेहा के साथ रह रही थीं। 14 जून को वह अहर गांव में एक शूट के लिए गई थीं लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। उनकी बहन ने 14 जून की रात ही पानीपत पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूत्रों के मुताबिक, शीतल एक कार में पानीपत निवासी सुनील नामक युवक के साथ गई थीं। दो दिन बाद उन्हीं की लाश उसी रास्ते की नहर में मिली, जहां कार गिरने की भी सूचना थी। चौंकाने वाली बात यह है कि सुनील को जिंदा बचा लिया गया और वह फिलहाल पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस का कहना है कि सूचना मिली कि एक युवती की लाश नहर में मिली है। जांच में उसकी पहचान शीतल के रूप में हुई है, जिनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पानीपत में दर्ज है। पोस्टमॉर्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। शीतल की बहन नेहा ने पुलिस को बताया कि 14 जून की रात को शीतल ने खुद फोन कर बताया था कि सुनील शूटिंग लोकेशन पर आया और उसने मारपीट की। इसके बाद उनका फोन बंद हो गया और वे वापस घर नहीं लौटीं।

## 56 लाख के इनामी थे बालाघाट के पचमा दादर रेंज में मारे गए नक्सली

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** बालाघाट के बैहर थाना क्षेत्र के पचमा दादर वन क्षेत्र में शनिवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए चारों नक्सलियों पर कुल 56 लाख रुपये का इनाम घोषित था। एंटी-नक्सल ऑपरेशन के अफसरों ने सोमवार को बताया कि यह पहला मौका है जब पुलिस फोर्स और हॉक फोर्स की टीमें इस घने जंगल में दाखिल हुईं और तीन महिलाओं समेत चार नक्सलियों को मार गिराया। अफसरों के अनुसार, 2011 में इसी इलाके में नक्सलियों ने घात लगाकर हमला बोला था और दो ट्रक गोला-बारूद लूटे थे। फिलहाल, इस संवेदनशील क्षेत्र में अब सीआरपीएफ का कैंप स्थापित किया गया है। एंटी-नक्सल ऑपरेशन के अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा बलों और नक्सली दलम के बीच हुई गोलीबारी में मारे गए चारों माओवादियों में से प्रत्येक पर 14-14 लाख रुपये का इनाम था। इन चारों पर 100 से अधिक अपराध दर्ज हैं। जिस जगह सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई है, वह इलाका मध्यप्रदेश के अलावा महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से आने वाले नक्सलियों का भी ठिकाना था। अब यहां नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए एक सीआरपीएफ कैंप स्थापित किया गया है।

**2011 में यहीं लूटे गए थे दो ट्रक गोला-बारूद**

## 'आप लोगों ने भारतीय पासपोर्ट की छवि खराब की, राहत नहीं'

### डंकी एजेंट को अग्रिम जमानत देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका भेजने के लिए युवक से 43 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां, न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि आप लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का महत्व कम हो गया है। पीठ ने कहा, आरोपी ने न केवल युवक को धोखा दिया, बल्कि उसे अमानवीय परिस्थितियों में अमेरिका की सीमा से लगे कई देशों की यात्रा भी कराई, जिससे वह वैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर सके। आरोपों को गंभीर बताते हुए पीठ ने आरोपी ओमप्रकाश की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। हरियाणा निवासी ओमप्रकाश ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने भी डंकी एजेंट को राहत देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि शिकायतकर्ता के पिता ने गवाही में कहा है कि ओमप्रकाश ने उनसे 22 लाख की ठगी की है।

### अमेरिका में पकड़ा गया था युवक

एफआईआर में कहा गया कि ओमप्रकाश मुख्य आरोपी का सहयोगी था, वह एजेंट के रूप में काम कर रहा था। उसने आश्वासन दिया था कि वह 43 लाख देने पर उसे वैध तरीके से अमेरिका भेज देगा। मुख्य आरोपी ने शिकायतकर्ता को सितंबर 2024 में दुबई भेजा और वहां से पनामा के जंगलों से होते हुए मैक्सिको भेजा। एक फरवरी 2025 को युवक को एजेंटों ने अमेरिकी सीमा पार करा दी। इसके बाद युवक को अमेरिकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जेल में डाल दिया। 16 फरवरी 2025 को उसे भारत भेज दिया।

## महिला अधिकारी की याचिका पर केंद्र और वायुसेना से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने वायुसेना में स्थायी कमीशन मांगने वाली महिला अधिकारी को अगली सुनवाई तक कार्य मुक्त नहीं करने का आदेश दिया है। जस्टिस संदीप मेहता की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ ने महिला अधिकारी अनिता भट्टी की याचिका पर सुनवाई के बाद केंद्र और वायुसेना को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने याचिका को पहले से लंबित याचिका के साथ टैग कर दिया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन बालाकोट में शामिल महिला वायुसेना अधिकारियों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि 13 साल की सेवा के बाद उन्हें जबरन रिटायर किया जा रहा था, उन्हें स्थायी कमीशन नहीं दिया जा रहा है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, इन अधिकारियों ने संकट के समय बेहतरीन काम किया है। हमारी सेना ने जिस तरह का समन्वय दिखाया है, वह सराहनीय है, इसलिए हम हमेशा उन्हें सलाम करते हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए उन्हें सेवा से न हटाया जाए। कोर्ट ने भारतीय वायुसेना को एक पेशेवर बल बताया था और कहा था कि सेवा में अनिश्चितता ऐसे अधिकारियों के लिए सही नहीं है। इससे पहले विंग कमांडर निकिता पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वह वायुसेना की अनुभवी अधिकारी है, जिन्होंने 2011 में वायुसेना में प्रवेश किया था।

# उम्मीद से कम आवेदन आने पर बढ़ाई परीक्षा नियंत्रक के लिए अंतिम तिथि

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग प्रदेश के सभी विवि में परीक्षा नियंत्रक प्रतिनियुक्ति पर भेजने आवेदन जमा करा रहा है। अंतिम तिथि तक विभाग को पर्याप्त संख्या में आवेदन नहीं मिले हैं। इसके चलते विभाग ने अंतिम तिथि में 15 दिनों की बढ़ोतरी कर दी है। इसके बाद भी विभाग को पूर्ण संख्या में आवेदन नहीं मिलते हैं, तो प्रोफेसरों को प्रतिनियुक्त पर भेजकर सीधे परीक्षा नियंत्रक पदस्थ करेगा। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं और रिजल्ट की स्थिति काफी खराब बनी हुई है। सभी विवि परीक्षा और रिजल्ट में एकेडमिक कैलेंडर में काफी पिछड़कर चल रहे हैं। उक्त विवि के विद्यार्थी पीजी में प्रवेश लेने के लिए परेशान हो रहे हैं। अधिकारी परीक्षाओं और रिजल्ट के लिए एक दूसरे से जूझ रहे हैं। अब विभाग भी जूझने पर आ गया है। क्योंकि विभाग को एक दर्जन विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक नियुक्त करना है और विभाग को आधा दर्जन प्रोफेसरों के ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह आवेदन भी ऐसे विवि के आए हैं, जिन्हें विभाग परीक्षा नियंत्रक नियुक्त करने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं रखता है।

### लंबे समय से नियुक्त नहीं किए गए परीक्षा नियंत्रक

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में लंबे समय से परीक्षा नियंत्रक के पद रिक्त बने हुए हैं। विवि खानापूर्ति के लिए यूटीडी में पदस्थ प्रोफेसर को परीक्षा नियंत्रक के तौर पर नियुक्त कर परीक्षाएं कराकर रिजल्ट दे रहे हैं। प्रदेश के कालेजों में पदस्थ प्राचार्य, प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर ही दावेदारी कर सकते हैं। उन्हें 30 जून के शाम पांच बजे तक आवेदन करना है। उनकी स्क्रूटनी के बाद सभी विवि में परीक्षा नियंत्रक भेजे जाएंगे।

# जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की हुई बैठक



**पन्ना ।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के जिला कार्यालय मे मंगलवार को कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत के सभापति संतोष यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे भी उपस्थित रहीं। बैठक में जिले की एनएफएसएम योजना के तहत वर्ष 2025-26 में खरीफ-रबी कार्यक्रम अंतर्गत बीज मिनी किट, कलस्टर प्रदर्शन धान, उड़द, मोटा अनाज आदि के लक्ष्यों का विकासखण्डवार समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा अनुमोदन उपरांत पात्र हितग्राहियों को बीज एवं मिनी किट वितरण का निर्णय लिया गया। पन्ना एवं पवई विकासखण्ड द्वारा बैठक में वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक के बीज वितरण की सूची भी प्रस्तुत की गई। सभापति द्वारा आगामी बैठक में शेष विकासखण्डों की सूची भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

उप संचालक कृषि द्वारा समिति सदस्यों को धरती आबा अभियान में मिनी किट के वितरण संबंधी जानकारी दी गई। उप संचालक ने सदस्यों को जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्य अनुसार प्रगति की जानकारी दी। साथ ही सभापति एवं सदस्यों के प्रश्नों का समाधान भी किया। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने भी विभागीय योजनाओं की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## जनसुनवाई में आए 17 आवेदन

**पन्ना ।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 17 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में तथा प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक आश्रय गृह पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर सचिव द्वारा शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी लेकर उनके अधिकार तथा विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना की जानकारी प्रदान कर एवं वृद्धजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना कर फल जूस का वितरण कराया गया।

# दक्षिण वन विभाग का अभिनव प्रयास सौर ऊर्जा से रोशन हुए 10 गांव

**पन्ना ।** दक्षिण वनमण्डल के द्वारा ग्राम (वन समिति) विकास हेतु काष्ठ लाभांश राशि से विविध कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में वनमण्डल अंतर्गत 10 गाँवों में विभिन्न स्थानों पर सौर ऊर्जा संचालित स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की गई हैं, जिससे रात्रिकालीन सुरक्षा एवं सुविधा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

**लाभान्वित गाँवों में —** टिकरिया (मोहन्द्रा), गौरहा (मोहन्द्रा), हरदुआ कोठी (मोहन्द्रा), महेबा (शाहनगर), कठई, जनगना, बिहरिया, ताला, देवरा एवं लमतरा (सभी शाहनगर परिक्षेत्र) शामिल हैं। ये लाइट्स दिन के समय सूर्य की रोशनी से बैटरी चार्ज करती हैं और रात्रि में स्वतः एलईडी लाइट के माध्यम से प्रकाश प्रदान करती हैं। यह लाइट्स विद्युत आपूर्ति पर निर्भर नहीं होती हैं।

ग्राम लमतरा के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात्रिकालीन आवागमन अब अधिक सुरक्षित हुआ है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ा है। सर्प, बिच्छू एवं अन्य वन्य जीव रात्रि में स्पष्ट दिख जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आई है। वन विभाग के इस नवाचार को ग्रामीणों द्वारा अत्यंत सराहना एवं आभार के साथ स्वीकार किया गया है।

# ग्राम जेतुपुरा पहुंचीं जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा, जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की पीड़ा

**पवई ।** पवई जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा ने सोमवार को जनपद सीईओ अखिलेश उपाध्याय एवं उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह के साथ ग्राम पंचायत सगरा के ग्राम जेतुपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया। ग्रामीणों ने पीने के पानी, आवास, पेंशन, राशन एवं निर्माण कार्यों से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिन पर अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जन चौपाल में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदार रवैये ने ग्रामीणों को राहत का अहसास कराया। मोहनी मिश्रा ने मौके पर ही कुछ समस्याओं का निराकरण कराया और शेष प्रकरणों को प्राथमिकता से सुलझाने का आश्वासन दिया।निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर अधिकारियों को सतत निगरानी के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्माण कार्य में लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनपद सदस्य राम चरण चौधरी, ग्राम पंचायत सगरा के सरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और विभागीय कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि अधिकारी और जनप्रतिनिधि गांव आकर समस्याएं सुन रहे हैं और उस पर तुरंत कार्यवाही हो रही है। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुँचाना ही हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीणों से संवाद ही जनसेवा का मूल है और जन चौपाल इसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

# केपी सिंह बुंदेला पहुंचे कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की बैठक में हुआ वाद विवाद

### सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वादविवाद के कारण रेस्ट हाउस के नीचे सड़क पर दिया धरना आदिवासी वनवासी क्रांति सेना के संयोजक केपी सिंह बुंदेला का कथन है कि धरना देखकर अनिल तिवारी हुए आगबबूला, हाथ पकड़ कर कार्यक्रम से निकालने का प्रयास किया

**पन्ना।** शाहनगर दिनांक 16 जून को ब्लॉक कॉग्रेस द्वारा आयोजित संगठन सृजन अभियान शाहनगर रेस्ट हाऊस की बैठक में हुआ वादविवाद जिसमें सामिल होने के लिए सैकडो आदिवासी कार्यकर्ताओं के साथ गजदा गांव से रैली निकालकर नारे लगाते हुए केंद्रीय पर्यवेक्षक के आने के पूर्व शाहनगर रेस्ट हाउस पहुंचे गजदा गांव से चली रैली पहुँची शाहनगर रेस्ट हाऊस के बाहर वाहन रोक कर पैदल मार्च गगन भेदी नारे लगाते रेस्ट हाउस में दाखिल होकर खाली स्थान फर्श में बैठ गए तद उपरांत कांग्रेसी नेता कार्यक्रम के करता धरता अनिल तिवारी ने संगठन संयोजक केपी सिंह बुंदेला को बुलाकर कहा यह कार्यक्रम कांग्रेस का है और आपका मुद्दा अलग है यहां से सभी कार्यकर्ताओं को उठा लो यहां पर कांग्रेसी कार्यकर्ता ही बैठेंगे। बुंदेला ने अनिल तिवारी से कहा हम सभी सामाजिक कार्यकर्ता जरूर है परंतु हमारी सोच- विचार कांग्रेसी है हम लोग केंद्रीय पर्यवेक्षक सहित अतिथियों से मिलने आए हैं आप बेज्जती ना करें तद उपरांत संगठन संयसंयोजक ने रेस्ट हाउस के नीचे साथियों सहित धरना दे दिया सहयोगी साथियों ने धरना प्रदर्शन से उठने को कहा परंतु केपी सिंह बुंदेला धरना से नहीं उठे श्री बुंदेला ने बताया कि साथियों ने जवाब दिया की अनिल तिवारी ही धरना से उठाएंगे तभी उठा जाएगा और रेस्ट हाउस में जाया जाएगा 10 मिनट धरना दिए हुए थे कि अनिल तिवारी जी गुस्से में आये मेरा हाथ पकड़ कर धरना से हटाना चाहा परंतु श्री बुंदेला उसके पहले ही उठकर रेस्ट हाउस के बाहर चले गए सभी कार्यकर्ता उनके पीछे-पीछे रेस्टहाउस के बाहर धरना देकर बैठ गए 5 मिनट पश्चात केंद्रीय पर्यवेक्षक कार्यक्रम स्थल पर पधारे परंतु उनकी नजर धरना पर नहीं गई कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यवेक्षक जी पहुंच कर सभा को संबोधित करने लगे जैसी ही किसी ने जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष को दी वैसे ही शिवजीत सिंह भैया राजा धरना स्थल में पहुंच कर धरना - प्रदर्शन हटवाया एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को गले लगा कर बात को सुना सामाजिक कार्यकर्ताओं की मांग की कि पन्ना जिले में ग्रामीण एवं शहरी जिला अध्यक्ष बने।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकदी रहित उपचार स्कीम

**पन्ना ।** परिवहन सचिव ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकदी रहित उपचार योजना के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को नकदी रहित उपचार स्कीम के संबंध में उनके अधीनस्थ अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाए। इसके साथ ही प्रकरणों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। संभाग के सभी कमिश्नर को इस व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग किए जाने के लिये भी कहा गया है।

सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्देश दिए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सम्पूर्ण देश में इसकी नियमित मॉनीटरिंग कर रही है। यह कमेटी विभिन्न राज्यों से रिपोर्ट प्राप्त कर सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइंस की समीक्षा कर सर्वोच्च न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है। प्रदेश स्तर पर मुख्य सचिव द्वारा लगातार बैठक कर इसकी समीक्षा की जा रही है।

केन्द्र सरकार ने स्कीम की अधिसूचना 5 मई, 2025 और मार्गदर्शक सिद्धांत अधिसूचना 4 जून, 2025 को जारी की है। इसके लिए यूजर मैनेजमेंट पोर्टल भी तैयार किया गया है। सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहां दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कवरेज था, उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कंपनियों के सहयोग से किया जाएगा। जिन प्रकरणों में यह बीमा नहीं है, वहां भुगतान स्टेट हेल्थ एजेंसी अस्पताल के दावे को मंजूरी दिए जाने के 10 दिनों की समयावधि में जिला कलेक्टर्स के अनुमोदन से जिला स्तर पर ही किया जाएगा।

## कलेही माता मंदिर के समीप सड़क हादसे में युवक घायल

**पवई।** सोमवार दोपहर पवई-पटोरी मार्ग पर कलेही माता मंदिर के समीप एक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटोरी निवासी शिवम गर्ग पिता जगदीश गर्ग मोटरसाइकिल से पवई जा रहे थे। दोपहर लगभग 4 बजे जैसे ही वह कलेही माता मंदिर के पास पहुँचे, आगे चल रहे ट्रक (क्रमांक क्क्र7 क्व्ह0427) के चालक ने अचानक सड़क पर ब्रेक लगा दिए।

ट्रक की अचानक रुकावट के कारण शिवम की बाइक ट्रक से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल शिवम को उठाकर पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना ।** लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में 113वां नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र आगामी एक अगस्त से प्रारंभ होगा। इसके लिए संभाग अंतर्गत समस्त जिलों के कार्यालय प्रमुख लिपिक संवर्ग कर्मचारियों के आवेदन पत्र 22 जुलाई तक प्रेषित कर सकेंगे। यह सत्र 15 अक्टूबर तक संचालित होगा। प्रवेश तिथि को एक वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण करने वाले नियमित लिपिकवर्गीय कर्मचारी प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं।

लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक कर्मचारी को हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा अथवा सीपीसीटी परीक्षा के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में डिग्री या एक वर्षीय कम्प्यूटर में पीजीडीसीए या डीसीए उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र अभिप्रमाणित कर आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। कार्यालय प्रमुख द्वारा कर्मचारी का पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन पत्र पर चस्पा कर एवं अभिप्रमाणित कर अनुशंसा सहित अग्रेषित करना होगा। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना जरूरी है। अर्द्धशासकीय संस्थाओं के लिपिकवर्गीय कर्मचारी भी एक वर्ष की नियमित शासकीय सेवा पूर्ण करने पर लेखा प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे, लेकिन ऐसे कर्मचारियों को निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2 हजार रूपए राशि का चालान निर्धारित शीर्ष में अनिवार्य रूप से जमा करवाना होगा।

## राजा सिंह परिहार प्रेक्षक नियुक्त

**पन्ना ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में रिक्त पार्षद पद के उप निर्वाचन के दृष्टिगत राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राजा सिंह परिहार को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री परिहार प्रथम चरण में 22 से 26 जून तक तथा द्वितीय चरण में 6 से 10 जुलाई तक भ्रमण पर रहेंगे। प्रेक्षक का मोबाइल नंबर 9406621016 है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र द्वारा तत्काल प्रभाव से प्रेक्षक की आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए उच्च विश्राम गृह पन्ना में कक्ष आरक्षण सहित अन्य व्यवस्था के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है, जिसके तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी ककरहटी सौरभ श्रीवास्तव को व्यवस्था प्रभारी एवं उपयंत्री देवेन्द्र सोनी को लायजनिंग अधिकारी बनाया गया है।

## ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 27 जून को

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में आगामी 27 जून को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजैनतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## 19 जून से होगा उड़द उपार्जन के लिए पंजीयन

**पन्ना ।** शासन के निर्देशानुसार किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उड़द के उपार्जन का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत 7400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उड़द उपार्जित की जाएगी। कृषक 19 जून से 5 जुलाई तक उड़द विक्रय के लिए पंजीयन करा सकेंगे। इसके बाद 7 जुलाई से 6 अगस्त तक उपार्जन किया जाएगा।

## जिले में 3 साल बाद कोरोना ने दी फिर से दस्तक

### जिला अस्पताल का टेक्नीशियन पॉजिटिव, डॉक्टर बेटे से मिलने गए थे ग्वालियर

**टीकमगढ़।** जिले में तीन साल बाद कोरोना का पहला मामला सामने आया है। जिला अस्पताल के नेत्र विभाग में कार्यरत टेक्नीशियन उमेश जैन कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी उमेश जैन 10 दिन पहले ग्वालियर गए थे। वहां वे अपने बेटे से मिलने गए थे, जो एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। टीकमगढ़ लौटने के बाद उन्हें बुखार और सांस लेने में तकलीफ हुई। 13 जून को जिला अस्पताल में उनका कोरोना टेस्ट किया गया। सैंपल बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर भेजा गया। 16 जून को आई रिपोर्ट में वे पॉजिटिव पाए गए।

**कराया जाएगा पुनः सर्वे** - टीकमगढ़ में कोरोना मरीज की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग कॉलोनी में फीवर सर्वे करवाएगा। संदिग्ध मिलने पर उनकी जांच की जाएगी। साथ ही उमेश जैन के संपर्क में आए लोगों की सूची बनाकर उनकी भी जांच की जाएगी। सिविल सर्जन डॉक्टर अमित शुक्ला ने बताया कि जिला अस्पताल में कोरोना संक्रमण के मरीजों के लिए अलग से इंतजाम किए गए हैं।

**इनका कहना :** उमेश जैन को 5-7 दिन घर में अलग कमरे में क्वारंटाइन रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम उनकी निगरानी करेगी। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें कोविड आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया जाएगा।

**डॉ. शोभाराम रोशान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**

## 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3(2) के तहत दो माह के क्लोज सीजन में आगामी 15 अगस्त तक जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया है। बंद ऋतु की अवधि में मत्स्य के परिवहन और क्रय-विक्रय पर भी रोक रहेगी। नियमों के उल्लघंन पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधान तथा शासन के निर्देशों के तहत कार्यवाही की जाएगी। म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लघंनकर्ता पर एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रूपए जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है। यह संज्ञेय दण्डनीय अपराध की श्रेणी में है। छोटे तालाब अथवा किसी नदी व नाला से संबंधित जल स्त्रोतों को छोड़कर यह प्रतिबंध सभी नदी व जलाशयों पर लागू होगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मत्स्य प्रजनन काल एवं इनके संरक्षण के दृष्टिगत गत 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

# बृजपुर में महिलाओं को किया जागरूक



**पन्ना ।** वन स्टॉप सेन्टर पन्ना कार्यालय द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आज बृजपुर में स्वसहायता समूह की महिलाओं को सखी केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेन्टर की प्रशासक कविता पाण्डेय सहित बृजपुर थाना के स्टॉफ द्वारा उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही वन स्टॉप सेन्टर के माध्यम से आपदा एवं विपत्तिग्रस्त महिलाओं के पुनर्वास के लिए प्रदान की जाने वाली आवश्यक काउसलिंग एवं कानूनी सहायता के बारे में भी अवगत कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम में कम आयु में बाल विवाह के दुष्परिणाम, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर तथा साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी भी प्रदान की गई।

# कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट में नई कार्यकारिणी का चयन 22 घंटे की मतगणना के बाद आये परिणाम

### अभिषेक पस्तोर 426 वोट पाकर अध्यक्ष बने, 22 घंटे चली मतगणना में 1310 मतदाताओं ने किया वोट



**टीकमगढ़।** कुंडेश्वर मंदिर ट्रस्ट के चुनाव परिणाम सामने आ गए हैं। अभिषेक पस्तोर 426 वोट हासिल कर अध्यक्ष चुने गए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी ब्रजकिशोर पटेरिया को 273 वोट मिले। अभिषेक 153 वोटों के अंतर से विजयी हुए। मतगणना सोमवार सुबह 11 बजे शुरू हुई और मंगलवार सुबह 9 बजे तक चली। कुल 1709 पंजीकृत मतदाताओं में से 1310 ने मतदान किया। अन्य पदों पर रम्मू नायक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण उपाध्यक्ष, राजेंद्र मिश्रा रज्जन सचिव और संतोष तिवारी कोषाध्यक्ष चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर के पिता सूर्य प्रकाश पस्तोर तीन बार इसी पद पर रह चुके हैं। ट्रस्ट के नियमों के अनुसार हर तीन साल में चुनाव होने चाहिए। लेकिन पिछले 8 वर्षों से चुनाव नहीं हुए थे। इसी कारण इस बार मतदाताओं में चुनाव परिणामों को लेकर विशेष उत्सुकता थी। कार्यकारिणी सदस्यों में अखिलेश दीक्षित सर्वाधिक 687 वोट पाकर विजयी हुए। अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में संजय दीक्षित सहसचिव और पुष्पेंद्र आंतरिक अंकेक्षक चुने गए।

**यह रहे परिणाम**

अध्यक्ष
अभिषेक पस्तोर - 426
ब्रजकिशोर पटेरिया-273
गोपाल भगवानी-202
मनोज बाबू चौबे-128
नेपाल सिंह यादव
राजू-195
सुरेन्द्र सिंह भदोरिया-24
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
हर्ष -453
रम्मू नायक-539
रामपाल-181
उपाध्यक्ष
अरूण -500
मनोज व्यास-425
एमडी सोनी-254
सचिव
गौरव - 160
नरेश -274
रज्जन-397
हल्के-347
हकदार
रेज़्यूमे -331
मुकेश - 292
संतोष-497
सह सचिव
ज्ञान यादव-253
रमेश अंकल - 226
लल्लू-169
संजय दीक्षित-481
आंतरिक अंकेक्षक
जमुना-360
पुष्पेन्द्र-664

# डिवाइडर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर पार्षद प्रतिनिधि संजू बाबा ने उठाए सवाल

### 4 वर्षों से धूल खा रही गुमटियों में शिफ्ट कराए जाएं फुटपाथी दुकानदार

**टीकमगढ़/पलेरा।** नगर में थाना तिराहे से लेकर बड़ा बस स्टैंड तक प्रशासनिक अमले द्वारा डिवाइडर अतिक्रमण सख्ती के साथ हटाए जाने को लेकर को लेकर पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा ने डिवाइडर सड़क पर दुकान लगाने वाली महिलाओं एवं दुकानदारों को व्यवस्थित कराएं जाने की बात कही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीते दिनों अतिक्रमण की कार्यवाही के दौरान डिवाइडर सड़क पर दुकान लगाने वालों का तत्काल मौके से अतिक्रमण हटाया गया, जिससे कुछ दुकानदारों का नुकसान भी हुआ। उन्होंने कहा कि गरीब दुकानदारों की दुकानों को उजाड़ते हुए अतिक्रमण हटाया गया। संजय ने कहा कि कि प्रशासनिक अमले को सभी के साथ समानता का व्यवहार रखते हुए कार्य करना चाहिए.इसके बावजूद भी गरीबों की अतिक्रमण हटाकर रसूखदारों पर की गई मेहरबानी से नगर की आम जनता खफा है। जिस पर प्रशासनिक अमले को मौके पर तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि नगर को अतिक्रमण के दायरे से मुक्त करने के लिए डिवाइडर सड़क पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को उचित जगह व्यवस्थित भी किया जाना चाहिए। पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा ने बताया कि नगर परिषद में प्रशासक कार्यकाल के समय से तैयार कराई गई कई लोहे की गुमटियां नगर परिषद कार्यालय के सामने विगत 4 वर्षों से धूल खा रही है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की कार्यवाही के दौरान जिन दुकानदारों के पास रोजगार के लिए उचित पर्याप्त जगह नहीं है, उन्हें इन दुकानों में व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

### गरीबों के लिए जेल जाने को तैयार

पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार ने कहा कि संपूर्ण नगर अतिक्रमण से मुक्त होना चाहिए। लेकिन बेवजह व्यापारियों को परेशान नहीं करना चाहिए। बड़े लोगों के बड़े अतिक्रमण नहीं तोड़े जा सके, इसके कई आरोप भी सामने आए। गरीबों के साथ किए गए अन्याय पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों को अतिक्रमण के दायरे से हटाया गया है, उन्हें उचित पर्याप्त स्थान पर व्यवस्थित करने का कार्य भी नगर परिषद को करना चाहिए। संजय ने कहा कि गरीब जनता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गरीबों की हित की लड़ाई में वह जेल जाने को भी तैयार है।

## वर्षाकाल से अप्रिय होने वाली घटनाओं से बचने एसडीएम ने की सतर्क होने की अपील

**जागरण, चितरंगी।** अनुभाग चितरंगी अन्तर्गत समस्त ग्रामवासियों से एसडीएम ने अपील की है कि वर्षाकाल का आरम्भ हो रहा है जिसमें अत्यधिक वर्षा से भू.स्खलन पानी भराव सर्पदंशए आकाशीय बिजली से जनहांनि होने की संभावना बनी रहती हैं। ऐसे समय में अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए निम्न उपाय किए जाने चाहिए. अपने बच्चों को पोखर तालाब नाले नदी आदि में अकेला न जाने दें। बारिश में पुल/पुलिया के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में उन्हें पार करने का प्रयास न करें। वर्षाकाल के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की संभावना अधिक होती है ऐसे समय में अपने परिजनों को उचित आश्रय स्थल अथवा घरों में अपने साथ रखें। मानसून के दौरान सर्पदंश की घटनाओं में भी वृद्धि होती है रात्रि में बाहर निकलने पर सावधानी बरतें। यथासंभव जमीन पर सोने से बचें। अगर किसी को सर्प काट ले तो तत्काल उसे उपचार हेतु चिकित्सालय लेकर जाएं।

## शुभम को नीट परीक्षा में मिली सफलता

**जागरण सिंगरौली।** शुभम गुप्ता को नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर पूरे परिवार व विद्यालय को गौरवांवित करते हुये जिले का नाम रोशन किया हैं। शुभम गुप्ता केन्द्रीय विद्यालय सिंगरौली में अध्ययन कर मेधावी छात्र रहे। शुभम के पिता नन्द लाल गुप्ता एनसीएल मुख्यालय में चालक पद पर कार्यरत है। शुभम गुप्ता के पिता नन्दलाल गुप्ता माता चन्द्रकली गुप्ता की इच्छा थी मेरा बेटा डाक्टर बनकर समाज की सेवा करे। जो बेटे ने अपनी कड़ी मेहनत से अपने माता पिता के सपने को साकार करते दिखाई दे रहे है। शुभम नीट 25 की परीक्षा में 521 प्राप्त कर नीट परीक्षा ऑल इंडिया रैंक 30670 हासिल किया है।

# भगवती मानव कल्याण संगठन ने सरई क्षेत्र की समस्याओं को लेकर निकाली जनजागरण पदयात्रा

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन



**जागरण, सरई**

आज भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा सरई के तत्वावधान में क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर एक सशक्त जनजागरण पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा सरई के पिपराही तालाब से प्रारंभ होकर सरई तहसील कार्यालय तक निकाली गई जिसमें संगठन के जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। पदयात्रा के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक 11 सूत्रीय ज्ञापन सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा को सौंपा गया। ज्ञापन में सरई क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को चिन्हित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरई क्षेत्र के गांव.गांव में देशी.विदेशी एवं कच्ची महुआ की शराब और गांजे की खुलेआम बिक्री हो रही है जो प्रशासनिक संरक्षण में फ्ल.फूल रही है। अवैध शराब माफ्यिाओं के बढ़ते आतंक से समाज विशेषकर युवावर्ग बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। संगठन ने इन पर कठोर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसी क्रम में सरई रेलवे स्टेशन पर कोयले की लोडिंग से उत्पन्न कोल डस्ट एवं शोरगुल से नागरिकों को होने वाली कठिनाइयों पर चिंता व्यक्त की गई। मझौली की तर्ज पर स्टेशन से दूर वैकल्पिक रेललाइन बिछाने की मांग उठाई गई है जिससे रहवासियों को राहत मिल सके। शासकीय विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार भी एक प्रमुख मुद्दा रहा। ज्ञापन में कहा गया कि बिना आर्थिक लेन.देन के आमजन का कार्य समय पर नहीं हो रहा है जिससे जनता विभागों के चक्कर काटने को विवश है। इसके अतिरिक्त वर्षों से लंबित बस स्टैंड शुलभ शौचालय व ऑटो स्टैंड की मांग को दोहराया गया वहीं सरई सहित खनुआ लंघाडोल एवं बिन्दूल क्षेत्र के अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी और पोस्टमार्टम सुविधा के अभाव पर भी प्रकाश डाला गया। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का भी उल्लेख किया गया है। समय पर खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और नकली खाद.बीज की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। वहीं औद्योगिक परियोजनाओं से विस्थापित सैकड़ों परिवारों के स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। रेल फाटक क्र. 3 पर ओवरब्रिज निर्माण कोल परिवहन हेतु अलग मार्ग सरई में बायपास मार्ग और लंघाडोल में अतिक्रमण हटाने एवं लंघाडोल में बैंक शाखा खोले जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। इस जनजागरण पदयात्रा में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला प्रभारी प्रेम सागर गुप्ता जिला अध्यक्ष शिवाकांत अग्रहरि सरई तहसील अध्यक्ष विजय जायसवाल स्वामी शरण अग्रहरि राम लल्लू शाह शिव प्रसाद शाह जमुना विश्वकर्मा संतोष शाह सहित सैकड़ों अनुयायी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### बाबा साहेब के मार्गदर्शन में गांव की अंतिम पंक्ति के लोगों को

# न्याय दिलाने एवं संविधान की रक्षा करने का कार्य करेंगे : राम शिरोमणि

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए पिछड़ा वर्ग के राम शिरोमणि शाहाबाल ने की दावेदारी

**जागरण, बैढ़न।** संगठन सृजन के शुभारंभ में सिंगरौली जिले के प्रभारी कांग्रेस के महासचिव उड़ीसा के सांसद सप्तगिरि शंकर उल्का कांग्रेस के डिंडोरी से विधायक ओकार मरकाम प्रदेश कांग्रेस की महासचिव व जिला प्रभारी कविता पांडेय पूर्व विधायक कोतमा सुनील सराफ एवं पूर्व मंत्री एवम एआईसीसी के सदस्य कमलेश्वर पटेल ने कांग्रेसियों एवं आम जनमानस की राय जानी इस दौरान शहर कांग्रेस पद के लिए पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि शाहाबाल अपने सैकड़ो गरीब किसान दलित आदिवासी मजदूर व्यापारी अल्पसंख्यकों समर्थकों के साथ दावेदारी पेश की एवं 300 लोगों ने अलग.अलग बंद लिफाफा में सहमति पत्र दिया है गरीब मजदूर किसान व्यापारियों ने खुलकर मांग की है कि उन्हें जिम्मेदारी दी जाए उन्होंने कहा कि तथागत गौतम बुद्ध के आशीर्वाद व बाबा साहब के मार्गदर्शन में राहुल गांधी के मनशा अनुसार गांव की अंतिम पंक्ति के लोगों को न्याय दिलाने एवं संविधान की रक्षा करने का वह कार्य करेंगे।

## खाद्यान्न प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राही 30 जून तक अनिवार्य रूप से कराएं अपना ई-केवाईसी

**जागरण, बैढ़न।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिंगरौली द्वारा बताया कि शासन के आदेशानुसार जिले के सभी पात्रता पर्ची धारी हितग्राहियों को ई.केवाईसी करना अनिवार्य है इसकी तिथि पूर्व में 15 जून थी जिसे बढ़ाकर अब 30 जून कर दी गई है। हितग्राही ऐप के जरिए अब घर बैठे ई-केवाईसी करा सकते हैं। जिले में अब तक 1071295 में से 897814 हितग्राहियों की ई.केवाईसी हो चुकी है।

# रोजगार मेले में 112 आवेदकों का किया गया प्रारंभिक चयन



**जागरण, बैढ़न।** मध्यप्रदेश शासन के मशानुसार जिले के बेरोजगार युवक युवतियो को रोजगार के अवसर उपलंब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में रोजगार कार्यालय बैढ़न के परिसर मे युवा संगम रोजगार स्व.रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन जिला प्रशासन रोजगार कार्यालय सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आई टी आई सिंगरौली के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों ने सहभागिता की। अत्यधिक सख्या में आवेदकों महिला एवं पुरुष ने उपस्थित होकर कम्पनियों में रोजगार हेतु आवेदन किये एवं काउंसिलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया। रोजगार मेले में उपस्थित 8 संस्थाएं कंपनियों द्वारा 112 आवेदकों का प्रभिक चयन किया गया जिसमें से 7 महिला आवेदक लाभावित हुई। साथ ही 56 आवेदकों की पर काउंसिलिंग की गई एवं उन्होंने अपने जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञो द्वारा प्राप्त किये। रोजगार मेले का आयोजन डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी जिला रोजगार अधिकारी एन के पटेल नवीन कुशवाहा महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र प्रशात पाण्डेय महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र सहित रोजगार कार्यालय के काउंसलर पैनल से सुदामा कृष्णचंद तथा संजीव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति किया गया।

# पूर्व विधायक श्यामकर्तिक दुबे को कांग्रेस के लोगों ने किया याद, दिया भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**जागरण, बैढ़न।** जिले के प्रथम विधायक पंडित श्यामकर्तिक दुबे को उनके पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ने शहर के होटल शारदा इन में उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया। गौरतलब है कि पंडित श्यामकर्तिक दुबे सिंगरौली के एक जुझारू समाजवादी विचारधारा के कर्मठ नेता रहे है जिन्होंने 5 बार विधायक के रूप में सिंगरौली का प्रतिनिधित्व किया। उनके कार्यकाल में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए थे उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के गरीबों वंचितों के कल्याण के लिए लगा दिया ।उक्त आयोजित कार्यक्रम में पंडित जी को याद करते हुए कांग्रेसियों ने उन्हें एक क्रांतिकारी संघर्षशील जन नेता बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली रामअशोक शर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शर्मा जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव राघवेंद्र श्रीवास्तव मुनखू मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अनिल सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के सिंगरौली ग्रामीण के कोषाध्यक्ष ललित सिंह जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भोले जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के महामंत्री रामकुमार शाह युवा नेता विकाश सिंह गहरवार के साथ कई अन्य नेता. उपस्थित रहे।



## बेसबॉल महिला-पुरुष टीम को दिल्ली से वापस बुलाया

**रीवा।** राजस्थान के झुंझुनू में 14 से 17 जून तक आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के लिए अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा बेसबॉल की महिला पुरुष टीम रीवा से रवाना होकर दिल्ली तक पहुंची। उसके बाद विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा खिलाड़ियों को वापस बुला लिया गया। खिलाड़ियों को उनके दस्तावेज नहीं दिए गए। कहा जा रहा है कि खिलाड़ी अपना पैसा लगाकर जनरल में सफर कर दिल्ली तक पहुंचे थे। जाहिर जब कोई संस्था किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को भेजती है वह पूरे इंतजाम के साथ जाते हैं। कोच प्रबंधक, महिला खिलाड़ी है तो अलग से महिला कर्मचारी भेजी जाती है। यहां कहा जा रहा है कि छात्र अपने पैसे से गए मतलब साफ छात्र मनमानी तरीके से गए थे। उल्लेखनीस है कि पिछले साल भी कबड्डी प्रतियोगिता में कुछ छात्राएं मनमानी पूर्वक गई थीं।

# जेके सीमेंट ने किया ठेकेदारों से संवाद समारोह का आयोजन



**रीवा।** भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी, जेके सीमेंट ने हाल ही में मध्य प्रदेश के रीवा में निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के लिए एक विशेष तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठेकेदारों को कंपनी के नवीनतम उत्पादों और निर्माण तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में जेके सीमेंट के तकनीकी शाखा प्रबंधक, आकाश सिंह तिवारी ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया और कंपनी के प्रमुख उत्पादों, जेके सुपर, जेके स्ट्रांग जेके प्रोटेक्ट और जे के सीमेंट के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इन उत्पादों की विशिष्ट विशेषताओं और गुणवत्ता के बारे में बताया कि कैसे ये उत्पाद निर्माण कार्य को अधिक मजबूत और टिकाऊ बना सकते हैं। श्री तिवारी ने कार्यशाला में जेके सीमेंट की एक विशेष पहल, 'शूरवीर स्कीम' के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। श्री तिवारी ने बताया कि कैसे सीमेंट को सही तरीके से स्टोर और इस्तेमाल किया जाए ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कार्यक्रम में जेके सीमेंट के तकनीकी विभाग से सतीश तिवारी, शशांक सिंह, शिवम मिश्रा सेल्स प्रमोटर रामू सिंह डीलर अशोक सिंह कृष्णा ट्रेडर्स मौजूद रहे। साथ ही, स्थानीय ठेकेदारों ने भी बड़ी संख्या में इस कार्यशाला में भाग लिया।

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 183 लोगों ने दिया अपना आवेदन

### जन सुनवाई में ही कई आवेदनों का कलेक्टर ने कराया निराकरण



**जागरण, बैढ़न।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 183 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता एसडीएम सृजन बर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की देवेन्द्र द्विवेदी तहसीलदार सविता यादव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एन.के जैन जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा की विकसित भारत संकल्प बैठकें लगातार जारी




**जागरण, बैढ़न।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि तक अभियान के अंतर्गत हो रहे कार्यक्रमों मे मंडल स्तरीय विकसित भारत संकल्प बैठकें अनवरत जारी हैं। ये बैठकें क्रमशः मंडल बैढ़न विंध्यनगर खुटार एवं जयंत में सम्पन्न हुईं। ये सभी बैठकें मंडल मुख्यालयों पर सम्पन्न हुईं तथा संगठन की ओर से तय वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तथा अध्यक्षता संबंधित मंडल अध्यक्षों ने की । वक्ताओं ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बिंदुओं पर अपने विचार साझा किए। भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के जिला कार्यालय में बैढ़न एवं विंध्यनगर मंडलों की बैठकें सम्पन्न हुईं इन बैठकों मे बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह स्वयं उपस्थित रहे। मंडल बैढ़न की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह तथा विंध्यनगर मंडल की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप मे पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह बैठक मे उपस्थित रहे। इन बैठकों की अध्यक्षता संबंधित मंडल के अध्यक्षों ने की। विकसित भारत संकल्प सभा की इन बैठकों मे मुख्य वक्ताओं ने मोदी के 11 वर्षीय कार्यकाल की विशिष्ट उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बदलते भारत की तस्वीर को कार्यकर्ताओं के बताया तथा एक आम जन के जीवन से लेकर राष्ट्रीय बदलाव के प्रतिबंध को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा। वक्ताओं ने आज भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था तथा भारत की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विषय पर प्रकाश डाला तथा आज के सशक्त भारत का श्रेय मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल को दिया। जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन मे इस अभियान से संबंधित समस्त कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने के गुर कार्यकर्ताओं को सिखाए तथा कार्यक्रम के उद्देश्य को ध्यान में रखकर अपने आयोजनो को संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष ने सरकार की ऐसी मर्मस्पर्शी योजनाओं पर प्रकाश डाला जो एक आम भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए श्रृजित की गई हैं। कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार पोषण के बाद समस्त कार्यकर्ताओं को विकसित भारत संकल्प का वाचन कराया तथा उस संकल्प को अपने आचरण के माध्यम से धरातल पर उतारने की शपथ कार्यकर्ताओं को दिलाई। इन बैठकों मे इस अभियान के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह आशा यादव जिला महामंत्री राजकुमार दुबे जिलामंत्री पूनम गुप्ता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक विनोद द्विवेदी जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार आइ टी सेल जिला संयोजक सुरेश गिरी मंडलों के अध्यक्ष सौरभ गुप्ता नीरज पांडेय संदीप झा मनोज शाह महामंत्री सावित्री प्रजापति जय प्रकाश शाह मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से युवती की हुई मौत

**जागरण चितरंगी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोखवा में आज दोपहर 1 बजे तेज हवा बारिश के साथ गरज तड़क था। उसी समय आम के पेड़ के नीचे लड़की बैठी थी। सोनू सिंह पिता पतिराज सिंह उम्र 14 वर्ष निवासी ग्राम खोखवा को आकाशीय विजली गिरने से लपट में फ्स गई। मौके पर मृत्यु हो गई। परिजनों में मातम छा गया। घटना की सूचना परिजनों ने थाना चितरंगी में दिया । चितरंगी पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना स्थल पहुच कर पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी लाया। पीएम करा कर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौप दिया। इस घटना से पूरा परिवार स्तब्ध है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं तुफैल अहमद निवासी क्वार्टर संख्या।। सी 171, विद्युत विहार कालोनी शक्तिनगर जिला सोनभद्र उ.प्र., लाईबा अहमद का पिता एतद् द्वारा यह सूचित करता हूँ कि मैंने अपने बच्ची का नाम लाईबा अहमद से बदलकर आयशा अहमद कर दिया है। आयशा अहमद की आयु 3.5 वर्ष है। यह परिवर्तन शपथ पत्र संख्या 5395/2024 दिनांक 19/12/2024 को नोटरी वैढन जिला सिंगरौली द्वारा जारी शपथ पत्र के अनुसार किया गया है।

एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

**निविदा सुचना**

"सीआईएल एवं अनुषंगी कम्पनियों द्वारा सामाग्री,कार्य एवं सेवाओं हेतु निर्गत सभी निविदाएँ www.coal india.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी, सीआईएल ई-प्रक्योरमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in एवं केंद्रीय लोक प्रक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतरिक्त GeM Portal https://gem.gov.in के द्वारा भी प्रक्योरमेंट किया जाता है।" R-21

**नाम सुधार**

मैं कि आकांक्षा मेहता पुत्री धर्मेन्द्र मेहरा उम्र 29 वर्ष निवासी 25एए, संस्कार, बिहाइंड योगी पेट्रोल पम्प, जदेश्वर भरुच, पोस्ट जदेश्वर, जिला भरुच, गुजरात-392011 की हूं। मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि उपरोक्त पते की निवासी हूं तथा मेरा आधार नंबर 8494 7034 3346 है। मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि शादी से पूर्व मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आकांक्षा मेहरा था तथा शादी के बाद वर्तमान समय में मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम आकांक्षा मेहता है। उक्त दोनों नाम मुझ शपथी के ही हैं। मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम आकांक्षा मेहरा है, जिसे बदलवाकर अपना सही व वास्तविक नाम आकांक्षा मेहता लेख कराना चाहती हूं जिस संबंध में यह शपथ पत्र निष्पादित करा रही हूं जो सही एवं सत्य है।

CMN-11222

# 2025-27 में टीम इंडिया बनेगी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियन...?

**मुंबई, जेएनएन।** विश्व क्रिकेट जगत को नया वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियन मिल गया है। ऑस्ट्रेलिया को हराकर साउथ अफ्रीका ने इस खिताब पर कब्जा जमा लिया है। करीब 27 सालों बाद साऊथ अफ्रीका ने कोई डब्ल्यूटीसी टाइटल अपने नाम किया है। हालांकि वह कई दफे फायनल तक पहुंचे लेकिन हर बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बहरहाल 2023-25 के पूरा होने के साथ ही 2025-27 की श्रृंखला शुरू ही चुकी है। कौन सी टीम, किन देशों के साथ मुकाबले खेलेगी? वह कितने मुकाबले घर पर और कितने विदेशी धरती पर खेलेगी यह भी तय हो गया है। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 में तीसरे पायदान पर रही भारतीय टीम के सफर की शुरुआत इंग्लैण्ड से होने जा रही है। टीम इण्डिया यहाँ 5 टेस्ट मुकाबलों की श्रृंखला में हिस्सा लेगी। इसके अलावा शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम विदेशी धरती पर श्रीलंका और न्यूजीलैंड की टीम के साथ 2-2 टेस्ट मुकाबले खेलेगी। टीम इंडिया अपने होम ग्राउंड में वेस्ट इंडीज, ऑस्ट्रेलिया और मौजूदा चैम्पियन साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी। भारत कंगारूओं के खिलाफ घर पर पांच टेस्ट मैचेज की सीरीज खेलेगी जबकि जबकि विंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2-2 टेस्ट मुकाबले। बता दें कि, चिर प्रतिद्वंदी भारत और पाकिस्तान के बीच कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं है। यदि दोनों टीम फाइनल में जगह बनाती है तो उनकी भिड़ंत होगी।

## टेस्ट में होंगे 98 ओवर प्रतिदिन

रिपोर्ट के अनुसार, कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है, समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई। हालांकि 2025-27 की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पांच दिवसीय मैचों के मौजूदा प्रारूप के तहत ही खेली जाएगी।

## चार दिनों के होंगे टेस्ट मुकाबले

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की श्रृंखलाएं खेलने में मदद मिलेगी। एक रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच






## मैदान से हटकर

### भज्जी की पत्नी ने रोहित-रितिका से पूछा घर का बॉस कौन?



भारतीय क्रिकेट के दिग्गज हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा ने हाल ही में अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'पर्पल रोज एंटरटेनमेंट' लॉन्च किया है। इस पहल के तहत, उन्होंने अपना चैट शो 'हू इज द बॉस' शुरू किया है। इस शो में वे क्रिकेट जगत की मशहूर जोड़ियों से उनके निजी जीवन के बारे में दिलचस्प बातें साझा करते हैं। हाल ही में, इस शो में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका सजदेह को मेहमान के रूप में आमंत्रित किया गया। इस एपिसोड में भज्जी की पत्नी गीता ने पहले तो मज़ाकिया अंदाज में पूछा कि रितिका अच्छी मां हैं या अच्छी पत्नी? इस सवाल पर रोहित कुछ कह नहीं पाए और चुप रह गए, जो देखकर सब हंस पड़े। इसके बाद गीता ने सवाल बढ़ाया और पूछा कि क्या दोनों के बीच कभी झगड़े होते हैं? इस पर रोहित और रितिका ने एक-दूसरे की तरफ देखकर मुस्कुराते हुए इशारा किया। फिर गीता ने सबसे मज़ेदार सवाल पूछा, घर का बॉस कौन है? इस पर रितिका ने रोहित की ओर इशारा किया, लेकिन रोहित ने जवाब दिया कि यह सब 50-50 है। इस बात से साफ हुआ कि उनके घर में समानता और प्यार दोनों की अहमियत है। टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट के बाद अब रोहितने टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। आईपीएल 2025 के खत्म होने के बाद से वह अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। इसी कड़ी में वह भज्जी के शो में पहुंचे मजेदार बातचीत का हिस्सा बने। यह प्यारा और मज़ेदार इंटरव्यू 18 जून को रिलीज होने वाला है, जिसे फैंस बेसब्री से देख रहे हैं। इससे पहले पूरे इंटरव्यू का एक छोटा सा क्लिप सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। (**जेएनएन**)

# भारत-इंग्लैंड श्रृंखला के विजेता को मिलेगा पटौदी पदक

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के विजेता कप्तान को पटौदी पदक से सम्मानित किया जायेगा जिससे इन दोनों देशों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता में इस शाही परिवार का नाम बना रहेगा। पटौदी परिवार का दोनों देशों की क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इससे पहले पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी करने का फैसला लिया था। पिछले हफ्ते लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान के भीषण हादसे के मद्देनजर इसे टाल दिया गया।

## ट्राफी का नाम बदलने पर थी कई दिग्गजों को आपत्ति



भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के साथ क्रिकेट जगत के कुछ अन्य लोगों ने भी इस ट्रॉफी का नाम बदलने की आलोचना की थी। पता चला है कि तेंदुलकर ने खुद ईसीबी से संपर्क किया और कहा कि पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड क्रिकेट का हिस्सा बना रहना चाहिए। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह की भी इसमें भूमिका रही। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, ईसीबी ने जब इस ट्रॉफी का नाम बदलने का फैसला किया तब तेंदुलकर ने उनसे संपर्क किया और कहा कि पटौदी नाम भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा बना रहना चाहिए। जय शाह भी इस चर्चा में शामिल थे। ईसीबी ने अनुरोध पर सहमति जताते हुए विजेता कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया है। पहले से तय कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका ऐसे में ट्रॉफी का नाम बदलने की औपचारिक घोषणा लीड्स में श्रृंखला के शुरूआती मैच से एक दिन पहले 19 जून को की जाएगी। तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि एंडरसन टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज है। पटौदी परिवार का भारत-इंग्लैंड क्रिकेट से गहरा नाता है। इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर दोनों ने भारत की कप्तानी की और दोनों ने इंग्लैंड में लंबे समय तक काउंटी क्रिकेट खेला है।

# स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पहुंची

**दुबई, जेएनएन।** भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गयीं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं




# बुमराह सटीक गेंदबाजी करने के मामले में मैकग्रा के समान : ब्रॉड

**मुंबई, जेएनएन।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता और गेंदबाजी में उनका बेहतरीन संतुलन उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्रा के समक्ष खड़ा करती है तथा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेगी। ब्रॉड ने विश्व क्रिकेट में सबसे संतुलित गेंदबाजी रन अप के मामले में बुमराह की तुलना ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज मैकग्रा से की। ब्रॉड ने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' में कहा, वह (बुमराह) जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो आप सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी लेकिन वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे आप सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं। उन्होंने जोस बटलर के साथ इस पॉडकास्ट में कहा, 'जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते थे और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से ही गेंदबाजी करते थे। टेस्ट क्रिकेट में 604 विकेट लेने के बाद 2023 में संन्यास की घोषणा करने ब्रॉड ने कहा, बुमराह का रन अप बेहद संतुलित है और वह कभी इस बिगड़ने नहीं देते। मैंने जिन गेंदबाजों को देखा है उनमें ग्लेन मैकग्रा का रन अप बेहद संतुलित था। बुमराह भी उन्हीं की तरह हैं। बुमराह के श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने की उम्मीद नहीं है, जिसकी पुष्टि भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कार्यभार प्रबंधन के तहत की है।



**बुमराह से ढेर सारे विकेट लेने की उम्मीद :** ब्रॉड ने कहा कि अगर बुमराह शुक्रवार से लीड्स में शुरू होने वाली श्रृंखला के सभी पांच मैचों में खेलते हैं तो वह ढेर सारे विकेट लेंगे। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से उन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। इंग्लैंड कभी नहीं चाहेगा कि वह सभी पांच टेस्ट मैच में खेले। अगर ऐसा होता है तो वह ढेर सारे विकेट लेगा। ऑस्ट्रेलिया में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। बटलर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर आई भारतीय टीम में बुमराह से बड़ा कोई सुपरस्टार नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत की इस टीम में जसप्रीत बुमराह से बड़ा कोई स्टार है।

# मेरे लिए साल 2022 अंधकारमय और सबसे कठिन समय था : करुण

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर के लिए बीते कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में बड़े स्कोर का सिलसिला उनके करियर की सबसे बड़ी चुनौती से जुड़ा हुआ है लेकिन इस दायें हाथ के बल्लेबाज ने 'साल '2022' के अंत को अपने करियर का सबसे मुश्किल और अंधकारमय समय करार दिया। नायर का आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी का सफर उनके जज्बे और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दिये साक्षात्कार में इस 33 साल के बल्लेबाज ने कहा, मेरे साथ जिस तरह की घटनाएं घटी उस संबंध में मैं कहूंगा कि 2022 का अंत काफी अंधकारमय था। मेरे लिए बहुत भावनात्मक दौर था। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह सबसे कठिन समय था। 2018 से भी अधिक कठिन, सबसे मुश्किल दौर। टेस्ट क्रिकेट में वीरेंद्र सहवाग के अलावा भारत के एकमात्र तिहरे शतक लगाने वाले नायर अब शानदार वापसी की दहलीज पर हैं।



**तिहरा शतक लगाने के बावजूद टीम इंडिया से कर दिया था बाहर :** इस बात की प्रबल संभावना है कि वह शुक्रवार को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश का हिस्सा होंगे। नायर पहले से अधिक मजबूत बनकर उभरे हैं, लेकिन वह उस समय में वापस नहीं जाना चाहेंगे जब वह अक्सर इस बात पर हैरान होते थे कि 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के बाद यादगार तिहरा शतक लगाने के बावजूद उन्हें कुछ मैचों के बाद ही टीम से बाहर क्यों कर दिया गया था। उन्होंने कहा, नहीं। मैं ईमानदारी से कहूं तो उस जगह पर नहीं रहना चाहता जहां मैं कुछ साल पहले था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस समय कम से कम मैं बहुत आभारी हूं। मैं शिकायत करने के उस दौर से आगे निकल चुका हूँ। मैं अपना जीवन जी रहा हूं और वही कर रहा हूं जो मुझे पसंद है।

# क्वालीफायर से पहले ताजिकिस्तान से भिड़ेगी भारतीय टीम

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय अंडर-23 फुटबॉल टीम बुधवार को ताजिकिस्तान के खिलाफ मैत्री मुकाबले में उतरेगी तो उसकी कोशिश आगामी एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। यह मुकाबला दुशांबे के पास हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इस दौरे पर शनिवार को दूसरे मैच में किर्गिज गणराज्य का सामना करेगी। भारत सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के लिए बहरीन, कतर और ब्रुनेई दारुस्सलाम के साथ ग्रुप ई में है। टीम का लक्ष्य पहली बार इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने का है। मूसा ने एआईएफएफ वेबसाइट से कहा, उनकी टीम में निश्चित रूप से कल अलग खिलाड़ी होंगे। कोच बदल गया है। हमें बस वहां जाकर अपना काम सही से करना है। यह मूसा के लिए भारत अंडर-23 टीम के साथ दूसरा दौरा है।

# नीदरलैंड-नेपाल-स्कॉटलैंड ट्राई सीरीज जीत-हार का फैसला 3 सुपर ओवर बाद हो सका




**नयी दिल्ली।** नीदरलैंड्स और नेपाल के बीच टी-20 ट्राई सीरीज के खेले गए मैच में जीत-हार का फैसला 3 सुपर ओवर के बाद हुआ। यह मैच आखिर में नीदरलैंड्स ने जीता। टी-20 इंटरनेशनल में ऐसा पहली बार हुआ। यह 41वां टी-20 इंटरनेशनल था, जिसमें जीत-हार का फैसला सुपर ओवर से हुआ। दरअसल नीदरलैंड्स, नेपाल और स्कॉटलैंड के बीच ट्राई सीरीज स्कॉटलैंड में खेली जा रही है। सोमवार को टूर्नामेंट का दूसरा मैच नीदरलैंड्स और नेपाल के बीच खेला गया। नीदरलैंड्स ने 7 ओवर में 152 रन बनाए पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड्स ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 152 का स्कोर बनाया। टीम के लिए तेजा निडामनुरु (35 रन, 37 गेंद) और विक्रमजीत सिंह (30 रन, 29 गेंद) बनाए। स्पिनर संदीप लामिछाने ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए।

## तीनों सुपर ओवर में क्या हुआ

**पहला सुपर ओवर-** पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने एक विकेट खोकर 19 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड्स के मैक्स ओ'डॉड और माइकल लेविट ने करन केसी के खिलाफ 19 रन बनाकर सुपर ओवर को भी टाई कर दिया।

**दूसरा सुपर ओवर-** इस बार नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और एक विकेट के नुकसान पर 17 रन बनाए। नेपाल की ओर से बॉलिंग ललित राजवंशी ने किया। नेपाल के बैटर दीपेंद्र सिंह ऐरी और रोहित पौडेल बल्लेबाजी करने आए और 17 रन बना दिए। मुकाबला एक और सुपर ओवर की तरफ बढ़ गया।

**तीसरा सुपर ओवर-** तीसरे सुपर ओवर में नीदरलैंड्स के कप्तान ने ऑफ स्पिनर जैक लायन कैचेट को गेंद सौंपी। 21 साल के कैचेट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल को एक भी रन नहीं बनाने दिया। रोहित पौडेल और रुपेश सिंह को बिना रन बनाए वापस लौट गए। आखिर में माइकल लेविट ने संदीप लामिछाने की पहली ही गेंद पर छक्का मारकर नीदरलैंड्स को जीत दिलाई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### भोपाल फुटसल लीग : सीजन 2

# मध्य भारत का सबसे सफल टूर्नामेंट संपन्न



**भोपाल।** भोपाल फुटसल लीग के दूसरे सीजन का समापन हुआ, जो मध्य भारत का सबसे बड़ा और सफल टूर्नामेंट साबित हुआ। मध्य प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन से संबद्ध इस टूर्नामेंट में 36 टीमों ने तीन श्रेणियों में हिस्सा लिया। आयोजक करीम उद्दीन ने सभी खिलाड़ियों, कोचों, कमेटी सदस्यों और प्रायोजकों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि टाइटल प्रायोजक डॉ. नितिन वर्मा (सेंट्रल ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल), स्पोर्ट्स पार्टनर सूर स्पोर्ट्स से आदित्य सूर, और सोशल मीडिया पार्टनर सूरमा भोपाली से प्रियांश सेन उपस्थित रहे। भोपाल जिले के नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी जी ने सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। यह टूर्नामेंट भोपाल के इतिहास में सबसे सफल आयोजन के रूप में दर्ज हो गया है।

**विजेता टीमें: गर्ल्स कैटेगरी :** जोगा बोनिटो, **अंडर-14 बॉयज :** मूनीस एफसी **अंडर-19 बॉयज :** ब्लेज़ कर्ज़ **उपविजेता टीमें : गर्ल्स कैटेगरी :** कनेक्ट स्पोर्ट्स हरदा, **अंडर-14 बॉयज :** गेम ऑन क्लब, **अंडर-19 बॉयज:** नवाब क्लब

# हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की : कगिसो रबाडा

**लंदन, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा। रबाडा ने कहा कि उनकी टीम के युवा खिलाड़ी अपने बचपन के दिनों से ही ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को पसंद करते थे इसलिए यह जीत और भी खास है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया अच्छी तरह से अभ्यस्त टीम है और पूरे सम्मान के साथ कहूं तो यह थोड़ी उम्रदराज टीम है। उनमें से कुछ खिलाड़ी तब भी खेल रहे थे जब हम हाई स्कूल में थे। अगर आप युवा खिलाड़ियों के नजरिए से देखें तो यह कैसा है। यह खास है, हम अब भी भावनाओं में डूबे हैं।




## मैं खुद का स्टार के रूप में नहीं देखता

डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान रबाडा एलेन डोनाल्ड को पीछे छोड़कर दक्षिण अफ्रीका के सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद रबाडा ने कहा कि वह इसका श्रेय साथी खिलाड़ियों के साथ साझा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, मैं खुद को एक स्टार के रूप में नहीं देखता। मैं खुद को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखता हूं जो इस टीम के लिए काम करने, अपना सब कुछ झोंकने और कड़ी मेहनत करने और सुधार करने के लिए तैयार है। मैं एक क्रिकेटर के तौर पर हमेशा सुधार करना चाहता हूं और बहुत गर्व के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए खेलता हूं। मैं सभी को इसी तरह खेलते देखना चाहता हूं।

# न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन लेंगी संन्यास

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2025 क्रिकेट दुनिया के लिए विदाई भरा साल बन गया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा, स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल जैसे बड़े खिलाड़ियों ने इस साल इंटरनेशनल क्रिकेट के एक फॉर्मेट से अलविदा कह दिया। अब इस सूची में एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। न्यूजीलैंड की मशहूर और शानदार महिला क्रिकेटर, पूर्व कप्तान सोफी डिवाइन ने भी वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। डिवाइन ने न्यूजीलैंड को कई बड़ी जीत दिलाई हैं, खासकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 में उनका प्रदर्शन बहुत अहम रहा। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 17 जून को बताया कि डिवाइन 2025-26 के लिए कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट को चुनेंगी। इसका मतलब है कि अब 17 सदस्यीय सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में किसी नई खिलाड़ी को फुल कॉन्ट्रैक्ट का मौका मिलेगा।



### सातवी बटालियन के एसएएफ साउथ जोन गेम्स

# रोमांच के बीच दूसरे दिन भोपाल की टीमों का बना रहा दबदबा



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी की 7वीं बटालियन के द्वारा आयोजित एसएएफ साउथ जोन गेम्स 2025 का दूसरा दिन बेहद रोमांचक रहा। इस दौरान प्रदेश की 9 बटालियन के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने जिम्नेजियम हॉल, लाल परेड ग्राउंड और टीटी नगर स्टेडियम में कुश्ती, वु-शु, एथलेटिक्स, कबड्डी समेत कई स्पर्धाओं में कड़े मुकाबले हुए।

प्रतियोगिता के बाद डीआईजी एसएएफ युसुफ कुरैशी और 7वीं बटालियन के कमांडेंट हितेश चौधरी ने विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को पदकों से सम्मानित किया। मंगलवार को खेली गई कबड्डी पुरुष फाइनल में 7वीं बटालियन भोपाल ने स्वर्ण और 23वीं बटालियन भोपाल ने रजत पदक जीता। कुश्ती के फ्री स्टाइल मुकाबले में 7वीं बटालियन भोपाल के दीनबंधु यादव और संजय यादव ने, जबकि ग्रीको रोमन में इसी बटालियन के मनु और 6वीं वाहिनी जबलपुर के राहुल गुर्जर ने स्वर्ण पदक जीते। ऊंची कूद स्पर्धा में 7वीं वाहिनी भोपाल के ओमप्रकाश और गोला फेंक महिला में 23वीं वाहिनी भोपाल की नीलिमा सराफ ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

## पशु चिकित्सा विभाग के 2 कर्मचारी इधर से उधर

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिकारियों-कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति 2025 के तहत उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला सतना द्वारा 2 कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक/स्वैच्छिक रूप से जिले के अंदर किया गया है। इसमें पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संदीप पटेल को पशु चिकित्सालय जैतवारा से कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र सतना और सुखेन्द्र सिंह को पशु चिकित्सालय कोटर से पशु औषधालय बिहरा स्वयं के व्यय पर स्थानांतरित किया गया है।

## 203 हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि वितरित


**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 16 जून को ग्राम बेलखेड़ा, बरगी जिला जबलपुर से मुख्यमंत्री जनकल्याण 2.0 योजना अंतर्गत सतना जिले के 203 हितग्राहियों को 4 करोड 72 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम एनआईसी केन्द्र सतना में प्रभारी सहायक श्रमायुक्त, श्रम निरीक्षकगण एवं जनपद सोहवल तथा नगर पालिक निगम सतना के हितग्राही उपस्थित रहे।

# तो अब जीआरएस ने पैसे लेकर जारी कर दी फर्जी भवन अनुज्ञा

### जिला पंचायत सीईओ से हुई शिकायत, मामला सोहावल जनपद के बाबूपुर पंचायत का

जागरण सतना

ग्राम पंचायतों में पदस्थ जीआरएस अब इस कदर बेलगाम और मनमानी करते दिखाई पड रहे है कि पैसे लेकर फर्जी तरीके से भवन अनुज्ञा जारी कर रहे है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत सोहावल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बाबूपुर का सामने आया है जहां पर पदस्थ रोजगार सहायक अनिल दुबे ने एक व्यक्ति से भवन अनुज्ञा जारी करने के नाम पर दो-बार पैसे डकार लिये और उसे फर्जी भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करदी। इस पूरे मामले की शिकायत जिला पंचायत सीईओ से फरियादी रमाकान्त मिश्रा द्वारा 17 जून को की गई है। अब देखना ये है कि इस गंभीर मामले का सारा विषय सोशल मीडियॉ में वायरल होने के बाद वरिष्ठ अधिकारी क्या कार्यवाही करते है। इतना ही नही यहां यह भी बताया गया है कि उक्त जीआरएस ने सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर भी खुद ही कर दिये।



कार्यालय जनपद पंचायत सोहावल जिला सतना (म०प्र०)


प्रति, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना (म०प्र०)

विषय:- श्री अनिल दुबे, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत बाबूपुर के विरुद्ध राशि वसूली का प्रस्ताव।

| क्र. | कार्य का नाम | मद का नाम | स्वीकृति वर्ष | व्यय राशि | वसूली योग्य राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंगनवाडी भवन शेरगंज | राज्य वित्त मनरेगा एवं आई.सी.डी.एस | 28.03.2018 | 600000 | 600000 | मौके पर कार्य नही पाया गया है। |
| 2. | पीसीसी रोड एवं नाली निर्माण | पीएमजीएसवाय एवं मनरेगा | 04.12.2021 | 295000 | 295000 | मौके पर कार्य नही पाया गया है। |
| 3. | सामुदायिक स्वच्छता परिसर | एसबीएम एवं मनरेगा 15 वॉ वित्त | 05.07.2020 | 313000 | 313000 | मौके में अपूर्ण निर्माण कार्य पाया गया है। |
| 4. | नाडेप निर्माण कार्य | एसबीएम एवं मनरेगा | 11.03.2022 | 150000 | 150000 | मौके में अपूर्ण निर्माण कार्य पाया गया है। |
| | कुल योग- | | | 1358000.00 | 1358000.00 | |

वसूली योग्य कुल राशि 1358000.00

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहावल जिला सतना (म०प्र०)



कार्यालय ग्राम पंचायत बाबूपुर जनपद पंचायत सोहावल जिला सतना (म.प्र.)

अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री रमाकांत मिश्रा पिता श्री भगवानदीन पयासी वार्ड नं. 10 देवेन्द्रनगर जिला पन्ना (म.प्र.) ग्राम शेरगंज की आराजी ... 7/3/3/1/1/1/2 में आवासीय भवन निर्माण का कार्य करना चाहते हैं।

उपरोक्त कार्य का भू-अभिन्याश, खसरा, प्रति आवेदन, ग्राम सभा ... /01/2024 को प्रस्तुत किया गया। ग्राम सभा द्वारा नक्सा 3000 वर्ग फुट ... सभा में दिनांक 24/01/2024 को 3000/- भवन अनुज्ञा की राशि जमा ... द क्र. 98 के साथ भू-अभिन्याश एवं भवन अनुज्ञा स्वीकृत किया गया।

उपरोक्त कार्य का भू-अभिन्याश एवं भवन अनुज्ञा ग्राम सभा द्वारा स्वी... जा चुका हैं। उक्त कार्य में ग्राम पंचायत को कोई आपत्ति नही है, ... यत द्वारा अभिमत प्रदान की जाती हैं। उक्त निर्माण कार्य करवा ने में भू-... मध्य प्रदेश शासन एवं ग्राम पंचायत की समस्त शर्तो के नियमों का ... अनिवार्य होगा।

सरपंच ग्राम पंचायत बाबूपुर | सचिव



जीआरएस ने यदि भवन निर्माण स्वीकृति जारी करने के नाम पर पैसे लेकर फर्जी तरीके से अनुमति जारी की है तो यह गंभीर विषय है हम पूरे मामले की जांच करायेगें। यदि जीआरएस दोषी पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**संजना जैन आईएएस सीईओ जिला पंचायत सतना**



जीआरएस द्वारा भवन निर्माण स्वीकृति जारी करने का मामला संज्ञान में आया है उक्त मामले की जांच के लिए पीसीओ अशोक द्विवेदी को जिम्मा सौपा गया है। उन्हे तीन दिन के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**प्रतिपाल बागरी सीईओ जनपद पंचायत सोहावल**

### 13 लाख 58 हजार वसूली की जारी हो चुकी नोटिस

रोजगार सहायक अनिल दुबे के कारनामे यहीं पर नही थम रहे बताया जाता है कि जनपद सीईओ सोहावल ने अनिल दुबे के विरूद्ध विभिन्न कार्यो को लेकर 13 लाख 58 हजार रूपये वसूल करने का नोटिस जारी किया था। उल्लेखनीय है कि रोजगार सहायक अनिल दुबे जुलाई 2017 से दिसम्बर 2022 तक वित्तीय प्रभार पर थे जिसके चलते उन्होने भारी पैमाने पर सरकारी राशि का दुरूपयोग किया। जनपद सीईओ ने शेरगंज में आंगनवाडी भवन निर्माण में 6 लाख रूपये की वसूली निर्धारित की और लिखा यहां पर कार्यवाही नही पाया गया इसी प्रकार पीसीसी रोड एवं नाली निर्माण में दो लाख 95 हजार यहां पर भी मौके पर काम नही मिला सामुदायिक स्वच्छता परिसर में तीन लाख 13 हजार रूपये और नाडेप निर्माण कार्य में डेढ लाख रूपये की वसूली निर्धारित की गई थी। यह आदेश जनपद सीईओ ने मार्च 2025 में जारी किये थे मगर सूत्र तो यह भी बताते हे कि अभी तक उक्त राशि जनपद सीईओ इस जीआरएस से वसूल नही कर पाये।

### आनलाईन करने के नाम पर लिये गये तीन हजार

फरियादी रमाकान्त मिश्रा ने जिला पंचायत सीईओ से शिकायत करते हुये बताया कि भवन निर्माण के लिए चाही गई अनुमति प्रमाण पत्र फर्जी दस्तावेज बनाकर दिये गये। उक्त जीआरएस ने पुनः आनलाईन बनाकर देने के लिए तीन हजार रूपये दुबारा लिये गये लेकिन इसके बाद भी अनुमति प्राप्त नही हुई तीसरी बार फरियादी ने फिरसे सरपंच के पास आवेदन प्रस्तुत किया है। जिला पंचायत सीईओ से शिकायत करते हुये जीआरएस अनिल दुबे के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग भी की है।

# तलवार लहराने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जागरण सतना।** तलवार लेकर घूमने एवं लोगो को डराने धमकाने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने गिरफ्तार कर लिया है यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

### ये है मामला

पुलिस ने बताया कि आरोपी अभिलाष सिंह उर्फ अब्बू ने अभिनय कुमार शुक्ला के साथ गली गलौच कर तलवार से मारने का भय दिखाकर गुंडई की थी। उसकी तलाश पूर्व से ही की जा रही थी मगर वह हाथ नही लग रहा था। 17 जून को मुखबीर से सूचना मिली थी कि खूंथी गली नं 2 में अभिलाष सिंह गहरवार उर्फ अब्बू अपने घर के पास हाथ में तलवार लिये आसपास आने जाने लोगो डरा धमका रहा है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुये आरोपी अभिलाष सिंह को गिरफ्तार कर लिया वह लोहे की धारदार तलवार एक हाथ में लहराते हुये व दूसरे हाथ में तलवार की म्यान लिये पकड़ा गया है। आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक हजार रूपये कीमत की तलवार व म्यान जप्त की गई है आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## विद्युत उपभोक्ताओं के शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर आज

**सतना।** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम एवं कार्यपालन अभियंता संचा/संधा वि.वि.कं.लि. ने जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा विद्युत वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर आदि से संबंधित शिकायतें की गई हों, और उनका निराकरण लंबित हो। ऐसे उपभोक्ता 18 जून को दोपहर 12 बजे से 4 बजे के मध्य कार्यालय अधीक्षण अभियंता के सभाकक्ष में उपस्थित होकर लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु अपना अभ्यावेदन 3 प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# बिहार से आकर सतना में युवक की कर दी हत्या

### प्रेम प्रसंग का मामला, कोलगवां टीआई ने अंधी हत्या का किया खुलासा



**जागरण सतना।** बिहार से आकर सतना जिले में हत्या करने वाले आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर बडी सफलता हासिल की है। हालांकि पूरे घटना क्रम का मास्टर माइंड अभी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। यह पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुडा हुआ है। यह पूरी कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश, एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

### परीक्षा केन्द्र के बाहर से ही उठा ले गये

घटना क्रम का खुलासा करते हुये पुलिस ने बताया कि बिहार के मधेपुरा लौआलगान निवासी पवन कुमार सिंह पिता मानिक लाल सिंह उम्र 34 साल अपने दोस्त के साथ डीएलएड की परीक्षा देने सतना आया था। 11 जून को एमएलबी स्थित परीक्षा केन्द्र वह नही पहुचा जिसके चलते उसके दोस्त ने सिटी कोतवाली में गुमसुदगी दर्ज कराई थी बताया जाता है कि घटना क्रम के आरोपी वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीरू और राजीव उर्फ राजेश सिंह ने उसे परीक्षा केन्द्र के बाहर से ही पकड कर आटो से खम्हरिया पयासियान लेजाकर उसके दोनो पैर गमछे से बांधकर सिरमें पत्थर पटकर हत्या कर बिहार वापस भाग गये। पुलिस ने बिहार स्थित उनके घर में दबिश देकर एक आरोपी वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीरू पिता स्व. चन्द्रदेव सिंह उम्र 40 साल निवासी लौआलगान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है जबकि राजीव उर्फ राजेश सिंह उम्र 39 साल निवासी लौआलगान अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

### ये है हत्या की वजह


पुलिस ने बताया कि मृतक पवन कुमार सिंह का शव खम्हरिया पयासियान स्थित नहर किनार खून से लथपथ पाया गया था पकडे गये आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक पवन कुमार आरोपी राजीव उर्फ राजेश सिंह की पत्नि को लगभग दो साल पहले अपने साथ भगाकर ले गया और विवाह कर अपने साथ बंग्लौर में रखे था इसी बात को लेकर राजेश सिंह पवन कुमार की हत्या के फिराक में था उसे जैसे ही भनक लगी कि पवन कुमार सतना आया है। वह अपने साथी वीरेन्द्र सिंह के साथ सतना पहुचकर पवन कुमार सिंह को मौत के घाट उतारकर वापस बिहार भाग गया था।

# युवा संगम मेला आज शासकीय आईटीआई सतना में

**सतना।** जिला प्रशासन, शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सतना जिले में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सतना जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर में 18 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में चैतन्य फायनेंस, संजीव मोटर्स आमधने प्राइवेट लिमिटेड, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, प्राकृतशील एग्रोटेक, इंनफिनिटी कैरियर सोल्यूशन, देवा इंटरप्राइजेज, मदरशन सूमि, गोकलदास एक्सपोर्टस लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटी सर्विस, एसजी सेवा संस्थान, लावा मोबाइल, शैडोफॉक्स लोजीस्टीक्स सोल्यूशन, रवीवा वर्क फोर्स प्राइवेट लिमिटेड तथा एलटी कन्स्ट्रक्शन पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।















## तीर्थयात्रियों के आस्था का केन्द्र मंदाकिनी: गणेश सिंह



**सतना।** दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के मां मंदाकिनी एवं पैसुनी नदी को पुनर्जीवन देने का अभियान 17 जुन से शुरू किया गया है जो 19 जून तक चलेगा। मंगलवार को पैसुनी नदी के उद्गम स्थल से लेकर निकाली गई यात्रा में सांसद गणेश सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट से होकर बहने वाली मां मंदाकिनी नदी एक पौराणिक नदी है जिसका उद्गम स्थल सतीअनुसुया आश्रम चित्रकूट है। मां मंदाकिनी नदी का निर्मल प्रवाह चित्रकूट मप्र से होकर जनपद चित्रकूट उप्र के सरधुवा ग्राम के पास यमुना नदी में मिलता है। यह नदी तीर्थयात्रियों के लिए आस्था का केंद्र होने के साथ.साथ यह चित्रकूट की जीवनरेखा भी है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि कई स्थानों में दिव्यता और भव्यता दोनों देखने को मिलीए सबरी जलप्रपात कुंड में प्राकृतिक सौन्दर्यता का अद्भुत चित्रण मौजूद है।

## आयुश विभाग के 7 कर्मचारियों का तबादला

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिकारियों-कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति 2025 के तहत प्रभारी मंत्री सतना कैलाश विजयवर्गीय एवं कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस के अनुमोदन उपरांत आयुष विभाग के 7 कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक/स्वैच्छिक रूप से जिले के अंदर किया गया है। जिनमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा वर्मा को शासकीय आयुष औषधालय चोरबरी से बरहना, औषधि सेवक बालकृष्ण शुक्ला को शासकीय आयुष औषधालय मुडहा से भटनवारा, पुष्पराज काछी को शासकीय आयुष औषधालय रीछुल से रहिकवारा, अशोक कुमार तिवारी को शासकीय होम्यो औषधालय भटनवारा से सतना, शीलू सिंह राजपूत को शासकीय आयुष औषधालय दुरेहा से पतौरा, प्रदीप कुमार वर्मा को शासकीय आयुष औषधालय रहिकवारा से रीछुल तथा औषधि सेवक शिवप्रसाद गुप्ता को शासकीय आयुष औषधालय पतौरा से किटहा के लिए स्थानांतरित किया गया है।













जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com